हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 23.05.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 298 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# प्रधानमंत्री ने झारखंड के तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झारखंड के तीन अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। ये स्टेशन अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए गए हैं, जिनमें खूंटी जिले का गोविंदपुर रोड स्टेशन, साहिबगंज का राजमहल स्टेशन और देवघर का शंकरपुर स्टेशन शामिल हैं। गोविंदपुर रोड स्टेशन को 6.65 करोड़ रुपये, राजमहल स्टेशन को 7.03 करोड़ रुपये और शंकरपुर स्टेशन को 7.7 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। विशेष रूप से शंकरपुर स्टेशन को देवघर एम्स के निकटतम रेलवे कनेक्शन के रूप में तैयार किया गया है, जिससे चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच और आसान होगी।

### गोविंदपुर रोड स्टेशन : तीन बड़े शहरों को जोड़ने वाला प्रमुख केंद्र

हटिया-राउरकेला रेलखंड पर स्थित गोविंदपुर रोड स्टेशन, रांची, खूंटी और राउरकेला जैसे महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ता है। फिलहाल इस स्टेशन से तीन एक्सप्रेस और दो पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं, जिनमें जम्मूतवी-संबलपुर, एलेप्पी-धनबाद, तपस्विनी एक्सप्रेस और हटिया-राउरकेला, हटिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। स्टेशन को अब चार लाइनों, नई स्टेशन बिल्डिंग, विस्तृत प्रतीक्षालय,





उन्नत टिकट काउंटर, ऊंचे प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेड, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, रैंप और बेहतर प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। गोविन्दपुर रोड अमृत रेलवे स्टेशन के ऑनलाइन उद्घाटन में राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सुदीप गुड़िया, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, डीआरएम जीएस बिंद्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राजमहल स्टेशनः एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से युक्त नया स्वरूप

पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में स्थित राजमहल रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से आधुनिक रूप दिया गया है। स्टेशन की नई इमारत को आकर्षक डिजाइन और रोशनी से सजाया गया है। प्लेटफॉर्म को बढ़ाकर अब लंबी ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की गई है। यात्रियों के लिए पैदल चलने के रास्तों को आसान बनाया गया है। प्रतीक्षालयों का नवीनीकरण कर उन्हें अधिक आरामदायक बनाया गया है, जिनमें प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, महिला और एग्जीक्यूटिव लाउंज शामिल हैं। दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप और विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है। स्टेशन परिसर में इनडोर वीडियो वॉल, आकर्षक साइनेज और मूर्तियां लगाई गई हैं, जिससे यात्रियों का अनुभव और भी बेहतर हो सके।

### शंकरपुर स्टेशन : एम्स देवघर के लिए नई रेल सुविधा

शंकरपुर स्टेशन, जो जसीडीह-मधुपुर रेलखंड पर स्थित है, को देवघर एम्स के निकटतम रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। अमृत भारत योजना के अंतर्गत इसका आधुनिकीकरण किया गया है। यहां अब यात्री शेड, डिजिटल टाइमटेबल के लिए लाइटेड साइनेज, सुविधायुक्त प्लेटफॉर्म, अंडरपास, आधुनिक टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल, पार्किंग सुविधा और नवीनीकृत फुट ओवरब्रिज उपलब्ध हैं। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्य के परिवहन एवं भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि पूरा देश 75वें वर्ष में अमृत महोत्सव मना रहा हे। इसी के तहत देश कें 103 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया गया है।

# आउटसोर्स कर्मियों को बड़ी राहत, 5 साल की सेवा और 4 लाख का इंश्योरेंस मंजूर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कुल 10 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। इनमें झारखंड में आउटसोर्स पर काम कर रहे कर्मियों के लिए झारखंड मैनपॉवर आउटसोर्सिंग को रेगुलेशन को स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें अब किसी भी कर्मी को कम से कम 5 साल के लिए आउटसोर्स पर रखा जाएगा। फिर उसे 3 साल का एक्सटेंशन मिल सकेगा। उसे प्रति वर्ष तीन फीसदी का इंक्रीमेंट मिलेगा। सर्विस प्रोवाइडर को न्यूनतम वेतन देना होगा। वेतन निर्धारण के लिए अलग से कमेटी का गठन किया जाएगा। आरक्षण का अनुपालन किया जाएगा। जैप आईटी में एक गिरिवांस सेल का भी गठन किया जाएगा। आउटसोर्स कर्मियों को 400000 तक का एक्सीडेंटल ग्रुप इंश्योरेंस भी होगा।

एक अन्य फैसले में झारखंड में संचालित गैर सरकारी मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय मदरसा और संस्कृत विद्यालय के नवमी एवं दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ पुस्तक एवं कॉपी दिया जाएगा। इस पर प्रतिवर्ष 4.84 करोड रुपये खर्च होंगे। 41755 छात्र-छात्रा लाभान्वित होंगे।

दूसरे फैसले में सरकारी विद्यालय के नवमी से 12वीं तक के छात्रों को साइंस का पत्रिका दिया जाएगा। इसी तरह सरकारी विद्यालयों के 11वीं 12वीं कक्षा के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मासिक पत्रिका मिलेगा। राज्य सरकार ने झारखंड में जल संरक्षण आयोग के गठन का फैसला किया है। आयोग का कार्यकाल 2 वर्ष होगा विकास आयुक्त इसके अध्यक्ष विभागीय सचिव आयोग के सदस्य सचिव होंगे इसके अलावा आयोग में अन्य तकनीकी सदस्य भी होंगे।

### मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय :-

- झारखण्ड राज्य के समेकित विकास हेतु राज्य में स्थित रिभर बेसिनों में जल की अद्यतन उपलब्धता, विकास, इसके बहुआयामी उपयोग तथा कुशल प्रबंधन हेतु प्रथम झारखण्ड राज्य जल संसाधन आयोग के गठन प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।
- राजीव रंजन चौबे, निम्न वर्गीय लिपिक, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, बुण्डू, राँची एवं अफजल हसनैन हक्की, निम्नवर्गीय लिपिक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय, राँची की सेवा क्षेत्रीय संवर्ग से झारखण्ड सचिवालय लिपिकीय सेवा संवर्ग में परिवर्तित्त करते हुए निम्न वर्गीय लिपिक सम्प्रति कनीय सचिवालय सहायक के पद के विरूद्ध समायोजन करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड वरीय न्यायिक सेवा (भर्ती, नियुक्ति एवं सेवाशर्तें) नियमावली, 2001 के नियम 4(ए) में उल्लिखित प्रावधान तथा झारखण्ड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में, झारखण्ड वरीय न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीश के पद पर विकेश को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त किये जाने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य योजना अन्तर्गत चतरा जिला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ईटखोरी के भवन निर्माण की योजना में गबन की गई राशि का उपायुक्त, चतरा द्वारा वसूली कर राजकोष में जमा करने की प्रत्याशा में गबन की राशि के समतुल्य राशि 22,07, 722/- रुपये पुनः आवंटित करने की स्वीकृति दी गई।
- भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के झारखण्ड में एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली पर प्रतिवेदन (झारखण्ड सरकार, वर्ष 2025 का प्रतिवेदन सं0-1) को झारखण्ड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड उच्च न्यायालय अन्तर्गत दायर वाद संख्या- WPS No. 3329/2022, राम विलास सिंह बनाम झारखण्ड सरकार एवं अन्य के क्रम में राम विलास सिंह, सेवानिवृत्त पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं देय ACP/MACP का लाभ प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई।
- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष की राज्य वित्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को झारखण्ड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गई।

## हेमन्त सोरेन ने किया 520 बेड वाले छात्रावास का भूमि पूजन

# आप पढ़ाई पर ध्यान दें, आपकी समस्याओं का समाधान सरकार करेगी : मुख्यमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कहा कि राज्य के छात्र-छात्राओं का भविष्य सुनिश्चित हो, यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल करें, इसके लिए उन्हें जो भी संसाधन की जरूरत होगी, वह राज्य सरकार मुहैया कराएगी । स्कूल और कॉलेज की शिक्षा में नया आयाम जोड़ने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सोरेन आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर, करमटोली, रांची में 520 शैय्या वाले अनुसूचित जनजाति बहुमंजिली छात्रावास निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

### हमारी परिकल्पना को अब मिल रहा मूर्त रूप

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का सरकार ने निर्णय लिया है। इसी कड़ी में आदिवासी छात्रावास परिसर, करमटोली, रांची में बहुमंजिली छात्रावास निर्माण की हमारी परिकल्पना भूमि पूजन के साथ साकार हो रही है। लेकिन, उस दिन हमें और भी खुशी होगी, जब सभी आवश्यक सुविधाओं से सम्पन्न यह छात्रावास पूरी तरह बनकर तैयार होगा और राज्य के अलग-अलग हिस्सों से अपने भविष्य को संवारने का सपना लेकर आने वाले गरीब



आदिवासी बच्चे यहां रहने लगेंगे।

### आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें, सरकार आपकी चिंता दूर करेगी

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें, उनकी जो भी समस्याएं और चिंताएं होगी, उसे सरकार दूर करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में विद्यार्थियों को अब अपने घर से चावल, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लाने की जरूरत नहीं होगी । उन्हें सरकार की ओर से तीनों वक्त का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यहां रसोईया और चौकीदार भी होंगे। वहीं, विद्यार्थियों के पठन- पाठन से संबंधित जरूरी संसाधन की भी व्यवस्था होगी।

### यहां के बच्चे आगे बढ़े सरकार कर रही पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को सरकार हर स्तर से सहयोग कर रही है। यहां के गरीब बच्चों को इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे कोर्सेज करने में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से बिना किसी गारंटी के 15 लाख रुपए तक का किफायती ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां के बच्चे सिविल सर्विसेज जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करें, इसके लिए उन्हें कोचिंग के साथ अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### स्कूल कॉलेजों में जोड़े जा रहे हैं नए आयाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्कूल- कॉलेजों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। यहां जो कमियां थी, उसे दूर कर रहे हैं। आज हमारे सरकारी स्कूल और कॉलेज कई मायनों में निजी शैक्षणिक संस्थानों से बेहतर साबित हो रहे हैं।

## एक नजर

### राहुल गांधी कल जा सकते हैं पुंछ


**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ का दौरा कर सकते हैं जहां वह पाकिस्तान की गोलाबारी एवं ड्रोन हमलों से प्रभावित परिवारों और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, राहुल गांधी का 24 मई को पुंछ पहुंचने का कार्यक्रम है। वह पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों और अन्य प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे। भारत-पाकिस्तान के बीच आठ से 10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान पुंछ समेत जम्मू क्षेत्र में भारी गोलाबारी और ड्रोन हमले हुए, जिनमें 27 लोग मारे गए और 70 लोग घायल हो गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद 25 अप्रैल को कश्मीर का दौरा किया था।

# वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला, सिब्बल ने दी 'ईश्वर' और 'दान' वाली दलील

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ गुरुवार को अंतरिम आदेश की याचिका पर विचार करेगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कल की सुनवाई में दलील दी कि सरकार 140 करोड़ नागरिकों की संपत्ति की संरक्षक है और यह सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है कि सार्वजनिक संपत्ति का अवैध रूप से दुरुपयोग न हो।

मेहता ने कहा, एक झूठी कहानी गढ़ी जा रही है कि उन्हें दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे, अन्यथा वक्फ पर सामूहिक रूप से कब्जा कर लिया जाएगा। एसजी मेहता ने कल पीठ से तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने को कहा: अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित



संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति; राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना; जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। 22 मई, गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई शुरू होगी। सरकार की ओर से पेश एसजी मेहता ने अपनी दलीलें शुरू कीं।

एसजी मेहता का तर्क है कि चूंकि संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि आदिवासी मुसलमानों की एक अलग सांस्कृतिक पहचान है, इसलिए इसका अर्थ है कि उनकी भूमि का वक्फ दर्जा खत्म कर दिया जाएगा। जस्टिस ए.जी. मसीह कहते हैं, ﷺयह सही नहीं लगता। इस्लाम तो इस्लाम है! धर्म वही है...आपने जो कहा, किसी ने गलत बयानी करके जमीन ले ली और वह अवैध है, वह अपने आप खत्म हो जाएगी। एसजी मेहता ने कहा कि 2013 के वक्फ अधिनियम की अब हटा दी गई धारा 104 गैर-मुसलमानों को वक्फ को दान देने से वंचित नहीं करती थी, बल्कि उन्हें वक्फ बनाने की अनुमति देती थी, जिससे दुरुपयोग का रास्ता खुल जाता था। हालांकि, न्यायमूर्ति मसीह कहते हैं, इसमें कहा गया है कि कोई भी अचल संपत्ति दान नहीं की जा सकती, तो यह आपको कैसे कवर करता है?

एसजी मेहता का तर्क है कि दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रतिबंध महत्वपूर्ण हैं, और उन्होंने वक्फ नियमों और आदिवासी भूमि पर मौजूदा सुरक्षा के बीच समानता बताई। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे नियमों के अभाव में कोई भी व्यक्ति मुतवल्ली (वक्फ संपत्ति का प्रबंधक) बन सकता है और अपने लाभ के लिए वक्फ का उपयोग कर सकता है। सिब्बल ने कहा कि वक्फ करना इस्लाम का अभिन्न अंग है। इस्लाम के पांच सिद्धांतों में अल्लाह पर ईमान, नमाज, रोजा, हज और जकात यानी दान हैं। यही वक्फ के जरिए होता है परलोक सुधारने के लिए अल्लाह के नाम पर दान।

एसजी मेहता ने उल्लेख किया कि किसी भी आदिवासी समूह या व्यक्ति ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती नहीं दी है। हालांकि, सीनियर एडवोकेट हुजेफा अहमदी का कहना है कि कुछ याचिकाएं वास्तव में कानून का समर्थन करती हैं। यदि एक व्यक्ति को यह पसंद नहीं है, तो वह पूरे समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा है।

# किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद



एजेंसी

**किश्तवाड़ :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चटरू के सिंहपोरा इलाके में में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने गोलीबारी के बाद तीन से चार आतंकियों को घेर लिया। गोलीबारी में एक जवान बलिदान हो गया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अन्य घायल सैनिकों का उपचार उधमपुर सेना अस्पताल में किया जा रहा है। किश्तवाड़ आतंकी मुठभेड़ में शहीद सैनिक की पहचान सिपाही गायकवाड़ संदीप पांडुरंग निवासी करानाडी तहसील अकोला जिला अहमदनगर महाराष्ट्र के रूप में हुई है। न्यूज के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली कि चटरू के सिंहपोरा इलाके में आतंकी छिपे हैं। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। किश्तवाड़ के सब डिवीजन चटरू के सिंहपोरा इलाके में मुठभेड़ हुई। आतंकियों की संख्या तीन से चार है। पहलगाम घटना के पहले यहां इसी क्षेत्र में तीन आतंकियों को मार गिराया गया था।

## एक नजर

### प्रतिबंधित वन्य जीव अभ्यारण से खुलेआम तोड़ी जा रही बीड़ी पता



**चौपारण :** गौतम बुद्ध वन्य जीव अभ्यारण्य अंतर्गत प्रखण्ड के ग्राम अहरी, नावाडीह, पुरणी अहरी, सिलोदर, केंदवाही, गरमोरवा, पथलगड़वा, बुकाड, ढोढ़ीया, दुरागढा, मोरेनिया, तेतरिया सहित अन्य जंगली क्षेत्रों से खुलेआम बड़े पैमाने पर बीड़ी पता तोड़ी जा रही है। गौतम बुद्ध वन्य जीव अभ्यारण्य के प्रभारी वन पाल छत्रपति शिवाजी को उनके जंगल क्षेत्र से बीड़ी पता धड़ल्ले से तोड़े जाने की सूचना भी दी गई, पर अबतक बीड़ी पता तुड़ाई पर लगाम लगाने के लिए कोई बड़ी कारवाई नहीं की गई। जिससे तस्करों का मनोबल और बढ़ गया है और प्रतिबंधित वन क्षेत्र को खुलेआम नष्ट किया जा रहा है। सूरज की किरणें निकलने से पहले ही मजदूर जंगलों में बीड़ी पता तोड़ने के लिए प्रवेश कर जाते हैं। सूचना के अनुसार प्रतिबंधित वन क्षेत्र से बीड़ी पता तोड़वाने व जंगलों के दोहन में दनुवा के दो तस्करों के अलावे गरमोरवा, पथलगड़वा, बुकाड के भी कुछ तस्करों का नाम आ रहा हैं।

### अवेडा रूप से बिजली जलाने पर छापामारी, 12 लोग के खिलाफ मामला दर्ज

**जयनगर :** क्षेत्र में बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत चोरी करते पाए गए 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दिया गया। मौके पर मानव बल कर्मी पवन कुमार, सौरभ कुमार,राजेश बेलदार आदि मौजूद थे।

### पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पशु टीकाकरण को लेकर की बैठक



**मरकच्चो :** प्रखंड मरकच्चो में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के द्वारा प्रखंड सभागार में केंद्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत FMD,LSD एवं LH&DCP बीमारी की रोक थाम के लिए बैठक बुलाया गया ।इसके तहत दिनांक 19/05/2025 से 18/07/2025 तक रोस्टर के अनुसार प्रखंड के सभी गांवो में पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा ।इस संबंध में सभी पंचायत सचिव,जनसेवक, जन प्रतिनिधि को उक्त टीकाकरण हेतु अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने को कहा गया एवं ज्यादा से ज्यादा पशुओं को टीकाकरण लगवाने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में प्रखंड प्रमुख विजय सिंह ने बताया कि इस टीकाकरण से हमारे पशु सुरक्षित रहेंगे।

### विधायक ने पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

**जयनगर :** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में विधायक अमित कुमार यादव ने पांच योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान लगभग 15 लाख रुपए की लागत से गडगी शिव मंदिर फ.ए.ड रोड से बारा टोली बहादुर यादव घर तक ढ.उ.उ पथ निर्माण, लगभग 5 लाख की लागत से गडगी आंगनवाड़ी केंद्र गडगी परसाबाद 2 का सुदृढ़ीकरण, लगभग 30 लाख की लागत से पंचायत कटिया अखरा चौक से सहदेव राणा घर तक ढ.उ.उ पथ निर्माण, लगभग 5 लाख की लागत से ग्राम अंम्बाडीह पंचायत तेतरौन में फ.ए.0 रोड से अंम्बाडीह गांव तक ढ.उ.उ पथ निर्माण वही लगभग 15 लाख की लागत से फ्ए्ड रोड पावर हाउस से बागोडीह अधूरा पीसीसी रोड तक का शिलान्यास नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया।

# जिले में हो रही अत्यधिक वर्षा और वज्रपात से सचेत रहने को लेकर प्रशासन ने की अपील

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले में हो रही अत्यधिक वर्षा और वज्रपात से सावधानियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय ने आम जनमानस को सचेत रहने की अपील की है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं,विशेषकर हजारीबाग जैसे वज्रपात-संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए सामान्य सावधानियां। मौसम की जानकारी : घरों से बाहर निकलते वक्त स्थानीय रेडियो, टीवी और मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम के पूवार्नुमान और चेतावनियों से अपडेट रहें। घर में रहें : अत्यधिक वर्षा के दौरान अनावश्यक रूप से



घर से बाहर न निकलें। अगर संभव हो तो यात्रा रद्द कर दें। सुरक्षित स्थान : यदि आप घर से बाहर हैं और वज्रपात हो रही हो तो जल्द से जल्द किसी पक्के मकान या सुरक्षित स्थान पर शरण लें। टिन या धातु की छत वाले मकानों से बचें, क्योंकि धातु बिजली को आकर्षित करता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से दूरी भारी बारिश और वज्रपात के समय बिजली के उपकरणों को अनप्लग कर दें और उनसे दूर रहें। मोबाइल फोन का उपयोग कम करें, खासकर खुले में या बालकनी में। धातु की वस्तुओं से बचें: धातु से बनी वस्तुओं, जैसे कृषि उपकरण, साइकिल, मोटरसाइकिल, या अन्य वाहन से दूर रहें। बिजली के खंभे और तार की बाड़ से भी बचें। पानी से दूर रहें: तालाब, जलाशयों, स्वीमिंग पूल और बहते पानी से दूर रहें। पानी बिजली का सुचालक होता है। बच्चों और पालतू जानवरों की सुरक्षा: बच्चों और पालतू जानवरों को घर के अंदर रखें। आपातकालीन किट: आपातकालीन किट तैयार रखें जिसमें फर्स्ट-एड किट, पानी, टॉर्च और बैटरी जैसी आवश्यक चीजें हों। वज्रपात से बचाव के लिए विशेष निदेर्श: खुले स्थान पर होने के दौरान पर जितनी जल्दी हो सके किसी पक्के मकान में शरण लें। यदि कोई आश्रय न मिले तो जमीन पर न लेटें। अपने दोनों पैरों को आपस में सटाकर, हाथों को घुटनों पर रखकर और सिर को घुटनों के बीच में झुका लें। सिर को जमीन से न सटाएं। पेड़ों के नीचे खड़े न हों खासकर ऊंचे पेड़ों के नीचे, क्योंकि बिजली पेड़ों को आकर्षित करती है। छोटे और घने पेड़ों के नीचे शरण ले सकते हैं, लेकिन पैरों के नीचे सूखी वस्तुएं रखें।

## बिहारी बालिका विद्यालय में छात्राओं के बीच स्कूल बैग का हुआ वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के मालवीय मार्ग स्थित बाड़म बाजार के बिहारी कन्या मध्य विद्यालय में कुल 170 छात्राओं के बीच स्कूल बैग का वितरण किया गया बैग वितरण के दौरान छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए एस एम सी अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने कहा कि सरकार के द्वारा समय समय पर दी जाने वाली शैक्षणिक सामग्री आपका मनोबल बढ़ाने के लिए है आप मन लगा कर पढ़ें और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। छात्राओं को संबोधित करते हुए आगे उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियों ने हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में आप सबों के बीच से कोई सेना की अधिकारी बनेगी तो कोई डॉक्टर इंजीनियर बनेगी और अपने परिवार , समाज राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे । बैग वितरण के दौरान डॉ प्रभात कुमार प्रधान अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, अर्चना कुमारी प्रधानाध्यापिका, सुरेंद्र कुमार सीआरपी, गीतिका सिन्हा, श्वेता भारती, नेहा निवेदिता, सोनी देवी, सुमन कुमारी,नमिता देवी, स्वीटी कुमारी एसएमसी सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड सभागार में हुआ सम्मान समारोह अधिकारियों व कर्मियों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के उपलक्ष्य में चौपारण प्रखण्ड सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नितेश भाष्कर ने की। कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, चिकित्सा प्रभारी सतीश कुमार सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विराज रविदास ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मनरेगा के



बीपीओ संतोष कुमार, जेई अफरोज अंसारी, जय नारायण, मो० सेराज, रंजीत राज पासवान, अभिषेक ओझा, अनिल राणा, मनोज रजक, बीटीएम शंभु प्रसाद, एटीएम राजेश कुमार, अखलाक अंसारी, नीरज सिंह, सुदामा कुमार सिंह, अनुसेवक उमेश प्रसाद मेहता, महेंद्र चंद्रवंशी, केदार साव, शैलेन्द्र पासवान, सुप्रिया कुमारी, अनुरागिनी कुमारी, राधा कांत मेहता, धनंजय कुमार तिवारी, सकलदेव साव, संतोष गुप्ता, विजय सोनी, गौरव पांडेय, आनंद कुमार सिंह, अशोक कुमार, विवेक कुमार, बिपुल सिन्हा, संदीप कुमार और दीपक मेहता सहित अनेक कर्मी शामिल थे। इस अवसर पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नितेश भाष्कर ने कहा यह सम्मान उन सभी कर्मियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने निर्वाचन कार्य में निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ योगदान दिया। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी भूमिका अतुलनीय है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने भी अपने वक्तव्य में कहा चौपारण, जिला का सबसे बड़ा प्रखण्ड होने के साथ-साथ यह इलाका कई संवेदनशील क्षेत्रों से भी घिरा हुआ है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में PC&PNDT के तहत जिला सलाहकार समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उपायुक्त-सह-जिला समुचित प्राधिकार, कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में PC&PNDT के अन्तर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दो नये अल्ट्रासाउन्ड केन्द्र के निबंधन आवेदन, एक अल्ट्रासाउन्ड का स्थल परिवर्तत, एक अल्ट्रासाउन्ड केन्द्र का नवीकरण पर चर्चा की गई। तत्काल किसी भी नये अल्ट्रासाउन्ड केन्द्र के निबंधन की स्वीकृति नहीं दी गई। एक अल्ट्रासाउन्ड में एक अतिरिक्त चिकित्सक को अनुमति प्रदान की गई। बैठक में विगत दिनों PC&PNDT के तहत जिलास्तरीय टास्कफोर्स के द्वारा लिंग परीक्षण किये जाने की सूचना पर निकटवर्ती जिले एवं निकटवर्ती राज्य में किये गये डिकॉय ऑपरेशन की जानकारी दी गई । बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में गिरते लिंगानुपात को देखते हुए कुछ एनजीओ के माध्यम से लोगों को गिरते लिंगानुपात के प्रभाव के संबंध में जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया । बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय टास्कफोर्स के द्वारा आगामी तीन महीनों तक औचक डिकॉय ऑपरेशन कोडरमा जिला, निकटवर्ती जिला एवं निकटवर्ती राज्य में जारी रहेगी । बैठक में चर्चा के दौरान पाया गया कि डिकॉय ऑपरेशन में गिरफ्तार होने वाले लोगों को कठोर सजा दिलाने के लिए पुलिस के साथ समन्वय बनाया जायेगा ताकि ऐसे लोग जेल से बाहर नहीं आ पायें। बैठक में जिलेवासियों से अपील करने का भी निर्णय लिया गया कि लिंग जॉच के संबंध में प्रशासन को सूचना देने के लिए टॉल फ्री नंबर जारी किया जाय जिस पर कोई भी व्यक्ति अपना पहचान गोपनीय रखने के शर्त पर लिंग जाँच एवं भ्रूणहत्या की जानकारी दे पायेंगें जिसके बिना पर जिलास्तरीय टास्कफोर्स के द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार के मार्गदर्शन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा छठ तालाब आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। छात्राओं ने झाड़ू लगाया गया तथा कचरा उठाया और स्वच्छता के महत्व पर आधारित नारे भी लगाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ भविष्य की संकल्पना को साकार करना था। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और स्वच्छता की नियमित आदत डालने पर बल दिया। कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि "छात्राओं में यदि स्वच्छता की भावना विकसित हो जाए, तो वे आने वाले समाज की दिशा बदल सकती हैं। मौके पर बटालियन की सूबेदार मेजर अरविंद कुमार, सूबेदार चंद्रहास, सुनील खाल, बीके वर्मा केयरटेकर ऑफिसर खुशबू कुमारी स्वच्छता अभियान में शामिल रहे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत और इससे अधिक प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और कहा कि परीक्षा का यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जबकि प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और जीवन में कभी भी हार ना मानने की सीख दी। उन्होंने बच्चों को भविष्य में इससे भी बेहतर अंक




लाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों और अभिभावकों ने भी अपने विचार रखे और कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में शिक्षा का बहुत अच्छा माहौल है। बच्चों के साथ विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का सहयोगात्मक रवैया बच्चों को अच्छा करने के लिए हमेशा प्रेरित करता है। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के दसवीं की परीक्षा में आनंदित कुमारी स्कूल टॉपर रही। जबकि सृष्टि मिश्रा और उज्जवल शर्मा दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अनुकल्प कुमार, आर्ची कुमारी, सौम्या कुमारी, आदित्य राज, राजा बाबू गौतम और शिवम कुमार ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया। जबकि 12वीं की परीक्षा में श्रेष्ठ कुमार, अंशिका सिंह, समृद्धि जायसवाल, साकेत कुमार और आदर्श नितेश चंद्रा ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपने माता-पिता और विद्यालय का मान बढ़ाया। इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी, मोमेंटो और उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर शगुफ्ता परवीन, सत्येंद्र कुमार सिंह, चंदन पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों की सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### विभावि एलुमनाई एसोसिएशन ने कुलपति प्रो चन्द्रा भुषण शर्मा से मुलाकात की



**हजारीबाग :** विनोवा भावे विश्वविद्यालय के नये कुलपति प्रो चन्द्रा भुषण शर्मा से एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यो ने गुरुवार को बुके और पौधा देकर स्वागत किया। विभावि एलुमनाई एसोसिएशन ने कुलपति प्रो चन्द्रा भुषण शर्मा से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। आज कुलपति सर ने कहा कि एलुमनाई एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। विभिन्न समस्याओ को लेकर बातचीत की जाएगी। कुलपति ने सभी मुद्दों को लेकर चर्चा के लिए आप लोग बुलाया जाएगा। मुलाकात करने वालो मे अध्यक्ष डॉ मंसूर आलम फाखरी, सचिव डॉ सनी कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष डॉ प्रभात प्रधान, डा कुमारी भारती, डॉ समीर कुमार,अरूण कुमार, आएशा फातमा, बिलाल अहमद, मो फजल,तथा अन्य लोग मौजूद थे।

### बीओआई सिंदूर शाखा के नए परिसर का हुआ उद्घाटन



**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया, सिंदूर शाखा के नए परिसर का उद्घाटन आज दिनांक 21.05.2025 को बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबंधक, रांची गुरु प्रसाद गोंड, हजारीबाग अंचल के आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार के हाथों किया गया। हजारीबाग अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण डागरा साथ ही हजारीबाग जिला के अग्रणी जिला प्रबंधक किशोर कुमार तथा सम्मानित जन प्रतिनिधि गण, ग्राहक बंधु विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंदूर शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने किया। इस कार्यक्रम मैं सिंदूर शाखा के अधिकारी हिमांशु शेखर, अंकित सिन्हा, अनुज कुमार सिंह, कुमारी मोनिका, अब्राहम लिंडा, सोनू, अंकित तथा शाखा से जुड़े सभी बीसी का कार्यकम को सफल बनाने मैं अहम रोल रहा ।

### वसूली में गए बिजली विभाग के अधिकारियों साथ मारपीट, मामला पहुंचा थाना

**चौपारण :** झारखण्ड उर्जा विकास निगम लिमिटेड, रांची के ज्ञापंक 138 / एपिटी के आलोक में विद्युत विभाग के द्वारा छापामारी दल का गठन कर प्रखण्ड के हजारीधमना में विद्युत ऊर्जा चोरी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में ओंकार जायसवाल, कनीय विद्युत अभियंता, चौपारण, अभिषेक आनंद, कनीय विद्युत अभियंता, बरही, सकलदेव साव आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मी, श्री व्यास चंद्रवंशी आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मी एवं अन्य विद्युत कर्मी शामिल थे। छापेमारी के दौरान ग्राम हजारी धमना में विद्युत दल पर जानलेवा हमला किया गया। और सरकारी कार्य में बाधा उतपन्न की गई। इस सम्बंध में कनीय अभियंता द्वारा चौपारण थाना में अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। आवेदन के अनुसार दिनांक 21 मई को लगभग 01:10 पीएम बजे ग्राम हजारीधमना के संजय सिंह के घर के सामने लाठी डंडे पकड़े हुए सुमन सिंह पिता सचिदानंद सिंह, निरंजन सिंह पिता गंधौरी सिंह, राहुल कुमार सिंह पिता सीताराम सिंह के नेतृव में 10-15 अज्ञात महिला एवं पुरुष द्वारा विद्युत दल के वाहन को घेरकर वाहन का गेट जबरदस्ती खोलकर गाली गल्लौज करते हुए वाहन में बैठे अधोहस्ताक्षरी एवं विद्युत विभाग के दल के अन्य सदस्य अभिषेक आनंद, कनीय विद्युत अभियंता, बरही,ओंकार जयसवाल, कनीय विद्युत अभियंता, चौपारण, सकलदेव साव आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मी, व्यास चंद्रवंशी आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मियों को घसीट कर बाहर निकालने का प्रयास किया गया एवं धक्का मुक्की करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सुमन सिंह के द्वारा थप्पड़ जड़ दिया गया तथा बाकि अज्ञात 10-15 लोग हाथ में इंटा पत्थर लिए वाहन को चारों तरफ से घेर कर खड़े थे। उपरोक्त नामजद व्यक्तियों के द्वारा भीड़ को हमला करने हेतु उकसाया जा रहा था। इस क्रम में ओंकार जायसवाल, कनीय विद्युत अभियंता, चौपारण के द्वारा थाना प्रभारी, चौपारण को मोबाइल फोन पर संपर्क कर इस घटना की जानकारी दी गई।

### रोट्रेक्ट क्लब ऑफ कोडरमा युवा द्वारा छाछ किया गया वितरण




**झुमरी तिलैया :** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ कोडरमा युवा द्वारा मानव सेवा के तहत आज स्थानीय काली मंदिर स्टेशन रोड के परिसर में 120 लोगों के बीच छाछ वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पिछले सप्ताह ही रोट्रेक्ट क्लब ऑफ कोडरमा युवा की स्थापना ( रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के अंतर्गत ) हुई है और उसके बाद से ही मंच लगातार मानव सेवा में लगा हुआ है, जिसके तहत यह भीषण गर्मी को देखते हुए आज 120 लोगों के बीच छाछ वितरण किया गया । उन्होंने यह भी बताया कि यह गर्मी में मंच के द्वारा छाछ, आम पन्ना और फ्रूटी लगातार वितरण किया जाएगा। इसके अलावा मंच एक ऐसे जगह भी देख रही है जहाँ स्थायी वाटर कूलर लगाया जा सके जिस से राहगीरों तथा आमजनों को यह गर्मी में ठंडा पानी पीने को मिल सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मंच के द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

### आंगनबाड़ी सेविका निर्मला देवी का निधन, सीटू ने जताया शोक



**कोडरमा :** झुमरीतिलैया नगर पर्षद अंतर्गत वार्ड नंबर 17 में आंगनबाड़ी केंद्र भादोडीह की सेविका निर्मला देवी का आकस्मिक निधन मंगलवार की रात्रि में हो गया। जिसके बाद सीटू नेताओं और दर्जनों आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा शोक संतप्त परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया और मृतक निर्मला के पति रामचंद्र राम और एकमात्र पुत्री पुजा कुमारी को हिम्मत दिया। शोक व्यक्त करने वालों में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला सचिव रमेश प्रजापति, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, सुरेन्द्र राम, शम्भु पासवान, दिनेश रविदास, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला सचिव वर्षा रानी, संध्या वर्णवाल, कांति देवी, रीना देवी, पिंकी, कंचन, रेखा, कुंती, सुषमा, पुष्पा, सुनीता, आशा, मंजू, नूतन सिहं, यास्मीन, शबाना आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में किया गया पेश

**रांची :** शराब घोटाला मामले में तत्कालीन फाइनेंस जीएम सुधीर कुमार दास, वर्तमान जीएम सुधीर कुमार और मार्शन कंपनी के कर्मचारी नीरज कुमार सिंह को अउइ की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। 3 जून तक के लिए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि राज्य में शराब घोटाला मामले में एसीबी ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले तीनों से दिनभर पूछताछ की गई। गौरतलब है कि मंगलवार को क्क्षर विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शराब घोटाला मामले की जांच के आंच का दायरा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इस तरह एसीबी ने दो दिनों के भीतर शराब घोटाला मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुस्तक गोदान का लोकार्पण कल

**रांची :** प्रभात प्रकाशन के तत्वावधान में हिन्दी साहित्य भारती, झारखंड के प्रांतीय महामंत्री राकेश कुमार रचित और प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली की ओर से प्रकाशित पुस्तक गोदान (काव्य रूपांतरण) का लोकार्पण 24 मई को किया जाएगा। पुस्तक का लोकार्पण पद्मश्री बलबीर दत्त, साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ मयंक मुरारी, डॉ राकेश कुमार सिंह और डॉ अरुण सज्जन रांची रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रभात प्रकाशन के सभाकक्ष में करेंगे। लोकार्पण समारोह का संचालन रांची विश्विद्यालय के शोधार्थी विद्यावैभव भारद्वाज करेंगे। रांची जिला हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलराम पाठक, उपाध्यक्ष संजय सर्राफ, संगठन सचिव अजय राय, सचिव सुकुमार झा ने बताया कि इस अवसर पर रांची, पलामू, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, गढ़वा,लातेहार सहित झारखण्ड के विभिन्न जिलों के कई साहित्यकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने लोगों से इस लोकार्पण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

### डीएसपी शिवेंद्र की अग्रिम जमानत पर सुनवाई आज

**रांची :** जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में चार्जशीटेड पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शिव कुमार उर्फ शिवेंद्र की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 23 मई निर्धारित की है। इस घोटाले में शामिल कई आरोपितों को सीबीआई कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली है, जबकि कुछ आरोपितों को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत दे दी है।

### आईएएस विनय चौबे की तबियत बिगड़ी रिम्स में भर्ती

**रांची :** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस विनय चौबे की तबियत गुरुवार को अचानक बिगड़ गयी। विनय चौबे को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल से बेहतर इलाज के लिए राजेन्द्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) में भर्ती करवाया गया है। चौबे को रिम्स में उच्च रक्तचाप और गुर्दा संबधी परेशानी को लेकर भर्ती किया गया है। उन्हें मेडिसिन विभाग के सह प्राध्यापक डॉक्टर ऋषि तुहीन गुड़िया की देखरेख में रखा गया है। प्रारंभिक परीक्षण के बाद विनय चौबे को पेइंग वार्ड में रखा गया है।

# झारखंड में आयुष्मान योजना का 340 करोड़ बकाया, अगले हफ्ते से बंद हो सकता है इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य की गरीब जनता के लिए राहत बनी मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अब खुद गंभीर संकट में है। झारखंड के निजी अस्पतालों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो अगले सप्ताह से आयुष्मान योजना के तहत इलाज पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा।

यहां बता दें कि केंद्र की स्वास्थ्य लाभ योजना आयुष्मान योजना का नाम बदलकर झारखंड में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना कर दिया गया था। जिसके तहत लोग इलाज का लाभ ले रहे थे। आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया, झारखंड ने बताया कि राज्य सरकार पर कुल 340 करोड़ रुपये का बकाया है, जो पिछले 10 महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। इससे अस्पतालों की आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वे अब इस योजना के अंतर्गत इलाज कराने में असमर्थ हैं।

आईएमए के अनुसार, अस्पतालों द्वारा लगातार मांग के बावजूद सरकार की ओर से सिर्फ इतना कहा जा रहा है कि पोर्टल काम नहीं कर रहा, इसलिए भुगतान नहीं हो पा रहा। 212 अस्पतालों पर नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट की ओर से आरोप लगाए गए थे, लेकिन जांच के बाद ये आरोप गलत पाए गए और उन्हें आरोपों से मुक्त भी कर दिया गया। इसके बावजूद इन अस्पतालों को उन गरीब मरीजों के इलाज का पैसा अब तक नहीं दिया गया, जिनका इलाज उन्होंने पूरी ईमानदारी से किया।

आईएमए ने बताया कि सरकार की ओर से शिकायत निवारण समितियां तो बनाई गई हैं, लेकिन इनकी बैठकें सालों से नहीं हो रही हैं। न जिला स्तर पर डीजीआरसी की मीटिंग होती है और न राज्य स्तर पर एसजीआरसी की। नतीजतन अस्पतालों की परेशानियां सिर्फ फाइलों में ही दबकर रह जाती हैं।

आईएमए ने कहा कि अब निजी अस्पतालों की हालत ऐसी हो गई है कि वे आयुष्मान योजना के तहत इलाज जारी नहीं रख सकते। वेतन नहीं, दवा नहीं, संसाधन नहीं तो ऐसे में अस्पतालों के पास कोई विकल्प नहीं बचता। आईएमए ने यह भी कहा कि अगर इलाज बंद होता है तो इसका सबसे बड़ा नुकसान गरीब मरीजों को होगा, जिन्हें इलाज का दूसरा कोई सहारा नहीं है।

आईएमए ने एक बार फिर सरकार से अपील की है कि तत्काल 340 करोड़ का बकाया भुगतान किया जाए, शिकायत निवारण प्रणाली को सक्रिय किया जाए और अस्पतालों की बात को गंभीरता से सुना जाए। लेकिन सरकार की तरफ से अब तक कोई ठोस फैसला नहीं आया है, सिर्फ तकनीकी बहानों से जवाब दिया जा रहा है।

## जीएसटी घोटाला : ईडी ने शेल कंपनियों के खाते से 60 लाख किया जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जीएसटी घोटाले की जांच के दौरान शेल कंपनियों के बैंक आकाउंट में जमा 60 लाख रुपये जब्त कर लिया है। जब्त की गयी राशि 10 शेल कंपनियों के बैंक अकाउंट में जमा था। 800 करोड़ रुपये के इस जीएसटी घोटाले में मास्टर माइंड सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इडी इसमें से दो लागों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। अब घोटाले के मास्टर माइंड शिव कुमार देवड़ा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 8 मई को 800 करोड़ रुपये के घोटाले में रांची, जमशेदपुर और कोलकाता में छापेमारी की थी। छापामारी के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड सहित चार लोगों के गिरफ्तार किया था। इसमें शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया का नाम शामिल है। जांच के दौरान यह पाया गया था कि जीएसटी घोटाले के मास्टर माइंड कोलकाता का शिव कुमार देवड़ा है। उसका बेटा मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता, विक्की भालोटिया उसके साथ मिल कर फर्जी जीएसटी इनव्यास बनाते थे और आइटीसी का गलत लाभ लेते हैं। इन लोगों ने अब तक 14325 करोड़ रुपये का फर्जी जीएसटी बिल बनाया था।

जांच में पाया गया कि जीएसटी घोटाले में शामिल इस गिरोह ने 135 शेल कंपनियां बनायी है। ईडी ने इन शेल कंपनियों के खातों की जांच की। इसमें शेल कंपनियों के 10 बैंक खातों में 60 लाख रुपये जमा होने की जानकारी मिली। इसके बाद ईडी ने इसे जब्त कर लिया। इडी ने जीएसटी घोटाले में आगे की जांच के लिए मोहित देवड़ा और अमित गुप्ता को चार दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। अब मास्टर माइंड शिव कुमार देवड़ा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## रांची विश्वविद्यालय में स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 19 जून तक कर सकते हैं आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची विश्वविद्यालय से जुड़े 37 कॉलेजों में स्नातक सत्र 2025-29 के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गयी है। इसके तहत 4 वर्षीय स्नातक कोर्स, वोकेशनल और सेल्फ फाइनांस पाठ्यक्रमों में एडमिशन लिया जा सकता है। विश्वविद्यालय ने जानकारी दी है कि 22 मई से चांसलर पोर्टल को खोल दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी 19 जून तक आवोदन कर सकते हैं।

नामांकन के लिए विद्यार्थियों को CUET (कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट) का स्कोर देना जरूरी है। जिनके पास यह स्कोर नहीं है, वे 12वीं के अंकों के आधार पर भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन ऐसे छात्रों को सीमित सीटों पर ही मौका मिलेगा, क्योंकि CUET स्कोर वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पहली मेरिट लिस्ट 23 जून को जारी की जाएगी। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों को 24 जून से 30 जून तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

CUET परीक्षा के परिणाम आने में देरी की संभावना को देखते हुए विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि अगर सत्र शुरू होने के बाद सीटें खाली रहती हैं, तो आगे की नामांकन की सुविधा दी जाएगी।

रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवेदन में परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। नामांकन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन चांसलर पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। छात्रों को सलाह दी गयी है कि समय पर आवेदन करें और सभी जरूरी दस्तावेज तैयार रखें, ताकि चयन होने पर दाखिले में कोई दिक्कत न हो।

## झारखंड में सुधा दूध के दाम में बढ़ोतरी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के लोगों को अब दूध के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। सुधा डेयरी ने दूध की कीमतों में प्रति लीटर 2 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। अगर कोई रोज एक लीटर दूध लेता है, तो उका मासिक खर्च 60 रुपये तक बढ़ जाएगा। नई दरें 22 मई से लागू हो गयी हैं। सभी आधे लीटर पैक में 1 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। सिर्फ 200 एमएल के डबल टोंड दूध की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह पैक छात्रों और आम उपभोक्ताओं के लिए पहले की तरह 10 रुपए में मिलेगा। सुधा डेयरी के अधिकारियों के मुताबिक, पशु चारा, ट्रांसपोर्ट और अन्य खर्चों में बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लिया गया है। दूध उत्पादक किसान भी कीमत बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इससे किसानों को भी दूध का बेहतर दाम मिलेगा। सुधा के दही, लस्सी, पनीर, पेड़ा और घी जैसे अन्य उत्पादों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### अब कितना देना होगा?

- टोंड दूध- पहले 51 रुपये था, अब 53 रुपये प्रति लीटर।
- शक्ति दूध- पहले 58, अब 60 रुपये प्रति लीटर।
- गोल्ड दूध- पहले 63, अब 65 रुपये प्रति लीटर।
- चाय स्पेशल व डबल टोंड दूध- अब 49 रुपये प्रति लीटर।
- डिलाइट दूध- अब 63 रुपए प्रति लीटर।

## बीएयू के वैज्ञानिक 60 वर्ष की उम्र में नहीं होंगे रिटायर : हाईकोर्ट





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वैज्ञानिकों की रिटायरमेंट उम्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने बीएयू वैज्ञानिकों को 60 वर्ष की उम्र में रिटायर करने के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह मामला झारखंड राज्य के प्रमुख कृषि शिक्षा संस्थान बीएयू से जुड़ा है, जहां वैज्ञानिकों की रिटायरमेंट उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। बीएयू द्वारा 60 वर्ष में वैज्ञानिकों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया गया था, जिसके खिलाफ वैज्ञानिकों ने अदालत की शरण ली।

# मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखकर खरीदी जाएंगी दवाएं, सांप व कुत्ता काटने की दवाओं को प्राथमिकता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारी के साथ आवश्यक दवाओं की खरीद के लिए प्रथामिकता तय कर दी है। इससे संबंधित जारी आदेश में कहा है कि जरुरत को ध्यान में रखते हुए अगले चार माह तक के लिए दवा की खरीद की जाये। जारी आदेश में कहा गया है कि अलग-अलग मौसम में अलग-अलग तरह की बिमारियां होती हैं। इसलिए मौसम और बीमारी को ध्यान में रखते हुए जरुरी दवाओं की खरीद की जाये।

झारखंड में सांप व कुत्ता काटने की घटनाएं अधिक होती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सॉप काटने तथा कुत्ता काटने के बाद दी जाने वाली इंजेक्शन व दवाओं की उपलब्धता को भी ध्यान में रख कर खरीददारी के लिए कहा गया है। खरीदी गई दवाओं का एक्सपायरी डेट की अवधि कुल अवधि का 80 प्रतिशत होने चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग के आदेश में कहा गया है कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सदर अस्पताल, इटकी आरोग्यशाला, इटकी, जिला जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला, रांची और संक्रामक रोग अस्पताल रांची के लिए दवाओं की खरीद की जायेगी।

स्वास्थ्य विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 में दवाओं की खरीद पर कुल 56 करोड़ 24 लाख 39 हजार रुपए खर्च करेगा। आदेश में कहा गया है कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची जन साधारण के अवलोकनार्थ अस्पताल के सूचना पट्ट के निकट अथवा किसी अन्य उचित स्थान पर प्रदर्शित की जाएगी। वैसे दवा की खरीद की जाएगी जिसका दर निर्धारण निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया है साथ ही दर निर्धारण की वैधता अवधि समाप्त नहीं हुई हो।

दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन जिला के एक वरीय चिकित्सा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करेंगे, जो जिले के सभी अस्पतालों में दवा की उपलब्धता का लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। नियमित रूप से इसका जानकारी सिविल सर्जन को देंगे।

सिविल सर्जन दवा की उपलब्धता की जानकारी हर माह निदेशालय को देंगे। इसके लिए निदेशालय में जिलावार नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। सभी सिविल सर्जन दवाओं की उपलब्धता का आकलन करेंगे, जिन दवाओं की जरुरत अगले तीन-चार माह में होने की संभावना होगी, सिर्फ उन्हीं दवाओं की खरीद की जायेगी।


## संक्षिप्त खबरें

### श्रावणी मेला को लेकर आज मुख्यमंत्री करेंगे उच्चस्तरीय बैठक




**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार यानी 23 मई को आगामी 11 जुलाई से शुरू होने वाले देवघर श्रावणी मेला को लेकर उच्चस्तरीय बैठक करेंगे। बाबा बैद्यनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के तहत यह बैठक दिन के 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में मेले की तैयारी को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी, ताकि श्रावणी मेला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कतें न हो। इस बैठक में सभी विभाग के प्रधान सचिव, सचिव, पुलिस महानिदेशक, आयुक्त दुमका, पुलिस उप महानिरीक्षक दुमका, निदेशक पयर्टन, उपायुक्त देवघर सहित अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

### झारखंड में 27 तक बारिश और तेज हवा चलने का अलर्ट



**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में 27 मई तक हल्की बारिश गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार सुबह में मौसम साफ रहेगा, जबकि दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन होगा। विभाग ने जिन इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया है उनमें 23 और 24 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों को छोड़कर शेष हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। वहीं 25 मई को उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने के आशंका व्यक्त की गई है। इधर, गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा, जबकि दोपहर में बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री, जमशेदपुर में 37.7, डालटेनगंज में 40.3, बोकारो में 34.1 और चाईबासा में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कुख्यात शूटर शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र को एटीएस कोर्ट ने नहीं दी जमानत




**रांची :** एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को कुख्यात शूटर शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र को जमानत देने से इंकार कर दिया है। उसने रांची में रातू रोड फ्लाइओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन से रंगदारी मांगने के केस में जमानत मांगी थी। एटीएस ने सुखदेवनगर थाना में आरोपित के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए कांड संख्या 3/2024 दर्ज की थी। शिव शर्मा की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की। प्राथमिकी के मुताबिक, शिव शर्मा ने रातू रोड फ्लाइओवर बना रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन के अधिकारी को जान मारने की नीयत से धमकी दी थी। सेटेलमेंट के रूप में उसने पांच प्रतिशत राशि की मांग की थी और राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। शिव शर्मा उर्फ शिवेंद्र पर हत्या और रंगदारी सहित अन्य कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### सीबीआई कोर्ट ने उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया निर्देश

**रांची :** खनन घोटाला के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी उषा मार्टिन ग्रुप के एमडी राजीव झंवर को रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गुरुवार को उनका पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह स्वीकार कर लिया है। जिसके बाद अब राजीव झंवर विदेश यात्रा कर सकते हैं। दरअसल, राजीव झंवर ने हाईकोर्ट के निर्देश पर फरवरी महीने में सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें पासपोर्ट जमा करने और 50-50 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपए के आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर की है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसके अधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरूआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्तूबर 2021 को ईडी ने भी प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं।

### मोरहाबादी वेंडर मार्केट की लॉटरी 27 मई को



**रांची :** रांची नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के उप प्रशासक ने की। बैठक में मोरहाबादी में बनाए गए वेंडर मार्केट को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में संजय कुमार ने जानकारी दी कि मोरहाबादी वेंडर मार्केट की दुकानें आवंटित करने के लिए 27 मई को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके लिए कुल 175 वैध आवेदन प्राप्त हुए हैं। 31 ऐसे आवेदन हैं, जहां पति-पत्नी दोनों ने आवेदन किया है, लेकिन नियमानुसार एक ही व्यक्ति को स्थान दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि इस वेंडर मार्केट में प्राथमिकता उन वेंडर्स को दी जाएगी, जिन्हें 5 मार्च 2022 को मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस और एमटीएस के पास अस्थायी रूप से जगह दी गई थी। निगम ने तय किया है कि दुकानदारों से 500 मासिक किराया लिया जाएगा। वहीं जो वेंडर्स केवल पत्ता या दातून बेचेंगे, उनसे 250 प्रति माह किराया लिया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से मार्केट में गार्ड की भी नियुक्ति की जाएगी, ताकि दुकानदारों के सामान की रक्षा हो सके। साथ ही शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। वहीं बैठक में मौजूद वेंडर्स ने एक प्रस्ताव भी रखा कि इस मार्केट का नाम बिरसा मुंडा के नाम पर रखा जाए। नगर निगम ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

# हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पिण्ड्राजोरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में एक जघन्य हत्या कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान सुमित कुमार महतो (पिता- स्व. दिगम्बर महतो, निवासी- तेलीडीह बस्ती, थाना- चास) के रूप में हुई है, जिसकी हत्या 03 मई 2025 की शाम को उसके ही घर में कर दी गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही अनिल कुमार महतो के आवेदन पर थाना कांड संख्या 103/25 के तहत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस



अधीक्षक बोकारो के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। डॉग स्क्वाड, तकनीकी शाखा एवं एफएसएल टीम की सहायता से की गई कार्रवाई में मानव स्त्रोतों के आधार पर इस निर्मम हत्या कांड में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में विश्वजीत राय उर्फ सचिन राय उम्र 26 वर्ष एवं कुमार सौरभ उम्र 32 वर्ष शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मृतक ने ईंट भट्टा व्यवसाय के नाम पर 12 लाख रुपये लिए थे, परंतु न तो पैसे लौटाए और न ही हिसाब दिया। इसी विवाद को लेकर साजिश के तहत 03 मई को शाम सुमित की गमछा एवं रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त गमछा, रस्सी, तीन स्मार्टफोन, एवं एक नीले रंग की टी.वी.एस. स्कूटी भी बरामद की है। शेष अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी जारी है। इस छापेमारी दल में प्रवीण कुमार सिंह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास, रूपेन्द्र कुमार राणा, पुलिस निरीक्षक, चास मु० अंचल, पु०अ०नि० अभिषेक कुमार रंजन, थाना प्रभारी, पिण्ड्राजोरा थाना, पु0अ0नि0 अनिकेत कुमार, पिण्ड्राजोरा थाना, पु०अ०नि० विवेक कुमार पाण्डेय,पु०अ०नि० उदय शंकर शर्मा, पु०अ०नि० धीरज उरॉव,पु0अ0नि0 शुभम कुमार गोप ,पु०अ० नि० अनिल कुमार यादव, पु०अ०नि० पुष्पराज कुमार, प्रभारी, तकनीकी शाखा, स०अ०नि० राजकिशोर सिंह,आरक्षी पंकज कुमार सिंह,आरक्षी राजेन्द्र टुडू, आरक्षी विमल कुमार महतो,आरक्षी धनंजय सिंह, आरक्षी सुरेन्द्र सिंह, शामिल थे।

## एक नजर

### पीड़ित परिवारों से मिला स्थानीय प्रशासन

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर गुरुवार को चंदनकियारी प्रखंड प्रशासन की टीम ने गम्हरिया गांव के पीड़ित परिवारों से मुलाकात किया। टीम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदनकियारी अजय वर्मा, अंचलाधिकारी रवि आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती जया कुमारी आदि शामिल रहें। पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दिया और मृतक श्रीमती शांति देवी के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राप्त होने वाले मुआवजा के संबंध में जानकारी देते हुए कार्रवाई शुरू करने की बात कहीं। उधर, पीड़ित परिवार से माननीय विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक ने भी भेंट किया। परिवार को दुख के इस घड़ी से उबरने के लिए ईश्वर से परिजनों को शक्ति देने के लिए प्रार्थना किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य आलोका देवी, प्रखंड प्रमुख निवारन सिंह चौधरी, उप प्रमुख पदमा देवी,मुखिया/पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और पुलिस के बीच हुई बैठक

**बोकारो :** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारि णी सदस्यों की एक बैठक सुश्री सुषमा कुमारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चास के साथ कार्यालय में सम्पन्न हुई।जिसमे चास शहर की विधि व्यवस्था एवं ट्रैफिक के संबंध में विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि धर्मशाला चौक से गरगा ब्रिज तक ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या है। चास में ऑटो चालक द्वारा अनुशासनहीन तरीके से इधर-उधर ऑटो खड़ा कर दिया जाता है जिससे सड़क जाम की स्थिति बन जाती है। पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई से समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए ।महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि टाइगर मोबाइल और पुलिस गशती को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जमीन संबंधी ऐसे मामलों में जहां सिविल कोर्ट अनुमंडल कोर्ट एवं पूर्व में आदेश निर्गत किया गया हो वहां थाना द्वारा आम जनता को परेशान ना किया जाए। मौके पर सिद्धार्थ पारीख ,अनूप भलोटिया,संजय अग्रवाल सहित अन्य कई सदस्य शामिल थे।

### उपायुक्त के निर्देश पर चास नगर निगम ने चलाया अभियान

**बोकारो :** मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जल जमाव की समस्या नहीं हो इसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर नगर निगम चास द्वारा गुरुवार को सिंगारी जोरिया की निगम के सफाई कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाकर सफाई किया गया। उधर, शहर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम चास की ओर से कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों/जोड़िया से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है। ताकि विभिन्न वार्डों में जलजमाव ना हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके।

### देवग्राम मे विष्णु महायज्ञ पुणार्हुति के साथ संपन्न

**बोकारा :** देवग्राम पंचायत के गाँव देवग्राम में सोलह आना दिगर की ओर से आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 विष्णु महायज्ञ अनुष्ठान गुरुवार को पुणार्हुति व विशाल भण्डारा के साथ संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। तलगडिया, देवग्राम,उपरबांधा, नवाडीह, तिलाटांड़,आमलाबाद, बिरुबांध, योगीडीह पर्वतपुर सहित दर्जनों गाँव के हजारों श्रदालु शामिल थे।

## गोमो में नहीं सुहा रही लोगों को बिजली रानी की आंख मिचौली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गोमो सब स्टेशन अधीन क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली से जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है,लेकिन विभाग के अधिकारी डीवीसी और ओवर लोड की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहें हैं। यह समस्या लगभग पिछले एक माह से चल रही है जहां इस गर्मी में लोगों को बिजली नहीं रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि अगर जहां हल्की बारिश और तेज आंधी आई तो घंटों या यूं कहें कि रात रात भर बिजली गुल रहती है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को पानी भरने,मोबाइल चार्ज करने सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को घरेलू कार्यों को करने में होती है,बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर इसका असर देखने को मिल रहा है। वहीं ओवर लोडिंग की बात कहकर गोमो में कई कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इस संबंध में पूर्व जिला परिषद सदस्य हिरामन नायक ने कहा कि लोगों के लिए स्वास्थ्य, बिजली और सड़क काफी महत्वपूर्ण है अगर इसमें से एक की भी कमी हो गई तो लोगों को काफी जूझना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधित समस्या को लेकर हमने जीएम और एसी से भी बात की थी,उन्होंने कहा कि बिजली विभाग अपनी आदतों से बाज आए तथा जर्जर तार और पोल को दुरुस्त करे ताकि जनता को निर्बाध रूप से बिजली मिल सके।

## झारखंड के तीन सितारे करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व : बी. सुधीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी. सुधीर ने जानकारी दी कि झारखंड के लिए यह गौरव का क्षण है। वियतनाम में होने वाले एशिया पिकलबॉल जूनियर ओपन 2025 के लिए ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा घोषित टीम में झारखंड के तीन प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें धनबाद से जिगर विश्वकर्मा और रांची से प्रचेता कुमारी व सुचेता कुमारी शामिल हैं। धनबाद के जिगर विश्वकर्मा ने बीते दो वर्षों से लगातार कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ खुद को साबित किया है। वह जरीया के बनियाही मैदान में प्रतिदिन अभ्यास करते रहे, चाहे मौसम कैसा भी हो। सीमित संसाधनों और




कठिनाइयों के बावजूद, उनकी प्रतिबद्धता और जुनून ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उनके चयन से न सिर्फ धनबाद, बल्कि पूरे राज्य के युवाओं को प्रेरणा मिली है। वहीं, रांची की बहनों - प्रचेता और सुचेता कुमारी ने भी अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। दोनों बहनें अपने घर की छत को ही कोर्ट बनाकर वर्षों से पिकलबॉल का अभ्यास कर रही हैं। इन खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड को गौरवान्वित किया है। विशेष रूप से प्रचेता ने महिला कैटेगरी में अपनी सधी हुई खेल शैली और लगातार पदक जीतकर एक अलग पहचान बनाई है, जबकि सुचेता की फुर्ती और टैक्टिकल गेम स्टाइल चर्चा का विषय रही है।

## सांसद पर झामुमो का तीखा हमला आंदोलन की चेतावनी : मंटु यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर समिति द्वारा बोकारो बिरसा चौक में सांसद ढोलू महतो का पुतला दहन किया गया। झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने धनबाद के सांसद ढोलू महतो पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि ढोलू महतो बोकारो के विकास में रोड़ा अटका रहे हैं और जानबूझकर बोकारो की जनता को हवाई सेवा से वंचित रखना चाहते हैं। मंटू यादव ने सांसद ढोलू महतो को आड़े हाथों लेते हुए कहा, बोकारो की जनता लंबे समय से अपने हवाई अड्डे के चालू होने की प्रतीक्षा कर रही है। हवाई सेवा शुरू होने से न केवल यहां रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब से ढोलू महतो सांसद बने हैं, उनकी मंशा बोकारो को विकास से दूर रखने की रही है। यादव ने आगे कहा कि ढोलू महतो बोकारो विरोधी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने बोकारो की भोली-भाली जनता को बरगलाकर वोट हासिल किए, और अब वह नहीं चाहते कि बोकारो में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य हो। यह उनकी संकीर्ण सोच और जनविरोधी नीति का परिचायक है। झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने चेतावनी दी कि यदि ढोलू महतो अपनी बोकारो विरोधी गतिविधियों से बाज नहीं आते हैं, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा संसद के विरोध में चरणबद्ध और जोरदार आंदोलन करने को मजबूर होगा। मंटु यादव ने कहा कि बोकारो की आम जनता की समस्या लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा शुरू से सजग रहा है। हम बोकारो एयरपोर्ट को लेकर सांसद ढोलू महतो के खिलाफ एक बड़ा और निर्णायक आंदोलन करने का मन बना चुके हैं। झामुमो ने स्पष्ट कर दिया है कि वे बोकारो एयरपोर्ट को किसी भी कीमत पर धनबाद ले जाने की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय केजरीवाल, मुक्तेश्वर महतो, नेयर जमाल, मिथुन मंडल, मदन कुमार महतो, प्रमोद तापड़िया, भागीरथ शर्मा, रामदयाल सिंह, संतोष हेंब्रम, महेश्वर टुडू, संजय पांडे, मोती हेंब्रम, दीपक मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

## 200 महिलाओं ने डिजिटल सशक्तिकरण से रचा नया इतिहास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो में डिजिटल एम्पावरमेंट फाउंडेशन द्वारा संचालित सामुदायिक सूचना संसाधन केंद्र, कुरमा के हरि मंदिर प्रांगण में आयोजित डिजिटल वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता प्रशिक्षण का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर, पंचायत समिति सदस्य संजू देवी ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 200 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

**सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम**

समारोह को संबोधित करते हुए संजू देवी ने डिजिटल साक्षरता को आज की नारी शक्ति के लिए एक अभेद्य कवच बताया, जो उन्हें डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रखेगा। उन्होंने डीईएफ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने महिलाओं को 'सूचना पेनियोर' बनाकर उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है, जिससे वे सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। बाबूडीह की



सूचना पेनियोर सुमित्रा बाला देवी ने भी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए डिजिटल सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

**प्रशिक्षण का विस्तृत स्वरूप और ज्ञान की ज्योति**

सूचना पेनियोर सुमन कुमारी ने प्रशिक्षण के दो मुख्य आयामों पर प्रकाश डालाः डिजिटल कार्यात्मक साक्षरता और डिजिटल वित्तीय साक्षरता एवं उद्यमिता संबंधी प्रशिक्षण। उन्होंने महिला अधिकार, साइबर सुरक्षा, डिजिटल वित्तीय समावेशन, उद्यमिता के अवसर और समाज में महिलाओं के योगदान जैसे विषयों पर विस्तृत और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। महिलाओं को सुरक्षित डिजिटल लेनदेन, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और लघु व्यवसाय प्रारंभ करने संबंधी महत्वपूर्ण रणनीतियाँ सिखाई गईं।

## डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी के विजेताओं को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल द्वारा आयोजित 'डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स - 2024-25' प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन बोकारो निवास में किया गया। कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी.के. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रतिबद्धता एवं टीम भावना की सराहना की। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक श्री सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक




सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक सी.आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक अनीश सेनगुप्ता, प्रभारी - बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ. बी.बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक एल दास तथा मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बी.के. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि युवा प्रबंधक किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। वे जटिल परिस्थितियों में नवाचारी सोच और प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं तथा संगठन के भविष्य के नेतृत्व की आधारशिला बनते हैं। उन्होंने युवा प्रबंधकों को निरंतर सीखने और संगठन की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को बधाई दी और रणनीतिक सोच तथा व्यावसायिक दक्षताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि 'डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स - 2024-25' प्रतियोगिता का आयोजन विगत 30 और 31 जनवरी 2025 को बोकारो स्टील प्लांट के लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में किया गया था, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम में सहायक महाप्रबंधक सुश्री शिप्रा एन. हेमरोम, वरीय प्रबंधक वाई.एस.एन. रेड्डी तथा उप प्रबंधक अनिरुद्ध डी. रामटेके शामिल थे। यह टीम बोकारो स्टील प्लांट का प्रतिनिधित्व आगामी 'चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स - 2024-25' प्रतियोगिता में करेगी, जिसका आयोजन मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, रांची में किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जलसहियाओं ने किया बाघमारा प्रखंड कार्यालय में हंगामा



**धनबाद :** बाघमारा प्रखंड कार्यालय में आज जल सहिया को पेयजल एवं स्वच्छता समिति प्रमंडल टू धनबाद के द्वारा एवं जल जीवन मिशन से सम्बन्धित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था जिसमें बाघमारा प्रखंड की सभी जलसहियाओं को भाग लेने को कहा गया था जिसमें अधिक संख्या में जलसहिया पहुंचे के कारण सभागार में बैठने का जगह नहीं था प्रशिक्षुओं द्वारा बाकी जलसहियाओं को बहार रहने को कहा गया जिससे जलसहिया भड़क गई जलसहियाओं ने कहा कि हम लोग 11:30 प्रशिक्षण में बुलाया गया था बहुत से जलसहिया सुबह 9:00 बजे ब्लॉक पहुंच गई थी विभाग के द्वारा किसी प्रकार का व्यवस्था नहीं की गई थी गर्मी का समय को देखते हुए पीने का पानी का भी व्यवस्था नहीं था जलसहिया नाराज होकर अपना घर वापस लौट गए जिसकी शिकायत उच्च पदाधिकारी को करने की बात कही गई है।

### कॉलेज की बदहाल व्यवस्था को लेकर एबीवीपी के सदस्यों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद :** कतरास कॉलेज की कॉलेज की बदहाल व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र प्रतिनिधियों ने कॉलेज प्राचार्य को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एबीवीपी कतरास कॉलेज अध्यक्ष सिंटू मुखर्जी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कॉलेज के कई कक्षाओं की स्थिति अत्यंत खराब है—कहीं बेंचें टूटी हुई हैं तो कहीं पंखे और लाइटें काम नहीं कर रहीं। शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। एबीवीपी के सदस्यों ने अपने ज्ञापन में कॉलेज परिसर में वाई-फाई जैसी आवश्यक डिजिटल सुविधाएं, साथ ही, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए सुरक्षित वाहन पार्किंग एवं नियमित स्वच्छता अभियान की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है।मौके पर उपस्थित कॉलेज अध्यक्ष सिंटू मुखर्जी, कॉलेज मंत्री बिपिन पांडे , आलोक कुमार दा, पीयूष कुमार , सुमन कुमारी, आदि उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर गरगा नदी की सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय के अंतर्गत मनाया जाता है। बीएसएल और जिला गरगा समिति के सौजन्य से इस वर्ष "प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास२ की थीम पर मुख्य महाप्रबंधक के नेतृत्व और मार्गदर्शन में गरगा नदी की सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है तथा इसके प्रति सजगता बरतना सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक श्री ए के अविनाश की टीम द्वारा गरगा नदी के आस -पास वृहद् साफ-सफाई के साथ-साथ नदी के समीप पौधरोपण किया गया।

### अस्पतालों में चिकित्सकीय कचड़ों के निस्तारण में सुधार को लेकर सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन



**बोकारो :** जिला स्थित सरकारी एवं निजी अस्पतालों सहित सभी नर्सिंग होमों के सभी प्रकार के चिकित्सकीय कचड़ों एवं चिकित्सा कार्य के बाद निकले गंदे पानी के उचित निस्तारण में बरती जारही लापरवाहियों और व्याप्त कुव्यवस्थाओं' को लेकर 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' का छौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में आज बोकारो के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पतालों द्वारा बरती जारही लापरवाहियों को गंभीर विषय बताते हुए आग्रह किया कि गलत करने वाले अस्पतालों और नर्सिंग होमों पर कठोर करवाई की जाय क्योंकि इनकी लापरवाहियों से आमलोग और इलाजरत मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और नदियों में चिकित्सकीय गंदे पानी के मिलने से जल प्रदूषण भी बढ़ रहा है जिससे पशुओं और जलचर सहित उनमें नहाने वालों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा बढ़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा वार्ता के क्रम में ये भी बताया गया कि बहुत सारे अस्पताल और खासकर नर्सिंग होम चिकित्सकीय नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं और मरीजों का शोषण भी कर रहे हैं। सिविल सर्जन ने सारे विषयों को ध्यान से सुना और अपना विचार भी रखा तथा इसे गंभीर विषय मानते हुए जल्द और उचित करवाई करने का भरोसा दिया।

### रामपद रविदास को चंदनकियारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**बोकारो :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार तथा बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद गुप्ता ने रामपद रविदास को चंदनकियारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आज औपचारिक रूप से उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। यह नियुक्ति कांग्रेस संगठन को प्रखंड स्तर पर अधिक सशक्त, संगठित एवं जनसंपर्कशील बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। रामपद रविदास विगत दो दशकों से कांग्रेस पार्टी के समर्पित, कर्मठ एवं जनप्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है और समाजसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने कई आंदोलनों, कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है।

## एक नजर

### आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान, 15 धराए जुर्माना देकर हुए मुक्त

**सरिया (गिरिडीह):** हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन में गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी विश्वनाथ कुमार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा,संरक्षा साहित्य सामान्य रेल यात्रियों के सुगम यात्रा को लेकर विभागीय निर्देशानुसार समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता रहा है। किसी के दौरान गुरुवार को भी यह अभियान चलाया गया। जिसमें दिव्यांग कोच में यात्रा करने के आरोप में तीन व्यक्ति धाराए .वहीं महिला डिब्बे में यात्रा करने के आरोप में पांच पुरुष यात्री पकड़े गए। जबकि धूम्रपान करने के आरोप में तीन व दिव्यांग कोच में यात्रा करने के आरोप में चार लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी 15 लोगों को आरपीएफ पोस्ट हजारीबाग रोड लाया गया। जहां उन सभी को रेलवे दंडाधिकारी धनबाद के समक्ष ऑनलाइन प्रस्तुत किया गया। पकड़े गए सभी लोगों ने अपनी गलती को स्वीकार किया।

### आवारा कुत्ते से ग्रामीणों में दहशत

**पटमदा:** गुरुवार की अहले सुबह करीब पौने 5 बजे एक आवारा कुत्ते ने पटमदा के लावा गांव निवासी एक महिला को बेलटांड़ जाने के क्रम में रास्ते में काट लिया। उसके हाथ और चेहरे पर काटने से वह लहूलुहान हो गई और किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने घायल महिला नियति प्रमाणिक को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया और डॉक्टर सोमेन कुमार दत्ता ने इलाज किया। उसे वैक्सीन भी लगाया गया। वहीं पटमदा थाना के पास एक अन्य महिला को भी कुत्ते ने काट लिया जिससे वह घायल हो गई।

# ऑटो और पिकअप के टक्कर में दो की मौत, सात घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई तालाब के समीप गुरुवार अहले सुबह ऑटो और पिकअप की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार तिलैया नरेशनगर से ऑटो में नौ लोग सवार होकर डोमचांच की ओर आ रहे थे. इसी क्रम में लोकई तालाब के समीप विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप से जोरदार टक्टर हो गई। जिसमें ऑटो पर सवार चालक समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बाद कोडरमा थाना पेट्रोलिंग पुलिस के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां



चिकित्सकों ने दो एक महिला और एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नरेशनगर निवासी 35 वर्षीय मुकेश कुमार और 37 वर्षीय चंदा देवी पति रवि भुईयां के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान नरेशनगर झुमरी तिलैया निवासी 28 वर्षीय शिला देवी पति मुकेश भुइयां, 35 वर्षीय मीना देवी पति मनोज भुइया, 32 वर्षीय मन्नू कुमार भुइया पिता लिटारी भुइया, 36 वर्षीय मूंदकी देवी पति अर्जुन भुईयां, 35 वर्षीय अनीता देवी पति दिलीप भुईयां, 30 वर्षीय सुगनी देवी पति रॉकी भुइया और 32 वर्षीय गुड़ी देवी पति मन्नू कुमार भुइया के रूप में हुई है। बता दें कि तेज रफ्तार पर जिला प्रशासन को अंकुश लगाने के साथ ओवर स्पीड पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

## एक्सआइएसएस के शोधार्थी और उषा मार्टिन की संयुक्त पहल

- खेती से अधिकतम आमदनी के रोडमैप पर विचार
- एक एकड़ जमीन से एक लाख आमदनी का लक्ष्यः डॉ मयंक मुरारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस ग्रामीण प्रबंधन के छात्रों ने उषा मार्टिन फाउंडेशन के मिलकर ग्रामीण किसान के पैदावार बढ़ाने की वैज्ञानिक तरीकों पर चर्चा की। इसमें सभी 18 गांवों के प्रगतिशील किसान की खेती के रुझानों, सबसे अच्छी प्रदर्शन करने वाली फसलों, कृषि उत्पादन में आने वाली चुनौतियों और बेहतर आमदनी के लिए उपयोगी फसल पर चर्चा की गयी। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि प्रति एकड़ जमीन से हरेक फसल से न्यूनतम एक लाख की आमदनी का लक्ष्य बनाना होगा। इसके लिए किसानों को नकदी एवं इंटरक्रॉपिंग फसल की ओर रूख करने की जरूरत है। पिछले साल में स्ट्रोबेरी, तरबूज एवं ग्राफ्टेड शब्जियों की खेती के बाद इस साल हल्दी, गेंदा फूल, सूरजमुखी एवं सहजन की खेती पर जोर दिया जा रहा है। किसानों के बीच सर्वे एवं गांव स्तर पर शोध के बाद इन फसलों पर जोर देने की सहमति भी बनी है। इस अवसर पर जानुम के किसान अघनु महतो ने बताया कि अगर ईमानदारी से नियमित खेती करें, तो यह नौकरी से ज्यादा बेहतर विकल्प है। लेकिन गांव में लोग खेती ठीक से करते नहीं है और कम मुनाफा का रोना रोते है। उन्होंने कहा, अगर नौकरी में आप दिन में कम से कम 8 घंटे देते हैं, तो सार्थक परिणाम मिलेगा। मासू के प्रेमनाथ महतो ने बिक्री प्रक्रिया के बारे में बात की। उन्होंने बाजार में फसलों को बेचने और सीधे एक डीलर को बेचने के बीच का अंतर समझाया।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में पांच दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का सफल आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बहुभाषावाद को प्रोत्साहित करना और उन्हें भारत की भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना था। इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही, देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का भी स्वाद लिया। लगभग 70 से 80 छात्रों ने इस शिविर में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता और जिज्ञासा का परिचय दिया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस पहल ने छात्रों को भारत की समृद्ध भाषायी और



सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने इस अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से शिक्षा को आनंददायक और जीवनोपयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू छात्र संघ के प्रतिनिधि मंडल ने चितरपुर महाविद्यालय प्राचार्य से किऐ मुलाकात



**बोकारो :** गुरुवार को आजसू छात्र संघ के प्रतिनिधि मंडल ने चितरपुर महाविद्यालय के प्राचार्य से किऐ मुलाकात मुख्य रूप से आजसू छात्र संघ के जिला प्रवक्ता शिवम मिश्रा मौजूद थे जिसमें शिवम मिश्रा ने बताया कि बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में छात्र-छात्राओं को लेकर विभिन्न मुद्दाओं पर चर्चा किया जिसमें मुख्य रूप से चितरपुर कॉलेज के अंक प्रमाण पत्र में पुष्टि के संबंध में एक जिसमें विषय में मेजर पेपर 6 में फेल कर दिया जाता है वहीं पेपर 7 में अच्छे अंक प्राप्त होते हैं यह विषय चिंतनीय और अन्य विषय में अंक के 50 के उपर है वहीं छात्र नेताओं ने कहा कि अगर छात्रों के साथ भविष्य में अगर खिलवाड़ किया जाता है तो बिनोव भावे विश्वविद्यालय में तालाबंदी किया जायेगा मौके पर विशु रजवार शिवम पिल्लई राजकुमार गिरि लालू कुमार मंजित कुमार भोक्ता महतो राहुल कुशवाहा अरुण दांगी अकलेश महतो चंन्द्रकांत महतो प्रियंका कुमारी इंदु कुमारी सोनम नाज जलमेरी खातुन राजकुमार महतो पंनदान महतो आदि मौजूद थे।

### विधायक ने गोदाम का किया शिलान्यास



**कोडरमा:** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह में बनने वाले 100 एमटी क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य का विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को शिलान्यास किया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा निर्मित होने वाले इस गोदाम के बनने से स्थानीय किसानों को लाभ होगा। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि स्थानीय कृषकों की लंबे अरसे से गोदाम बनवाने की मांग थी। गोदाम के निर्माण होने से किसानों को लाभ होगा। कृषि उपज को गोदाम में रखकर किसान ज्यादा कीमत ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमेशा जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता दी है और स्थानीय लोगों को रोजगार कैसे मिले, क्षेत्र के साथ लोगों का जीविकोपार्जन कैसे हो, इसके लिए भी प्रयासरत हैं। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय लोग मौजूद थे।

### एफएमडी 3766 एवं एलएसडी 3378 पशुओं को टीकाकृत किया जा चुका

**कोडरमा:** केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम योजनान्तर्गत गैवंशीय पशुओं एवं भैंस मे होने वाले एफएमडी (खुरहा एवं मुँहपका रोग) एवं लंपी स्किन डिजीज जानलेवा बीमारी के रोक- थाम हेतु दिनांक 19.05.2025 से टीकाकारण अभियान चलाया जा रहा है। उक्त टीकाकरण कार्यक्रम में अब तक (19.05.2025 से 21.05.2025 तक) एफएमडी 3766 एवं एलएसडी 3378 पशुओं को टीकाकृत किया जा चुका है। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिये टीकाकर्मी घर-घर जाकर पशुपालको से संपर्क स्थापित कर नि:शुल्क टीकाकरण कर रहे है। साथ ही उक्त कार्य का क्षेत्र भ्रमण जिला पशुपालन पदाधिकरी, कोडरमा द्वारा किया जा रहा है। सभी पशुपालकों से अपील किया गया है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकृत कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण अवश्यं करावाएँ। पशुओ के कान में टैग के रूप में इसतेमाल किया जाएगा।

## ए'ला एंगलाइज विद्यालय ने चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** ए'ला एंगलाइज विद्यालय में 19 से 22 तक चार दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी निपुण बनाना था। ग्रीष्मकालीन कैंप में छात्रों ने विभिन्न प्रकार की रचनात्मक, शारीरिक और बौद्धिक गतिविधियों में भाग लिया। इनमें आर्ट एंड क्राफ्ट, योग, संगीत, नृत्य, ड्रामा, विज्ञान प्रयोग, खेलकूद तथा व्यक्तित्व विकास की कार्यशालाएँ शामिल थीं। प्रत्येक गतिविधि को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों एवं विद्यालय के अध्यापकों द्वारा संचालित किया गया। संस्कृति विभाग के शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और शिक्षिका चंचल कुमारी के देखरेख में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई चीजें सीखने में गहरी रुचि दिखाई। समापन दिवस पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने भी कैंप के आयोजन की सराहना की और विद्यालय प्रशासन को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने ग्रीष्मकालीन कैंप की सफलता पर सभी छात्रों, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों को जारी रखने का आश्वासन दिया। इस शिविर सफल बनाने में सिद्धार्थ कुमार और चंचला कुमारी का विशेष योगदान रहा।

## सांसद के कार्यालय में आयोजित हुआ जनता दरबार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गुरुवार को हजारीबाग के माननीय सांसद मनीष जायसवाल जी के कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रामगढ़, मांडू, बड़कागांव, हजारीबाग सदर एवं बरही विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया एवं अपनी विभिन्न समस्याओं को माननीय सांसद महोदय के समक्ष रखा।



जनता दरबार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, पेंशन, आवास आदि से संबंधित मुद्दों को लेकर आम जनों ने अपनी बात रखी। सांसद मनीष जायसवाल जी ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए वे सदैव तत्पर हैं। आयोजन में आए लोगों ने सांसद महोदय के इस जनसरोकार पहल की सराहना की और आभार जताया। यह जनता दरबार आम जन से सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुआ।

### करंट लगने से टैंकर चालक की मौत

**पलामू :** क्रशर प्लांट पर डीजी जेनरेटर में डीजल डालने के क्रम में करंट लगने से एक टैंकर चालक की मौत हो गई। घटना के 17 घंटे बीत जाने के बाद भी चालक का शव मौके पर पड़ा है। परिजन मुआवजा सहित अन्य मांग को लेकर शव उठने नहीं दे रहे हैं। क्रशर प्लांट के मालिक को मौके पर बुलाने की मांग की जा रही है। पुलिस आक्रोशित लोगों को समझने का प्रयास कर रही है लेकिन कई घंटे भी जाने के बाद भी सफलता नहीं मिली है। यह घटना पलामू जिले के पीपरा थाना क्षेत्र के धुसरूवा घासीखाप स्थित एमवीएस क्रशर प्लांट पर हुई। टैंकर चालक की पहचान राजेंद्र यादव (35) के रूप में की गई है। मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव का रहने वाला था। घटना बुधवार शाम में हुई। राजेंद्र को जब करंट लगा तो स्थानीय कर्मी और परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जा रहे थे, तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। ऐसे में सभी वापस लौट गए और डेड बॉडी को क्रेशर प्लांट में रखकर आंदोलन शुरू कर दिया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा बालक रोनाल्ड एक्का, उम्र लगभग- 16 वर्ष, पिता-भरत भूशण एक्का, सा0- थोलकोबेड़ा बाकुटोली, थाना-सिमडेगा, जिला-सिमडेगा राज्य- झारखण्ड, जो दिनांक- 17.05.2025 को मॉर्निंग वाक के लिये घर से निकला था, परन्तु अभी तक अपना घर सिमडेगा वापस नहीं लौटा है। गुमशुदा बालक की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:-

हुलिया की विवरणी :-
लिंग :- पुलिंग
उम्र :- 16 वर्ष
रंग :- सॉवला
बाल :- काला एवं छोटा।
उँचाई :- 05 फीट 05 ईंच
भाषा :- सादरी एवं हिन्दी ।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा बालक के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाश नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।
पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा - मोबाइल नं0-9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा - मोबाइल नं0-9431706227
थाना प्रभारी, सिमडेगा - मोबाइल नं0-9431706231
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा - मोबाइल नं0-9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 - मोबाइल नं0-1800-3456-256

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा

PR 353286 Simdega (25-26)_D


# जिला के कुल 93 स्कूलों में तम्बाकू निषेध पर सामूहिक शपथ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निदेशानुसार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के पूर्व डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले दिनांक 21 मई को बोकारो जिला में कुल 93 स्कूलों में तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थ के रोकथाम के लिये सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन स्कल के प्राचार्य द्वारा किया गया। जिसमें स्कूलों के 13127 बच्चों ने तम्बाकू निषेध पर सामूहिक शपथ लिया। जिला परामर्शी मो0 असलम ने बताया कि नशे के रूप में उपयोग किये जाने वाले पदार्थ में तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा यह से गेटवे पदार्थ है। यही से






बच्चा नशे की शुरूआत करता है और धीरे धीरे वह अन्य नशीले पदार्थ के तरफ बढते चला जाता है। गेटवे पदार्थ की शुरूआत अधिकतर 13 से 19 वर्ष के किशोर वर्ग के बच्चे ही करते है। ऐसे मे उन सभी बच्चों को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने व इससे दूर रहने हेतु स्कूल में सामूहिक शपथ दिलाया गया। जिसमें स्कूल के प्राचार्य द्वारा काफी अच्छी सहभागिता के साथ इस कार्य को किया गया जिस हेतु स्वास्थ्य विभाग उनका आभारी है। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक के अलावा स्कूल के बच्चे भी उपस्थित थे।


**रॉंची समाहरणालय, रॉंची**

(भू-अर्जन शाखा)

www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com

**ग्राम सभा**

कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रॉंची (ग्रामीण) के पत्रांक-258(अनु०), दिनांक-09.04.2025 द्वारा प्राप्त बन्ता-राहे-बुण्डू पथ परियोजना का मौजावार अधिग्रहित भूमि का संशोधित अधियाचना के आलोक में निम्न विवरणी अनुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है :-

| क्र० सं० | मौजा | थाना सं० | ग्राम हेतु निर्धारित स्थान | तिथि / समय | प्रतिनियुक्त कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डोमनडीह | 83 | प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, राहे के सभागार कक्ष | 29.05.2025 11:30 बजे पूर्वाह्न | श्री पंकज सिन्हा, कानूनगो, श्री दुबराज केरकेट्टा, लिपिक, श्री मनोज सिन्हा, अमीन, श्री आशीष कुमार, अमीन, जिला भू-अर्जन कार्यालय, रॉंची। |
| | खंटगा | 84 | | | |
| | महेषपुर | 82 | | | |
| | पुरनानगर | 92 | | | |
| | कुवाडीह | 93 | | | |
| | होटलो | 95 | | | |
| | बुरूडीह | 73 | | | |
| 02 | बन्ताहाजाम | 108 | पंचायत भवन, बन्ता हजाम (उत्तरी) | 30.05.2025 11:30 बजे पूर्वाह्न | |
| 03 | रेलाडीह | 24 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कापीडीह | 31.05.2025 11:30 बजे पूर्वाह्न | |
| | खुदीमदुकम | 23 | | | |
| | पोवाडीरी | 63 | | | |

अतः संबंधित मौजों के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि को ससमय निर्धारित स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रॉंची।

PR 353207 Land Reforms(25-26)D

# 'सही कहा राहुल जी! देश को सच्चाई जानने का हक है'

फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक वॉल्टेयर कहते हैं, "किसी भी व्यक्ति को उसके प्रश्नों से पहचानें, न कि उसके उत्तरों से। हमारे द्वारा किसी से भी पूछा गया प्रश्न यूं तो साधारण मालूम होता है, लेकिन यह हमारी संवेदनशीलता और चरित्र का भी मूल्यांकन करता है। इसलिए लिहाजा जब भी प्रश्न करना हो तो उससे पहले स्वयं से प्रश्न करना आवश्यक है।" पिछले लगभग 11 वर्ष में राहुल गांधी भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रश्न पूछते रहते हैं। प्रायः राहुल गांधी के प्रश्नों का मंतव्य देश, सेना और सरकार की छवि धूमिल करना होता है। अपनी आदत से मजबूर राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशमंत्री डॉ. एस. जयशंकर को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। एक तरह से कह सकते हैं कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे बड़े नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रमाण मांगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न पूछने के कारण राहुल गांधी पुनः एक बार पाकिस्तान में वहां के मीडिया की आंखों के तारे बने हुए हैं। राहुल की इस पोस्ट को पाकिस्तानी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा रहा है। वहां कई टीवी डिबेट्स में इस पर चर्चा हो रही है। राहुल ने पोस्ट किया, "विदेश मंत्री की चुप्पी केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि यह निंदनीय है। मैं फिर से सवाल पूछता हूं- हमने कितने भारतीय विमान खोए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से जानकारी थी? यह चूक नहीं थी, यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है।" वैसे यह कोई प्रथम अवसर नहीं है जब कांग्रेस या उसके नेता ने देश के गौरव, उपलब्धि और सेना के पराक्रम को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा किया है। बालाकोट एयर स्ट्राइक और उरी सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी कांग्रेस ने सेना से प्रमाण मांगे थे। भारतीय सेना स्पष्ट कर चुकी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का कोई विमान हताहत नहीं हुआ। बावजूद इसके राहुल सेना के बयान को झूठा साबित करने में लगे हैं। ऐसा करके वो यह साबित करना चाहते हैं कि भारतीय सेना सरकार के दबाव और कहने पर झूठ बोल रही है। सरकार आपरेशन सिंदूर को लेकर देशवासियों से कुछ छुपा रही है। वास्तविकता यह है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जैसा विध्वंस पाकिस्तान में किया है, उतना 1965 और 1971 के युद्ध में भी नहीं हुआ था। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने जो किया वह चीन, तुर्किए और अमेरिका को भी सदमे में डालने वाला है। भारतीय सेना हर बार की भांति इस बार भी अतुलनीय, अपराजेय और अगम्य रही। कांग्रेस भी सच्चाई से अवगत है। लेकिन, मोदी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर का कहीं श्रेय न मिल जाए, इसलिए वो क्षुद्र राजनीति पर उतर आई है। वास्तव में, कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते करते प्रायः राष्ट्र विरोध पर उतर आती है। यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निर्दयता से मारा। बावजूद इसके, राहुल गांधी और कांग्रेस ने पाकिस्तान की कड़े शब्दों में निंदा नहीं की? पाकिस्तान ही नहीं हमारे शत्रु चीन के साथ कांग्रेस के मधुर संबंध जगजाहिर हैं। कांग्रेस का चीनी कन्युनिस्ट पार्टी के साथ एमओयू, डोकलाम विवाद के समय राहुल गांधी का चोरी-छुपे चीनी दूतावास के अधिकारियों से मिलना,चीनी झड़प के दौरान सरकार-सेना पर सवाल उठाना, सरकार की जगह पार्टी से परिवार के लोगों का चीन जाना, कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान चीनी अधिकारियों से गुपचुप मुलाकात करना यह सब कांग्रेस के साथ गांधी परिवार को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। 11 नवंबर 2019 को तुर्किए की सरकारी न्यूज एजेंसी 'अनादोलु' की एक खबर के मुताबिक, भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तुर्किये में अपना एक विदेशी कार्यालय खोला है। यह वही तुर्किये है जो हमारे शत्रु पाकिस्तान को हथियार देता है। कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताता है। कश्मीर के आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानी कहता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्किये ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया।

# तिब्बत और शिंजियांग को लेकर चीन का झूठा दावा

**ओम पराशर**

चीन के सत्ता प्रतिष्ठान की नीति हमेशा से यह रही है कि वह इतिहास को अपने हिसाब से गढ़ता है और उसे एक हथियार की तरह इस्तेमाल करता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तिब्बत और शिंजियांग जैसे क्षेत्रों पर चीन के 'ऐतिहासिक अधिकार' का दावा है। चीन लगातार यह प्रचार करता आया है कि ये दोनों क्षेत्र प्राचीन काल से उसके अंग रहे हैं, लेकिन जब हम वास्तविक इतिहास और स्वतंत्र स्त्रोतों को खंगालते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि बीजिंग का यह दावा ऐतिहासिक तथ्यों पर नहीं, बल्कि राजनीतिक उद्देश्य पर आधारित है।

तिब्बत - जो कभी स्वतंत्र था

1. मंगोल और युआन वंश का बहानाचीन यह दावा करता है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी से ही उसका हिस्सा है, जब मंगोल सम्राट कुबलई खान के नेतृत्व में युआन वंश ने चीन और आसपास के क्षेत्रों पर आधिपत्य जमाया था। लेकिन सच्चाई यह है कि युआन साम्राज्य मंगोलों द्वारा स्थापित था, न कि चीनी लोगों द्वारा। तिब्बत ने स्वयं को युआन वंश के अधीन कभी नहीं माना। युआन साम्राज्य एक बहु-राष्ट्रीय प्रशासनिक संरचना थी, जिसमें तिब्बत को धार्मिक केंद्र के रूप में स्वायत्तता दी गई थी।

2. छिंग वंश का नाममात्र नियंत्रण 1644 से लेकर 1912 तक का छिंग वंश भी चीन का तिब्बत पर दावा करने का आधार बनता है। लेकिन इतिहासकारों का मानना है कि छिंग वंश का तिब्बत पर प्रभाव नाममात्र का था। चीन द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि (अंबान) केवल सलाहकार की भूमिका में थे। तिब्बत का प्रशासन, न्याय, शिक्षा और धार्मिक व्यवस्था पूरी तरह तिब्बती नेतृत्व के हाथ में थी।

3. स्वतंत्र तिब्बत और 1950 का आक्रमण 1912 में छिंग वंश के पतन के बाद तिब्बत ने खुद को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। वहां स्वतंत्र सरकार बनी, तिब्बती मुद्रा चलने लगी, विदेशों से सीमित राजनयिक संबंध बनाए गए। लेकिन 1950 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने 'शांतिपूर्ण मुक्ति' के नाम पर तिब्बत में अपनी सेना घुसाई और एकतरफा रूप से इसे हड़प लिया। वर्ष 1959 में तिब्बती विद्रोह के बाद दलाई लामा को भारत में शरण लेनी पड़ी। तब से लेकर आज तक तिब्बत पर चीन का अवैध कब्जा बना हुआ है, और वहां की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान को मिटाने की कोशिश लगातार जारी है।

4. सांस्कृतिक दमनचीन ने तिब्बती भाषा की जगह मंदारिन थोप दी है। बौद्ध मठों को तोड़कर धार्मिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है और दलाई लामा के चित्र रखने तक को अपराध माना जाता है। हजारों तिब्बतियों को जेलों में डाला गया है और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का कोई स्थान नहीं बचा है।

शिंजियांग - उइगर संस्कृति पर हमला

1. अलग सांस्कृतिक पहचानशिंजियांग, जिसे चीन 'झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र' कहता है, ऐतिहासिक रूप से तुर्किक मूल के उइगर मुसलमानों का क्षेत्र रहा है। इनकी भाषा, परंपराएं और धार्मिक मान्यताएं चीन की मुख्यधारा से बिल्कुल अलग हैं। यह क्षेत्र सिल्क रूट पर स्थित होने के कारण व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र था।

2. चीन का देर से दावा1949 में माओ त्से तुंग के नेतृत्व में कम्युनिस्ट शासन स्थापित होने के बाद चीन ने शिंजियांग पर नियंत्रण किया। इससे पहले यह क्षेत्र बहुत हद तक आत्मनिर्भर था। चीन ने यहां हान चीनी आबादी को बसाकर जनसांख्यिकीय संतुलन को बदलने की कोशिश की। उइगरों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है जबकि हान चीनी की संख्या लगातार बढ़ रही है।

3. दमन और निगरानीचीन ने शिंजियांग में बड़े पैमाने पर 'पुनः शिक्षा केंद्र' बनाए हैं, जहां लाखों उइगर मुसलमानों को जबरन रखा गया है। इन केंद्रों में धार्मिक पहचान मिटाई जाती है, कुरान पढ़ने और नमाज पढ़ने पर रोक है, और धार्मिक प्रतीकों को जबरन हटाया जाता है। कई रिपोर्टों में खुलासा हुआ है कि इन शिविरों में शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न आम बात है।

4. तकनीकी निगरानी का प्रयोगशिंजियांग विश्व का सबसे अधिक निगरानी वाला क्षेत्र बन चुका है। हर व्यक्ति की गतिविधियों पर कैमरों और चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर से नजर रखी जाती है। मोबाइल ऐप के जरिए लोगों की धार्मिक गतिविधियों, यात्रा, बातचीत और यहां तक कि सोने-जागने की दिनचर्या तक पर रिपोर्ट बनती है।

चीन की रणनीति- ऐतिहासिक झूठ को दोहराकर उसे 'सच' बनानाबीजिंग की रणनीति साफ है बार-बार झूठ बोलो ताकि लोग उसे सच मानने लगें। तिब्बत और शिंजियांग को लेकर उसका दावा उसी झूठ का हिस्सा है। लेकिन इतिहास को हमेशा झुठलाया नहीं जा सकता। दस्तावेज, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, स्वतंत्र शोध और स्वयं वहां के लोगों की पीड़ा चीख-चीख कर यह बता रही है कि चीन ने इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा है और अपनी साम्राज्यवादी नीति को न्यायोचित ठहराने के लिए ऐतिहासिक छल का सहारा लिया है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी अब समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चीन के इस ऐतिहासिक झूठ को बेनकाब करे। तिब्बत और शिंजियांग के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा केवल निंदा करके नहीं हो सकती। जरूरत है कड़े राजनीतिक, कूटनीतिक और मानवीय हस्तक्षेप की। अन्यथा बीजिंग इतिहास को हथियार बनाकर न केवल इन दो क्षेत्रों को, बल्कि पूरे एशिया को अस्थिर कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 1959 में चीन से निर्वासित होने के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा भारत में रह रहे हैं। दलाई लामा तिब्बती इतिहास में एक विशिष्ट और अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे सदियों से न केवल आध्यात्मिक गुरु, बल्कि तिब्बत के लौकिक नेतृत्वकर्ता भी रहे हैं।

दलाई लामा की परंपरा 14वीं शताब्दी में गेडुन ड्रब से शुरू हुई, जिन्हें मरणोपरांत पहले दलाई लामा के रूप में मान्यता दी गई। 17वीं सदी से लेकर 20वीं सदी तक, दलाई लामाओं ने तिब्बत की गैंडेन फोडरंग सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान पोटाला पैलेस का निर्माण हुआ, जो ल्हासा में दलाई लामाओं की आधिकारिक सीट बना। 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यात्सो, का जन्म 1935 में हुआ और उन्होंने 1950 में तिब्बत की राजनीतिक जिम्मेदारी संभाली। 1959 में चीन के खिलाफ तिब्बती विद्रोह के बाद उन्हें निर्वासन में भारत आना पड़ा। तब से वे धर्मशाला में रह रहे हैं और वहीं निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना की गई। आज दलाई लामा पूरी दुनिया में अहिंसा, करुणा और तिब्बती स्वायत्तता के शांतिपूर्ण संघर्ष के प्रतीक बन चुके हैं। उनका भारत में रहना, न केवल तिब्बती लोगों के लिए बल्कि भारत के लिए भी गहराई से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है।

# 'मिस्टर खरगे!, कांग्रेस के सवाल बेमानी हैं...'

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 सालों में 72 देशों के 151 विदेशी दौरों का हवाला देते हुए बताया है कि वे 10 बार अमेरिका गए, लेकिन इन यात्राओं का कोई फायदा भारत को नहीं मिला। मिस्टर खरगे ने सवाल उठाया, क्या प्रधानमंत्री का काम सिर्फ विदेश जाकर फोटो खिंचवाना है? इतने विदेशी दौरे करने के बाद भी आज भारत दुनिया में अकेला खड़ा है।

ऐसे ही कुछ सवाल लगातार कांग्रेस के अन्य नेता राहुल गांधी, पवन खेड़ा एवं अन्य उठा रहे हैं। राजनीतिक तौर पर सवाल उठाना अच्छी बात है, किंतु कौन सा प्रश्न कब उठाना चाहिए, कम से कम यह तो इन नेताओं का पता ही होगा! क्योंकि राजनीति में इनकी वरिष्ठता को देखकर तो यह उम्मीद की ही जा सकती है। पर यहां क्या हो रहा है? जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे बड़े ऑपरेशन में रहकर उसके पहले चरण को सफल बनाकर अभी-अभी बाहर निकला है और आप (विपक्ष) हैं कि सत्ताधारी दल को इसलिए घेरना चाहते हैं क्योंकि वह देश की सरकार चला रहा है! यह कैसा आपका तरीका है? जब आपकी सरकार सत्ता में रही, तब आप 2611 जैसे पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के महा अटैक के विरोध में कुछ नहीं कर पाए!

अवसर तो आपके पास भी था कि उसका ठीक ढंग से बदला लेते। यह आतंकी हमला कितना बड़ा था इसका अंदाजा इसी से लगता है कि साल 2008 की 26 नवंबर की रात एकाएक मुंबई गोलियों की आवाज से दहल उठी, जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित और भारी हथियारों से लैस दस चरमपंथियों ने मुंबई की कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था, जो चार दिन तक चला। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। उन 160 बलिदानियों का तत्कालीन कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने पाकिस्तान से क्या बदला लिया था? इसका उत्तर है, कुछ भी नहीं।

दूसरी तरफ केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार है जिसके रहते हुए जब-जब भी पाकिस्तान ने भारत को आंख दिखाने की कोशिश की या आतंकवाद फैलाया तो सीधा अटैक पाकिस्तानी सेना और वहां के आतंकवादियों पर खुले तौर पर भारत की ओर से हुआ। ऐसे में स्वभाविक है कि देश की जनता वर्तमान मोदी सरकार के समर्थन में दिखाई दे रही है, जिसे विपक्ष स्वीकार करना नहीं चाहता और व्यर्थ के मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है।

हकीकत भारत की विदेश नीति की क्या रही है, यह आज दुनिया को पता है। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, तब जिन 57 मुस्लिम देशों की ताकत के नाम पर पाकिस्तान अपना सीना फुला रहा था, उसे सिर्फ तुर्किए और अजरबैजान को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिला। उस समय के बयान देखें, चीन तक चुप था, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका इन सभी के प्रमुख राजनेताओं के वक्तव्यों को थोड़ी देर के लिए कांग्रेस के नेता जो आज भारत की विदेश नीति को घेर रहे हैं, वह देख लें, पढ़ लें और उसे समझ लें कि आखिर इन सभी के बयानों में तत्कालीन समय में क्या भाषा बोली जा रही थी। वे सभी भारत के पक्ष में और आतंकवाद के विरोध में हैं कि नहीं।

कांग्रेस जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को 1.4 अरब डॉलर का कर्ज देने का मुद्दा उठा रही है, तो वह इस मुद्दे को उछालकर किसे मूर्ख बना रही है? यह तो दुनिया के आर्थिक विशेषज्ञ एवं विदेशनीति के जानकार सभी पहले से जानते हैं कि महिनों पहले ही तय हो गया था कि उक्त दिनांक को इस संबंध में बैठक होनी है, और कुल इतनी राशि पाकिस्तान को दी जा रही है। हां, भारत ने विरोध किया और अपना संदेश दे दिया कि इस राशि का उपयोग जोकि विकास के नाम पर मांगी जा रही है कर्ज स्वरूप। वह विकास में ही खर्च होगी। वास्तव में पाकिस्तान ऐसा करेगा, इस पर उसे (भारत को) संदेह है। क्योंकि पाकिस्तान का जो स्वभाव है, उसके अनुरूप वह इस राशि से आतंकवाद को बढ़ावा देगा। कांग्रेस को समझना चाहिए कि यह भारत की आज की विदेश नीति की ही सफलता है कि भले ही पाकिस्तान को उक्त राशि मिली, पर साथ में कई नियम एवं शर्तें भी लगा दी गई हैं।

क्या कांग्रेस को वह शर्तें जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से पाकिस्तान पर लगाई गई हैं, दिखाई नहीं देतीं? कोष ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद पाकिस्तान पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। इसके साथ ही कोष की ओर से पाकिस्तान को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी।

इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के खिलाफ पाकिस्तान को रुपया देते ही जो ग्लोबल गुस्सा फूट पड़ा था और दुनियाभर में उसकी किरकरी हो रही थी, वह क्या भारत की सफल विदेश नीति का परिणाम नहीं है? फिर कांग्रेस का यह कहना कि आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के बीच अचानक सीजफायर की घोषणा, भारत की कमजोर विदेश नीति का उदाहरण है। वास्तव में यह कह कर क्या कांग्रेस अपने ही देश पर आज प्रश्न खड़ा नहीं कर रही? क्योंकि ऐसा कर वह देश की जल, थल, नभ तीनों सेनाओं पर अविश्वास कर रही है। बहुत आपत्तिजनक बात है यह। क्योंकि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी पत्रकार वार्ता द्वारा और स्वयं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के नाम अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों और पहलगाम हमले का परिणाम है, जोकि अभी समाप्त नहीं हुआ है। पाकिस्तान की ओर से कुछ भी गलत किया जाएगा, उसका उचित प्रति उत्तर भारतीय सेनाएं देने के लिए स्वतंत्र हैं।

वस्तुतः सच यही है और जिसे दुनिया ने स्वीकार भी किया है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई करके पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी अड्डों को एयरस्ट्राइक कर तबाह कर दिया। इसके बाद जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने पाकिस्तान के 11 सैन्य ठिकानों को भी मिट्टी में मिला दिया। भारत ने इतिहास में पहले बार किसी परमाणु देश में 100 किलोमीटर तक अंदर घुसकर प्रहार किया है। वहां परमाणु अड्डे तक पर भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की धमक सुना दी गई है। इसके बाद भी अपनी ही सरकार पर कांग्रेस सवाल उठा रही है?

डिफेन्स क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के शेयर अचानक ऊंचे भाव पर पहुंच गए। आकाश मिसाइल बनाने वाली सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के शेयरों में तेजी से उछाल आया है। बीईएल का लाभ 18.4 प्रतिशत बढ़ा। इसी तरह से अन्य डिफेंस क्षेत्र की भारतीय कंपनियां हैं, जिनके ड्रोन एवं अन्य सैन्य सामान, मिसाइल प्रणाली दुश्मन के हवाई हमलों का जवाब देने के लिए प्रयोग में लाई गईं। आज ये सभी भारत की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गए हैं। क्या यह भी कांग्रेस को दिखाई नहीं देता है? यह क?या ऐसे ही अचानक से हो गया? राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य विमानों के नुकसान की बात कहकर सवाल पूछ रहे हैं! वे इसके लिए सार्वजनिक तौर पर (एक्स) पर अपने ही विदेशमंत्री जयशंकर को घेर रहे हैं। कह रहे हैं, हमने कितने भारतीय विमान खोए? यह चूक नहीं थी। यह अपराध था। और राष्ट्र को सच्चाई जानने का हक है।' इससे पहले कहा कि 'हमारे हमले की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। आश्चर्य यह जानकर होता है कि राहुल गांधी यह सब तब पूछ रहे हैं, जबकि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायु सेना ने अपने किसी भी विमान के गंवाने की बात नहीं कही है। वहीं, विदेश मंत्रालय भी बता चुका है कि राहुल गांधी का यह बयान 'तथ्यों का सरासर गलत निरूपण' है क्योंकि भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बाद आरंभिक चरण में पाकिस्तान को चेतावनी दी थी, न कि उससे पहले कोई अपनी कार्रवाई के संबंध में बताया था। पर राहुल समेत उनके नेता पूरी दुनिया को यह बता रहे हैं कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के पहले ही पाकिस्तान को बता दिया था कि वह इस तरह का ऑपरेशन पाकिस्तान में चलाने जा रहा है।

क्या जनता नहीं समझ रही सच क्या है? लेकिन यह कांग्रेस है कि देश हित से भी ऊपर उसे प्रधानमंत्री मोदी का विरोध नजर आ रहा है और वह भारत सरकार के विरोध का नैरेटिव गढ़ने में लगी है। यह जानते हुए कि इस ऑपरेशन के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया था। जिसकी तमाम तस्वीरें भी सार्वजनिक तौर पर आ चुकी हैं।

## सूडोकु नवताल- 7438

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7437 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

# संकटकाल में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाले सवाल

**विकास सक्सेना**

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि इसमें विपक्ष के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक को सरकार से सवाल पूछने का अधिकार प्राप्त होता है। लेकिन कोई भी राष्ट्र तभी मजबूती से आगे बढ़ सकता है जब इस अधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। बीते कुछ दिनों में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर 'हमारे कितने विमान गिरे' जैसे अवांछित सवाल पूछे हैं। उनके सवालों को पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा कई मीडिया संस्थानों की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग और सोशल मीडिया में सक्रिय बुद्धिजीवियों ने लोगों के मन में सवाल पैदा कर दिया है कि क्या सरकार ने विदेशी ताकतों के दवाब में आकर हड़बड़ी में सीज फायर का फैसला लिया? इस सवाल का सीधा सा जवाब इस बातों में छुपा है कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों शुरू किया गया? भारत उन लक्ष्यों को किस हद तक प्राप्त करने में सफल रहा? बीती 22अप्रैल को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने 26 हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछ कर मार डाला। आतंकवादियों की इस करतूत के बाद पूरा देश आक्रोशित था। सब चाहते थे कि पाकिस्तान को इसका सबक सिखाया जाए। इसके बाद सबसे पहले हमारी सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित करके पाकिस्तान के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया। फिर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सात मई को पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सैन्य कार्रवाई में जिन नौ ठिकानों को नष्ट किया गया उनमें जैश ए मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। ऑपरेशन सिंदूर की आतंक के आकाओं को इतनी गहरी चोट लगी कि जैश ए मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर फूट-फूट कर रोने लगा।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत महज 25 मिनट में नौ आंतकवादी ठिकानों को नष्ट करके 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को उनके अंजाम तक पहुंचाने के बाद हमारे सैन्य अधिकारियों ने साफ कर दिया था कि भारत ने जो कार्रवाई की है वह सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ थी। यह न तो पाकिस्तान के आम नागरिकों के खिलाफ थी और न ही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ। उन्होंने साफ किया कि अगर पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह का दुस्साहस करने का प्रयास किया गया तो भारत उसका समुचित जवाब देगा।

आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने चीन और दूसरे देशों प्राप्त हथियारों के दम पर ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों के जरिए भारत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी सेना ने वायु रक्षा प्रणाली और उन्नत तकनीकी से उन कोशिशों को नाकाम कर दिया। हालांकि इसके जवाब में भारत की ओर से की गई कार्रवाई में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली ध्वस्त हो गई। उसके अधिकांश हवाई अड्डे निष्प्रयोज्य कर दिए गए। भारत की प्रतिक्रिया इतनी तीखी होगी इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान के आकाओं को भी नहीं थी। जो पश्चिमी मीडिया भारत के खिलाफ लगातार झूठे विमर्श गढ़ रहा था उसे भी सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर यह स्वीकार करना पड़ा कि भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर उसके सैन्य हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुंचाया है। पहलगांव में हिन्दू पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या सिर्फ हिन्दू मुसलमानों के बीच की खाई को चौड़ा करने के इकलौते उद्देश्य के लिए नहीं की गई बल्कि इसके पीछे का एक और बड़ा लक्ष्य भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति की राह में रोड़े उत्पन्न करना भी था। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध के अनुभव के आधार पर भारत विरोधी ताकतें उसे पाकिस्तान के साथ लम्बे युद्ध में फंसाना चाहती थीं जिससे उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित किया जा सके। लेकिन भारतीय रणनीतिक सूझबूझ, सैन्य कुशलता और कूटनीतिक तैयारियों ने इन ताकतों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इसीलिए अब भ्रम फैलाने के लिए वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिन लक्ष्यों को लेकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था प्रथम दृष्टया, उससे अधिक सफलता प्राप्त की जा चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर का प्रमुख उद्देश्य नरसंहार के दोषियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं को सबक सिखाना था जो सात मई को पाकिस्तान और पीओजेके में मौजूद आतंकवादी अड्डों को नष्ट करके पूरा कर दिया गया। इसके बाद पाकिस्तान में जिस तरह भारत पर हमला किया उसके जवाब में तीनों भारतीय सेनाओं ने अपने अदम्य पराक्रम को प्रदर्शन करके तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारतीय सेना के पराक्रम, युद्ध कौशल और सटीक रणनीति ने पाकिस्तान और उसे हथियार मुहैया कराने वाले चीन और दूसरे देशों के पसीने छुड़ा दिए। जो देश भारत को लम्बे युद्ध में फंसाकर उसकी आर्थिक प्रगति को बाधित करने का ख्वाव संजोए बैठे थे, अपने विमानों, मिसाइलों और ड्रोनो के लगातार ध्वस्त होने से उसकी चिंता बढ़ गई। खबर है कि भारतीय सेना ने तुर्किये के ड्रोन, चीनी वायु रक्षा प्रणाली एसक्यू 9, चीनी विमान जेएफ 17 और अमरीकी विमान जे 16 समेत कई उन्नत मिसाइलों को मार गिराया। चीन अपनी पीएल 15 मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक मिसाइल बता रहा था इसे भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया और इसका मलबा भारत के पास सुरक्षित है। इसके बाद दुनिया के हथियार बाजार में साख गिरने के डर से चीन और अमेरिका जैसे देशों में हडकम्प मचा हुआ है। जानकारों का कहना है कि भारत की बढ़ती ताकत को देखकर ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ ट्रेड वार को स्थगित कर दिया।

## दैनिक पंचांग

**23 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.49 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 09.02 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 11.18 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.30 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.55 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.11 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 22.17 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 00.03 बजे से |
| | | मीन | 01.36 बजे से |
| | | मेष | 03.06 बजे से |
| | | वृष | 04.47 बजे से |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 143 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 22.30 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 16.02 बजे को समाप्त। **योग** प्रीति 18.36 बजे को समाप्त। **करण** बव 11.55 बजे तदनन्तर बालव 22.30 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 35' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872353 **जूलियन दिन** 2460818.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 24 **विशेष** अपरा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## सांप के काटने से 50 वर्षीय महिला हुई मूर्छित



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कबूतर खोपी चानन निवासी स्वर्गीय हरि मंडल के 50 वर्षीय पत्नी मुनिया देवी को सांप के काटने से मूर्छित हो गई। जहां परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के सदर अस्पताल लाया। वही ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कुलदीप कुमार गुप्ता के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही घायल के परिजनों ने बताया कि संध्या के समय गोबर का गोटे सरिया रही थी। जहां सांप उसके अंदर बैठा था। ध्यान नहीं दिया और सांप ने काट लिया और मूर्छित हो गई। वही डॉ कुलदीप कुमार गुप्ता के देख रेख में इलाज किया जा रहा है।

## पेड़ गिरने से बरहेट-बरहरवा मुख्य पथ पर आवागमन बाधित

**साहिबगंज/बरहेट** : बुधवार की रात आई आंधी तूफान के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ गिर गए। कई घरों का छप्पर भी आंधी में उड़ गया। वही बरहेट-बरहरवा मुख्य पथ पर बरमसिया मोड़ के पास एक बड़ा सेमल का पेड़ सड़क पर गिर गया,जिससे करीब एक घंटा तक आवागमन बाधित रहा। इससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। आंधी तूफान थमने के पश्चात घटनास्थल में बरहेट थाना पुलिस पहुंची और जेसीबी की मदद से गिरे हुए पेड़ को हटाकर आवागमन चालू करवाया। इसके अलावा कई जगह बिजली तार पर पेड़ गिरने के कारण रात भर विद्युत आपूर्ति ठप रही।

## मोटरसाइकिल ने टोटो चालक को टक्कर मार हुआ फरार

**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी फाटक के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने टोटो चालक को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। जहां टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानिय लोगों की मदद से घायल टोटो चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के देख रेख में इलाज किया जा रहा हैं। टोटो चालक की पहचान झरना कॉलोनी निवासी रामचंद्र साह के 30 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। घायल चंदन कुमार ने बताया कि मैं टोटो ले के स्टेशन की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाइक में तीन युवक सवार थे। घायल चंदन के मुह में काफी चोट लगी एक दांत भी टूट गया एवं पैर में गंभीर चोट लगी है।

## दुष्कर्म मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज/तीनपहाड़** : थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवपुर के एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। वहीं नाबालिग लड़की के बड़े भाई ने तीनपहाड़ थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि गाँव के ही एक युवक वकील मड़ैया उर्फ महाशय मड़ैया 19 वर्ष, पिता बड़ा रिचा मड़ैया ने उनकी बहन को साथ बीते 19 मई को दुष्कर्म किया। साथ ही भाई ने कहा कि हमलोग घर से बहार थे और नाबालिग युवती अपने दादी के साथ घर पर थी। तभी गाँव के वकील मड़ैया ने जबरन दुष्कर्म किया और पीड़िता को इस घटना की जानकारी किसी से नही बताने की बात कहि। नाबालिग अपने भाई को आपबीती घटना की जानकारी दी उसके बाद भाई ने तीनपहाड़ थाना में गुरुवार को एक लिखित आवेदन देकर अपनी नाबालिग बहन के साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी देते हुए तीनपहाड़ थाना में कांड संख्या 84/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई।

# प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : राजमहल रेलवे स्टेशन परिसर में गुरुवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित राजमहल रेलवे स्टेशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया। इस दौरान मालदा मंडल के सीपीएम राजेश नगवाले ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा एवं राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वही स्कूली छात्रों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वही मालदा मंडल के माध्यम से राजमहल के चार विद्यालय के कई छात्रों के द्वारा राजमहल रेलवे स्टेशन व ऑपरेशन सिंदूर का चित्र बनाया था। जिसमें स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के बीकानेर में मुख्य कार्यक्रम स्थल से देश के 18 राज्यों के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का 26 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समर्पित किया।जानकारी के अनुसार राजमहल रेलवे स्टेशन का 7.03 करोड़ रूपए के लागत से ऐतिहासिक राजमहल रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय, आरक्षित लाउंज, कार्यकारी लाउंज और महिला प्रतीक्षालय का नवीनीकरण और निर्माण, जिसमें एक नया पे एंड यूज शौचालय सुविधा भी शामिल है। स्टेशन नेविगेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए साइनेज कार्य का कार्यान्वयन किया गया। आकर्षक मूर्तियों और मानक अंदरूनी हिस्सों की स्थापना, स्थानीय कला और ऐतिहासिक स्मारकों से प्रेरित आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा, सभी के लिए पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से दिव्यांगजन-अनुकूल बुनियादी ढाँचा, गतिशील यात्री जानकारी के लिए एक बड़े आकार की इनडोर वीडियो वॉल की स्थापना, स्टेशन परिसर के भीतर नेविगेशन को सुव्यवस्थित करने के लिए साइनेज कार्य, लंबी ट्रेनों को समायोजित करने के लिए प्लेटफॉर्म विस्तार सकुर्लेटिंग क्षेत्र और पैदल यात्री मार्गों का विकास एवं सौंदर्यपूर्ण प्रकाश व्यवस्था के साथ एक आधुनिक अग्रभाग का निर्माण किया गया। मौके पर भाजपा नेता उज्वल मंडल, पंकज घोष, प्रदीप अग्रवाल, संजीव कुमार गौरव, कार्तिक साहा, जिप सदस्य अब्दुल बारीक शेख, केताबूद्दीन शेख, मनोज साहा, आजाद शेख, अजय चौधरी, कृष्णा महतो, अब्दुल रहमान सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## युवक को लगी गोली, अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हुई मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर के डाक बंगला खंता में गुरुवार की शाम करीब साढ़े छह बजे एक युवक को गोली मार दी। इसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में ले गया। जहां जांच के दौरान डॉ. मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया है। मृतक महाराजपुर के नयाटोला के रहने वाले बेचन मंडल का पुत्र पांचू मंडल (30) वर्षीय था। मृतक का बड़ा भाई फेकन मंडल ने बताया कि किसी ने उसे बताया कि पांचू मंडल को गोली लगी है। जब घटना स्थल पर जाकर देखा तो वे घायल अवस्था में वहां पड़ा हुआ था। इस दौरान मृतक ने अपने बड़ा भाई फेकन मंडल को बताया कि गदाई दियारा के जॉनी टाइगर नामक एक युवक ने उसे गोली मारी है। वही ग्रामीण इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां रास्ते मे घायल ने दम तोड़ दिया है। वही गोली मृतक के सीने के बीच लगी है। वही डॉक्टर डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि गोली सीना के बीच लगी है। गोली आर-पार हो गई है। वही पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा कि कितना गोली लगी है। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : उद्योग विभाग, झारखंड सरकार एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा एमएसएमई के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत आज गुरूवार को जिला उद्योग कार्यालय पाकुड़ परिसर में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य एमएसएमई को औपचारिक रूप देना, उद्यमिता पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। शिविर के दौरान 10 उद्यमियों ने ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाया, जिससे जिले में औपचारिक एमएसएमई इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र पाकुड़ रविंद्र दास ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण को बढ़ावा देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना। इस अवसर पर ईओडीबी मैनेजर, डीआईसी साहेबगंज चंद्रशेखर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। गौरतलब है कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा राज्य को रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 19 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से दो परियोजनाओं एमएसएमई औपचारिककरण और सुविधा केंद्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति ने मंजूरी दी थी। ईओडीबी मैनेजर को इन परियोजनाओं के जिला स्तरीय क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।


## उमंग प्रोजेक्ट के तहत ग्राम संगठन पदाधिकारी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा** : उमंग परियोजना के अंतर्गत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बरहरवा के द्वारा ग्राम संगठन के पदाधिकारीयो का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सभागार में बीपीएम फैज आलम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम एवं किशोरी हेल्प डेस्क की प्रभावशीलता को लेकर जागरूकता फैलाना तथा ग्राम स्तर पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। उमंग परियोजना के प्रतिनिधि आरिफ अली ने प्रशिक्षण में बतलाया कि, यह परियोजना किशोरियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त करने हेतु सामूहिक भागीदारी और सतत जन-जागरूकता आवश्यक है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक फैज आलम ने बतलाया कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक अपराध है, बल्कि यह किशोरियों के सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इसके उन्मूलन हेतु समुदाय स्तर पर निरंतर संवाद और सहयोग साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देते हुए बाल विवाह को कम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में ग्राम संगठन के पदाधिकारी, जेंडर सीआरपी, जेएसएलपीएस के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## बिजली का खम्भा तोड़ते हुए घर में घुसा ट्रक, बची दो परिवारों की जान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले चाकुलिया-धालभूमगढ़ मुख्य सड़क पर गुरुवार को एक आलू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर अंधारिया गांव में एक घर में घुस गया। ट्रक पश्चिम बंगाल से आलू लेकर जमशेदपुर जा रहा था, लेकिन रास्ते मे बिजली के खंभे को तोड़ते हुए रामसाई टुडू और किशुन हेंब्रम के घर में जा घुसा। हादसे में दोनों घर बुरी तरह टूट गए। सौभाग्यवश रामसाई टुडू अपने परिवार सहित बाल-बाल बच गए, घटना के समय वे सभी घर में ही सो रहे थे। हादसे के बाद ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। हालांकि सड़क पर दूर तक खून के धब्बे फैले हुए हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि चालक को गंभीर चोटें आई हैं। ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और घर की छत पर लगे बांस-लकड़ी के रोले और शीशे टूटकर अंदर तक घुस आए हैं। बिजली के खंभे को टक्कर लगने से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। तारों में खिंचाव के कारण आस-पास के कई खंभे भी टूटे हुए हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुखिया मोहन सोरेन और चाकुलिया पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के कारण सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति बन गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# हुरासीं परियोजना से हो रही है कोयले की बेधड़क चोरी



ये है प्रमुख बिंदु

- प्रतिदिन सैकड़ों टन कोयले की ट्रकों से चोरी
- मोंटे कार्लो और कोयला चोरों की कथित साठगांठ
- स्थानीय पुलिस पर संरक्षण देने के आरोप
- दोहरे वेट ब्रिज के बावजूद चोरी का पकड़ में न आना
- क्षतिपूर्ती न होने से परियोजना को आर्थिक क्षति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा** : ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) की राजमहल परियोजना के अंतर्गत हुरासीं खनन क्षेत्र में इन दिनों कोयले की संगठित लूट अपने चरम पर है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों टन कोयला रास्ते में ट्रकों से उतारकर अवैध रूप से चोरी कर लिया जा रहा है। यह कोयला मोंटे कार्लो लिमिटेड की ओर से संचालित आउटसोर्सिंग खदान से ट्रकों पर लादकर 5 किलोमीटर दूर सेलो पॉइंट भेजा जाता है, जहां से आगे रेलवे द्वारा सप्लाई होती है। हालांकि यह कोयला सफर तय करने से पहले और बाद में वेट ब्रिज से गुजरता है, लेकिन कोयले की चोरी के बावजूद वजन में कोई अंतर नहीं दिखना पूरी प्रक्रिया पर गहरे सवाल खड़े करता है। इस तथाकथित डबल कांटा सिस्टम के बावजूद चोरी का पकड़ में न आना, कहीं न कहीं प्रणालीगत विफलता या मिलीभगत की ओर संकेत करता है। स्थानीय लोगों और श्रमिकों का आरोप है कि मोंटे कार्लो कंपनी खुद इस लूट को संरक्षण दे रही है। उनका दावा है कि कंपनी के कुछ अधिकारी और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर स्थानीय संगठित गिरोहों से मिलीभगत कर कोयले की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। कंपनी की लालफीताशाही और जवाबदेही की कमी के कारण ईसीएल को प्रतिदिन भारी मात्रा में कोयले की क्षति झेलनी पड़ रही है, जिसकी क्षतिपूर्ति भी कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। यदि समय रहते इस संगठित कोयला तस्करी नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो राजमहल परियोजना की साख, उत्पादन और सुरक्षा, तीनों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय मुखिया ललिता किस्कु ने कहा कि ऐसे लोगों को रोजगार मुहैया कराकर गलत कार्यों से दूर करने की आवश्यकता है। कोयला चोरी घटना को रोकने के लिए प्रशासन कड़ी कार्रवाई करें।

संक्षिप्त खबरें

## अज्ञात हाइवा के धक्के से मोटरसाइकिल सवार की मौत, घर में पसरा मातम



**साहिबगंज/कोटालपोखर** : कोटल पोखर हिरणपुर मुख्य पथ स्थित सोनाकड़ मोड़ पर अज्ञात हाइवा की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। घटना बीते बुधवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार श्याम नगर का सराजुल अंसारी बुधवार की देर शाम मोटरसाइकिल से अपने ससुराल भैराबांध जा रहा था। उस समय तेज हवा व बारिश की बूंदाबांदी हो रही थी। उसी दौरान विपरीत दिशा से एक खाली हाइवा सीतापहाड़ी की ओर जाने के क्रम में सराजुल अंसारी के मोटरसाइकिल को धक्का मार कर फरार हो गया। जिससे घटनास्थल पर ही सराजुल की मौत हो गई। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों परिजनों ने सड़क पर शव को रख डेढ़ घंटा तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंची कोटालपोखर थाना पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और सड़क पर आवागमन प्रारंभ हुआ। मृतक की मां ने बताया कि उसका बेटा काम से लौटने के बाद कुछ देर आराम करने के बाद ससुराल को निकल गया था। गुरुवार की सुबह पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल ले गई। जहां पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। सराजुल अंसारी की मौत से श्याम नगर गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां, पत्नी ने बिलखते हुए कहा कि अब किसके सहारे जीवन गुजरेगा। मृतक को छह माह का एक बेटा व तीन साल की बेटी भी है। ग्रामीण परिजनों को ढाढस दे रहे हैं।

## सदर अस्पताल में मरीज अपने घर से चादर लाकर इलाज करवाने को बेबस



**साहिबगंज** : सदर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार में डीएस डॉ. सलखुचंद्र हांसदा जुटे है। लेकिन डीएस के निर्देश के बाद भी कई मरीजो के बेड पर चादर नही दी जा रही है। गुरुवार को सदर अस्पताल में भर्ती कुछ मरीज घर से चादर लाकर इलाज कराने को विवश है। गुरुवार की सुबह पांच बजे बांझी के रहने वाले दीपक हांसदा का दस वर्षीय पुत्र कृष्णा हांसदा को पेट मे दर्द व सिर में दर्द होने पर भर्ती किया गया। लेकिन उसे चादर नहीं दिया गया है। परिजन घर से चादर लाकर इलाज करा रहे है। बच्चे की माँ देतमयी मुर्मू ने बताई कि उसका पुत्र को पेट व सिर में काफी दर्द होने पर भर्ती किया है। लेकिन उसे चादर नही दिया गया है। वे घर से चादर लेकर आई है। मां का आरोप है कि स्वास्थ्य कर्मी से चादर मांगा गया तो कहा कि चादर गंदा है। साफ होकर आने पर चादर दी जाएगी। जबकि कई बेड पर चादर दिया गया है।

## प्रखंड क्षेत्र में पशुओं के खुरपका, मुंहपका, एवं लंपी स्किन बीमारी का किया जा रहा टीकाकरण



**साहिबगंज/बरहेट** : प्रखंड क्षेत्र के गांव में पशुओं के खुरपका, मुंहपका, लंबी स्किन रोग का टीकाकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही भारत सरकार की एलएचडीसीपी योजना के तहत पशुओं का रजिस्ट्रेशन एवं टीकाकरण भी करवाया जा रहा है। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर ब्रजेश कुमार ने बताया कि पशुओं को टैग करने के लिए टीकाकरण एवं पंजीकरण, कृत्रिम गर्भधारण एवं अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। किसान टैग हटा देते है या नहीं लगबाते है, जिससे एलएचडीसीपी और अन्य योजनाओं का लाभ पशुपालकों को नहीं मिल पाता है। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि अभी 2 महीने टीकाकरण का कार्यक्रम चलेगा, जिसमें वैक्सीनेटर घर-घर जाकर पशुओं को टैग करेंगे एवं टीकाकरण करेंगे, जिसमें किसान अपने पशुओं का पंजीकरण और टीकाकरण करावे इसके साथ ही अन्य पशुपालकों से भी ऐसा करने में सहयोग करे। वैक्सीनेशन कार्यक्रम में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के अलावा डॉ दीपक भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ए आई वर्कर संजय कुमार पण्डित ओर वैक्सीनेटर राहुल कुमार दास शामिल थे।

## मारपीट मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 179/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं (85/126(2)/115(2)/109(1)/352/3(5) के अंतर्गत राधानगर निवासी सतीश रविदास उर्फ खितिश रविदास के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम गठित की और राधानगर गांव में छापेमारी कर उसे धर दबोचा। सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद पुलिस ने गुरुवार को सतीश रविदास उर्फ खितिश रविदास को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**चतरा** : नशे के सौदागरों के खिलाफ चतरा पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। गुरुवार को पत्थलगड़ा पुलिस ने चार अफीम तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई चतरा एसपी विकास पांडे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। नावाडीह के भेलवाड़ा मोड़ के पास एक काला एवं लाल रंग की स्कूटी की जांच की गई। स्कूटी सवार नावाडीह से पत्थलगड़ा की ओर जा रहा था। चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार विश्वनाथ दांगी जो उंटामोड़ लोवागड़ा, सदर थाना चतरा का निवासी है। उसके डिक्की से एक पारदर्शी प्लास्टिक की थैली में गहरा भूरा रंग का गीला अफीम जैसा पदार्थ मिला। पुलिस के पूछे जाने पर विश्वनाथ दांगी ने बताया कि यह अफीम है। इसे अफीम तस्करों के समूह राजेश दांगी , बलराम दांगी , अनुपम दांगी , छोटू दांगी , मो इस्माइल अंसारी और सनोज कुमार दांगी को आपूर्ति करना है। अफीम का वजन चार किलो 350 ग्राम है। मामले को लेकर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में विश्वनाथ दांगी , मो इसराइल अंसारी , प्रेम कुमार दांगी और सनोज कुमार दांगी शामिल है। चारों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। अन्य फरार आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल, थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## अमेरिका में चीनी खिलौने लाबुबू की मांग 900 फ़ीसदी बढी

न्यूयॉर्क।

अमेरिका में चीन का खिलौना जिसे लाबुबू के नाम से जाना जाता है। अमेरिका की सरकार द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद भी इस खिलौने की मांग जिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही है। इस छोटे से खिलौने की बिक्री 900 फ़ीसदी बढ़कर 41 करोड़ डॉलर पर पहुंच गई है। भारतीय मुद्रा में लगभग 3500 करोड रुपए होता है। इस खिलौने का निर्यात चीन से हो रहा है। यह खिलौना अलग-अलग कॉस्ट्यूम में आता है। इसकी आंख गुस्से में लाल दिखती है इसकी मुस्कान भी डरावनी होती है। इसके बाद भी अमेरिकन परिवारों में इस खिलौने की मांग बढ़ती ही जा रही है। यह खिलौना बच्चों के साथ-साथ युवाओं और सेलिब्रिटीज के बीच में भी स्टेटस सिंबल बन गया है। इस खिलौने की कीमत अमेरिका में 85 डॉलर की है। भारतीय मुद्रा में लगभग 7300 रूपये होती है। इस खिलौने पर टेरिफ़ बार का कोई असर नहीं पडा है। चीन में निर्मित यह खिलौना द मॉंसटर्स स्टोरी बुक से प्रेरित हैं।

## दुबई से सोना आयात हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर नए नियम लागू किए हैं। नए नियम के अनुसार अब केवल कुछ खास एजेंसियां तथा पंजीकृत ज्वेलर्स ही सोना और चांदी दुबई से आयात कर सकेंगे। भारत सरकार ने यह कदम इंडिया-यूएई कंप्रिहेंसिव इकोनामिक पार्टनरशिप समझौते के तहत कार्रवाई की है। कुछ आयातक इस समझौते का गलत फायदा उठा रहे थे। दुबई से 99 फ़ीसदी शुद्ध सोना मंगवा रहे थे। उसे मिश्रित धातु का बताकर कस्टम ड्यूटी की चोरी कर रहे थे। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सोना आयात करने का कोटा तय कर दिया है। भारत सरकार 180 टन सोना यूएई से आयात करेगी। समझौते के तहत रियायती दर पर कोटा तय हुआ था। सरकार को इस सीमा से ज्यादा सोना आयात करने के आवेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने 1400 आवेदन खारिज किए हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल आवेदकों की संख्या 253 फ़ीसदी बढ़ गई है।

## ग्रॉसरी और सब्जियां डिलीवर करने वाली ऐप बंद

**- यूजर्स के हजारों रुपए फंसे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में फल-सब्जियों और ग्रॉसरी की ऑनलाइन डिलीवरी के लिए लोकप्रिय ओ टिपी एप्प अब बंद हो गई है, जिससे ग्राहकों में उथल-पुथल मच गई है। कई यूजर्स ने शिकायत की है कि ऐप ने बिना किसी सूचना के अपना संचालन बंद कर दिया, जिससे उनके वॉलेट में हजारों रुपये अटक गए हैं। कई यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आरबीआई और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय को टैग करते हुए जवाब मांगा है। ओ टिपी एप्प के प्रीपेड पेमेंट वॉलेट और सामान मंगवाने की सुविधा के बंद हो जाने से ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है।

## ओएनजीसी के तिमाही लाभ में 35 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने जनवरी-मार्च तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 35 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इसके बावजूद ओएनजीसी ने तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में सुधार किया और वित्त वर्ष 2024-25 में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। कंपनी ने इस तिमाही में 6,448 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कम है। कंपनी ने कच्चे तेल के उत्पादन में कमी देखी और पेट्रोल और डीजल के दामों में भी गिरावट आई। प्राकृतिक गैस का उत्पादन भी गिरा, जो इस तिमाही में 4.893 अरब बीसीएम रहा। अन्य साधनों के साथ, यह गैस बिजली और उर्वरक के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में: रिपोर्ट

### भारत के इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर से जुड़े कई इंडिकेटर अप्रैल में भी अच्छी रफ्तार में रहे

नई दिल्ली।

दुनिया भर में वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता का माहौल देखा जा रहा है लेकिन इसी माहौल में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अप्रैल महीने की स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट के अनुसार भारत के इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर से जुड़े कई इंडिकेटर अप्रैल में भी अच्छी रफ्तार में रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी खबरों के कारण अप्रैल की शुरुआत में घरेलू शेयर बाजार थोड़ा कमजोर हुआ था। लेकिन जैसे ही अमेरिका ने अपने कुछ टैक्स फैसलों को अस्थायी तौर पर रोका और भारत में जनवरी-मार्च तिमाही में बैंकिंग और फाइनेंस कंपनियों के अच्छे नतीजे आए, शेयर बाजार ने अच्छी रिकवरी दिखाई।

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर अब भी धुंधली है क्योंकि दुनियाभर में पॉलिसी में बदलाव हो रहे हैं और कई जोखिम बने हुए हैं।

लेकिन भारत की स्थिति को लेकर रिपोर्ट आशावाद है। अप्रैल 2025 में आई आईएमएफ की ताज़ा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत 2025 में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा और इस साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार देश में महंगाई में काफी राहत देखी गई है और यह 2025-26 में तय लक्ष्य के आसपास टिक सकती है। रबी फसल अच्छी होने और इस साल सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद से गांवों में खपत बढ़ेगी और खाने-पीने की चीज़ों की महंगाई भी नियंत्रण में रह सकती है।

## बेंगलुरु में 15,000 सीट वाला एसएपी का नया उत्कृष्टता केंद्र अगस्त में खुलेगा

ऑरलैंडो।

जर्मनी की तकनीकी कंपनी एसएपी ने इस साल अगस्त में बेंगलुरू में एक नया उत्कृष्टता केंद्र खोलने की योजना घोषित की है। यह केंद्र 15,000 सीटों की विशाल क्षमता वाला होगा और भारत में बढ़ती कारोबारी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। इसके जरिए कंपनी भारत में अपनी पहचान मजबूत करना चाहती है। एसएपी के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और कंपनी के उत्पाद एवं इंजीनियरिंग प्रमुख ने बताया कि नया केंद्र एसएपी सफायर 2025 के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से कंपनी भारत में एक बड़े उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने जा रही है। नया केंद्र भारत के पोष्य बेंगलुरू के देवनहल्ली में लगेगा और एसएपी लैब्स इंडिया के दूसरे परिसर के रूप में कार्य करेगा। एसएपी लैब्स इंडिया में अब 15,000 अतिरिक्त लोग काम करेंगे। मुख्य रूप से व्यापारिक क्षेत्रों में काम करने वाली एसएपी लैब्स इंडिया ने बताया कि उन्हें भारत के बढ़ते बाजार में अपना प्रभाव बढ़ाना है। वह कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे हैं और इस नए केंद्र से उनकी मौजूदगी मजबूत होगी।

## भारत-अमेरिका के बीच हो सकता है 8 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौता

**भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग**

नई दिल्ली।

भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच 8 जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते का ऐलान होने की उम्मीद है। दोनों देश व्यापारिक तनाव कम करने के लिए ट्रेड डील पर चर्चा कर रहे हैं। भारत सरकार अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि भारत सरकार, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ से पूरी छूट की मांग कर रही है. दरअसल, अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन बाद में इसे 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था, जो 9 जुलाई तक प्रभावी है. हालांकि, आधारभूत 10 प्रतिशत टैरिफ अभी भी लागू है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष हावर्ड लुटनिक के साथ दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के चरण पर चर्चा करने के लिए वहां थे। भारत की यह ट्रेड डील कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए है, साथ ही कपड़ा, चमड़ा, और लेबर-गहन उद्योगों को भी टैरिफ राहत की मांग है। अमेरिकी प्रशासन को यूएस कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता है अमेरिकी नीचे टैरिफ को कम करने के लिए, लेकिन वह पारस्परिक टैरिफ को हटा सकता है। उम्मीद है कि दोनों देश 8 जुलाई से पहले एक सकारात्मक अंतरिम डील पर सहमत होंगे।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 644 , निफ्टी 203 अंक गिरा

मुम्बई।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 644.64 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी नीचे आकर 80,951.99 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 203.75 अंक तकरीबन 0.82फीसदी नीचे आकर 24,609.70 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। आज सेंसेक्स के ज्यादातर स्टॉक्स नीचे आये। सेंसेक्स की 30 में से केवल 4 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये। वहीं 25 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए जबकि एक कंपनी के शेयर में बदलाव नहीं रहा। दूसरी ओर निफ्टी की केवल 11 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। इसके अलावा 39 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में भी 2.27 फीसदी की गिरावट रही। टेक महिंद्रा, आईटीसी, बजाज फिनसर्व के शेयर भी गिरे।

इनके अलावा, आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल आईटीसी , बजाज फिनसर्व , पावरग्रिड मारुति सुजुकी ,हिंदुस्तान यूनिलीवर ,नेस्ले इंडिया , एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज , टीसीएस , इंफोसिस ,टाटा मोटर्स के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए जबकि भारती एयरटेल अल्ट्राटेक सीमेंट , एटरनल (जोमेटो) के शेयर तेजी के साथ बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में गिरावट ने बाजार को नीचे खींचा। सेंसेक्स 270 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,323 पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी गिरावट के साथ 24,733.95 अंक पर खुला। बाद में इसमें गिरावट बढ़ गई और यह 270.55 अंक गिरकर 24,542.90 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में गिरावट आई। यह वॉल स्ट्रीट में कमजोरी के चलते आई। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.5 फीसदी नीचे था, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.3फीसदी गिरावट में था। कोस्पी में 0.59 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.36 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिकी इक्विटी बाजार में बुधवार को बिकवाली के सेंटीमेंट्स ने भारी नुकसान पहुंचाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.91 फीसदी की गिरावट आई। एसएंडपी 500 में 1.61 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 1.41 फीसदी की गिरावट आई।



# सोना 96,200 रुपए प्र ति 10 ग्राम, चांदी 100,000 के करीब

मुंबई।

सोने-चांदी के वायदा भाव गुरुवार को तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने के भाव 96,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 99,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में भी सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। गुरुवार को सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 615 रुपये की तेजी के साथ 96,214 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,599 रुपये था। इस समय यह 617 रुपये की तेजी के साथ 96,216 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 535 रुपये की तेजी के साथ 98,780 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 98,245 रुपये था। इस समय यह 802 रुपये की तेजी के साथ 99,047 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,318 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछला बंद भाव 3,313.50 डॉलर प्रति औंस था। यह 31.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,345.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले महीने 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.58 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.64 डॉलर था। गुरुवार को यह 0.13 डॉलर की तेजी के साथ 33.77 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## सीसीपीए ने उबर को एडवांस टिप सुविधा पर जारी किया नोटिस

**मंत्री प्रहलाद जोशी ने जताई कड़ी नाराजगी, कहा- यह अनैतिक**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यात्रा सुविधा मुहैया कराने वाली फर्म उबर को उसकी 'एडवांस टिप' सुविधा पर नोटिस जारी किया है। सीसीपीए के क्रियाशील मंत्री प्रहलाद जोशी ने उबर की इस सुविधा को अनैतिक और शोषणकारी बताया है। जोशी ने कहा कि 'एडवांस टिप' सुविधा यात्रा के बाद टिप देने के लिए मजबूर करने की अनैतिक प्रथा है। इसे सराहना के प्रतीक के रूप में देना चाहिए, न कि अधिकार के तौर पर। सीसीपीए ने उबर से स्पष्टीकरण मांगा है और उबर ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया। यह पहली बार नहीं है जब सीसीपीए ने उबर पर नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण ने जनवरी में भी उबर और ओला को अलग-अलग दरें वसूलने के लिए नोटिस जारी किया था। दोनों कंपनियों ने इसे नकारा और कहा कि वे समान मूल्य निर्धारण नीति का पालन करते हैं। इस साल जनवरी में प्राधिकरण ने कैब एग्रीगेटर उबर और ओला दोनों को कथित तौर पर उनके मोबाइल फोन ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर समान मार्गों के लिए उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरें वसूलने के लिए नोटिस जारी किया था। हालांकि, दोनों प्लेटफार्मों ने ऐसे आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि वे समान मूल्य निर्धारण नीति का पालन करते हैं और आईफोन या एंड्रॉयड फोन का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के बीच कोई अंतर नहीं करते हैं।

# सेबी की चिंता: नकली ऐप्स द्वारा निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जा रहे

### निवेशकों को सतर्क रहना जरूरी

नई दिल्ली।

देश में स्टॉक ब्रोकरों और उनके अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल करने वाले नकली ऐप्स और वेबसाइटों के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) परेशान है और वह नियमन के दायरे में आने वाली सभी इकाइयों से तुरंत कदम उठाने का आग्रह कर रहा है। मध्यस्थों के साथ हाल ही में एक बैठक में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। नियामक मामलों की चिंता को देखते हुए संबंधित निगरानी टीमें मजबूत कर रही हैं। मामलों में निवेशकों के करोड़ों रुपये ठगे जाने की जानकारी संभावित है, लेकिन कुल संख्या और नुकसान के आंकड़े का निर्धारण अभी तक मुश्किल है। उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए कोई स्पष्ट रिकॉर्ड नहीं है। सेबी ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है और संभावित फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार है। निवेशकों को ऐसे फर्जी पोर्टलों से दूर रहने के लिए सतर्क रहना चाहिए। इस बेहतरीन हालत में उन्हें स्टॉक ब्रोकरों के नाम पर धोखा देने वाले अपराधिक खोज भी करनी चाहिए।

सेबी का कहना है कि ऐसे मामलों में देरी नहीं होनी चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए। प्राथमिकी दर्ज करने से एक कानूनी प्रक्रिया की शुरुआत दर्ज करने में मदद मिलती है और इसके कारण संभावित रूप से गिरफ्तारी करने या फर्जीवाड़े के नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिल सकती है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा जांच भी संभावित धोखाधड़ी से बचाने में मदद करती है क्योंकि एजेंसियां इस तरह के फर्जीवाड़े के पैटर्न को जान जाती हैं।



## दिल्ली के बावली बाजार में ड्राई फ्रूट्स महंगे, मांग में कमी

### भारत पाक में जंग का असर, मंडी में ड्राई फ्रूट्स आना बंद



नई दिल्ली।

दिल्ली के मशहूर खारी बावली बाजार में भारत-पाक के बीच उमड़े तनाव का सीधा असर दिखाई देने लगा है। यहां पर ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एशिया का सबसे बड़ा मेवा बाजार बावली भी इस संकट से झूझ रहा है। व्यापारियों की मानें तो भारत-पाक तनाव के कारण कई बॉर्डर बंद हो गए हैं, जिसके कारण सीमा पार से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की आपूर्ति में कमी आ गई है। जिसकी वजह से ड्राई फ्रूट्स की कीमतें 300 से 400 रुपए तक बढ़ गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस हालत में ड्राई फ्रूट्स की मांग में कमी हो रही है और कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं। अगले कुछ हफ्तों में यदि बॉर्डर नहीं खुले तो व्यापारियों को और नुकसान हो सकता है। मार्केट में ग्राहकों की कमी के चलते व्यापारी भी बैठे हुए हैं और माल का व्यवस्थापन मुश्किल हो रहा है। कुछ व्यापारी ने बताया कि अब तक 20 फीसदी तक ड्राई फ्रूट्स की कीमतें बढ़ चुकी हैं, जो कि ग्राहकों के लिए एक मुश्किल स्थिति है। इसी बीच ड्राई फ्रूट्स की मात्रा में भी कमी आ रही है, जिसकी वजह से उपलब्ध माल महंगा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि यह स्थिति अभी दो महीने तक ठहर सकती है।

## हुंडई क्रेटा और ग्रैंड विटारा बनी ग्राहकों पहली पसंद



नई दिल्ली।

ऑटोमोबाइल बाजार में मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में हुंडई क्रेटा और मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा सबसे अधिक पसंद की जा रही हैं। क्रेटा की बाजार हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत है, जबकि ग्रैंड विटारा की हिस्सेदारी करीब 20 प्रतिशत बताई जाती है। अब मारुति सुजुकी इस सेगमेंट में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए एक नई एसयूवी लाने की योजना बना रही है, जिसे लेकर काफी उत्सुकता देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, इस नई एसयूवी का कोडनेम वाय 17 रखा गया है। यह कार मारुति की मिड-साइज श्रेणी में आने वाली एक मजबूत दावेदार मानी जा रही है। कंपनी ने हाल ही में 'एस्कुडो' नाम का ट्रेडमार्क कराया है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी नाम से कार को लॉन्च किया जा सकता है। यह एसयूवी न केवल पारंपरिक पेट्रोल इंजन के साथ आएगी, बल्कि इसमें हाइब्रिड पावरट्रेन का विकल्प भी मौजूद रहेगा। ग्रैंड विटारा की तरह इसमें 1.5-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलने की उम्मीद है, जो 103.6बीएचपी की पावर और 139 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा। साथ ही, कार में मैनुअल, ऑटोमैटिक और ई-सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प भी दिए जाएंगे। मारुति की यह नई पेशकश सीधे तौर पर हुंडई क्रेटा, ग्रैंड विटारा और किआ सेल्टोस जैसे मॉडलों को चुनौती देगी। मालूम हो कि भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है। ग्राहकों के रुझान को देखते हुए कंपनियां इस श्रेणी में अपने उत्पादों को लगातार उतार रही हैं।

# भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद

### निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की मांग तेज

नई दिल्ली।

भारत में इस साल गेहूं की पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। गेहूं के लिए सबसे जरूरी समय यानी अनाज भरने के दौरान मौसम अच्छा रहा। इससे फसल की पैदावार बेहतर हो गई है।

भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के अे धिकारी ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहा और ना ही ओलावृष्टि या किसी बड़ी फसल वाली बीमारी की कोई खबर आई। इसके साथ ही जलवायु को सहने वाले और ज्यादा उपज देने वाले बीजों के इस्तेमाल ने भी उत्पादकता बढ़ाने में मदद की। अब जब फसल अच्छी हो रही है, तो आटा मिल मालिकों ने सरकार से गेहूं उत्पादों के निर्यात पर लगी पाबंदी हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी गोदाम भरे पड़े हैं और निजी व्यापारियों के पास भी पर्याप्त स्टॉक है।

ऐसे में सरकार को गेहूं उत्पादों के निर्यात की इजाजत देनी चाहिए। देशभर में अब गेहूं की कटाई अंतिम चरण में है। अमेरिकी कृषि विभाग का अनुमान है कि भारत में गेहूं का उत्पादन इस साल 117 मिलियन टन तक पहुंच सकता है, जो अब तक का रिकॉर्ड होगा।

इससे देश के पास सीजन के अंत में पिछले चार सालों में सबसे ज्यादा गेहूं स्टॉक रहेगा। भारत में अगर गेहूं का उत्पादन बढ़ा और सरकार ने निर्यात की इजाजत दी, तो इसका असर दुनिया भर में गेहूं की कीमतों पर पड़ सकता है। खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सरकार की एजेंसी 'भारतीय खाद्य निगम' ने अब तक 29.6 मिलियन टन गेहूं खरीद लिया है, जो पिछले साल से 14 फीसदी ज्यादा है। इस बार कुल सरकारी खरीद 32.5 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जो 22 फीसदी की बढ़त होगी। जोशी ने कहा कि जब सरकार की खरीद पूरी हो जाएगी, तो खाद्य मंत्रालय दूसरे विभागों से मिलकर देश की जरूरतों का आकलन करेगा और उसके बाद यह तय किया जाएगां।

# बिहार में 15 जून से होगी मानसून की एंट्री

**पटना।** मौसम विभाग ने आज बिहार के 19 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान तेज बारिश की संभावना है। साथ ही 50 KM/H की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, दो दिन बाद यानी 25 मई से राज्य में फिर से गर्मी बढ़ने की उम्मीद है। तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, पटना और उसके आस-पास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे।बीते दिनों प्रदेश के 8 से अधिक जिलों में तेज बारिश हुई। पूर्णिया-अररिया में आकाशीय बिजली से 2 लोगों की मौत भी हुई। राजधानी पटना के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार में मानसून 13 से 15 जून के बीच दस्तक दे सकता है।



बेतिया, बगहा, मोतिहारी, रक्सौल और दरभंगा में बुधवार सुबह काले बादलों की बजह से अंधेरा छा गया। स्थिति ये बन गई कि लोगों को सड़कों पर गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। मधुबनी, औरंगाबाद, दरभंगा अररिया में भी तेज हवा के साथ बारिश हुई। बारिश के बाद इन जिलों में लोगों को गर्मी से राहत मिली। मुंगेर में आकाशीय बिजली से एक की मौत मुंगेर में बुधवार देर शाम ठनका की चपेट में आकर एक 14 साल के लड़के की मौत हो गई। घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पुर गांव की है। बुधवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हुई। कुछ देर बाद जब मौसम शांत हुआ तो गोखुल घर से स्कूल की ओर घूमने निकल गया। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही गोखूल की मौत हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले दो दिन बिहार के लिए अहम रहेंगे। इस दौरान बारिश की गतिविधियां सक्रिय बनी रहेंगी। खासकर उत्तर बिहार के जिलों में बादल छाए रहेंगे और मौसम



ठंडा बना रहेगा। दो दिन बाद मौसम में बदलाव आएगा और उसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम गर्म और शुष्क रहेगा। कई जिलों का पारा एक बार फिर 40 डिग्री के पार जा सकता है।बिहार में 13-14 जून से मानसून की एंट्री संभवमानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। इस बार केरल में मानसून 27 मई तक पहुंचेगा, जो सामान्य से पहले है। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। ऐसे में संभावना है कि बिहार में मानसून की एंट्री समय से पहले हो सकती है। मानसून 13 से 15 जून के बीच पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते प्रदेश में दस्तक दे सकता है। पिछले साल बिहार में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। 28 जून तक पूरे राज्य में इसका असर दिखने लगा था। 2024 में मानसून सीजन के दौरान बिहार में औसत से 20% कम बारिश हुई। मानसून सीजन के दौरान राज्य में कुल बारिश (798.3 MM) दर्ज की गई। जबकि, सामान्य बारिश (992.2 MM) होती है।बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश की मुख्य वजह प्री-मानसून गतिविधियां और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त हवाएं हैं। इसके अलावा उन कारणों को जिसकी वजह से बिहार में बारिश की स्थिति बनी हुई है। साइक्लोनिक सकुर्लेशनः उत्तर और पूर्वी बिहार में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है, जो नमी युक्त हवाओं को खींच रहा है। यह बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के साथ मिलकर बारिश और आंधी का कारण बन रहा है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभावः बिहार में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर है, लेकिन यह राज्य के मौसम को अस्थिर करने में योगदान दे रहा है, जिससे गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। नमी युक्त पूर्वी हवाः बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं यानी पूर्वी हवा बिहार में नमी की मात्रा बढ़ा रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप बादल बन रहे हैं और बारिश हो रही है।

# 50 फीट लंबे तिरंगे के साथ यात्रा





**सहरसा।** सहरसा के सुपर मार्केट परिसर से बुधवार को सर्व समाज के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व नगर निगम की मेयर बैन प्रिया ने किया। यात्रा में सैकड़ों शहरवासियों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही शहर की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। देशभक्ति नारों के साथ शहर की प्रमुख सड़कों पर मार्च यात्रा का मुख्य आकर्षण 50 फीट लंबा तिरंगा रहा। लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ शहर की प्रमुख सड़कों पर मार्च किया। मेयर बैन प्रिया ने कहा कि यह यात्रा देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को समर्पित है। उन्होंने पाकिस्तान की सरजमीं पर जाकर देश का गौरव बढ़ाया। इस दौरान मेयर ने पाकिस्तान को आतंकवाद को पनाह देने वाला देश बताया। उन्होंने पहलगाम में एक महिला के सामने उसके पति की हत्या का जिक्र किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। सर्व समाज के नेता राजीव कुमार द्वारा यात्रा का मार्ग बताया गया। यात्रा सुपर मार्केट परिसर से शुरू हुई। यह वीर कुंवर सिंह चौक, थाना चौक, डीबी रोड और शंकर चौक होते हुए चांदनी चौक स्थित शहीद चौक पर समाप्त हुई। यात्रा में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। तिरंगा यात्रा ने शहर में देशभक्ति का माहौल बनाया। यात्रा ने यह संदेश दिया कि सहरसा की जनता देश की एकता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## शादीशुदा महिला ने की खुदकुशी, प्रेमी के पास न्यूड वीडियो

**समस्तीपुर।** में बॉयफ्रेंड की प्रताड़ना से तंग आकर शादीशुदा महिला ने खुदकुशी कर ली। मामला जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र का है, जहां महिला ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मौत से पहले महिला ने बताया कि पड़ोसी चांद कुमार के पास उसका न्यूड वीडियो है, जिसे वायरल करने की वो धमकी देता है। चांद शराब के कारोबार से भी जुड़ा है। वीडियो वायरल होने औक बदनामी के डर से उसने जहर खा लिया। जानकारी के मुताबिक महिला को कोई भाई नहीं है। मायके में वो अपनी बूढ़ी मां और पति के साथ रहती थी। पति लोहा कारोबारी के यहां का काम करता है। काम के सिलसिले में दिनभर बाहर रहता था। देर रात घर लौटता था। इस बीच पड़ोसी चांद कुमार से महिला की दोस्ती हो गई।



नजदीकियां बढ़ने पर पति की गैरमौजूदगी में घर आने लगा। अवैध संबंध के बारे पता चलने पर लड़का के परिजनों से कई बार झगड़ा भी हुआ। चांद ने महिला का न्यूड वीडियो बना लिया था। वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करता था। धमकी देकर घर से बाहर मिलने बुलाता था। बुधवार को फोन करके मिलने के लिए बुलीया, लेकिन उसने मिलने से मना कर दिया। मंगलवार को चांद के परिजनों ने गाली-गलौज भी की थी। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शिव कुमार यादव ने बताया कि सदर अस्पताल में महिला के मौत की सूचना मिली है।

## शादी में निमंत्रण नहीं मिला, तो बरसी लाठियां

**शेखपुरा।** में एक शादी समारोह में निमंत्रण न मिलने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना जिले के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनहेसा गांव की है। इसमें एक चाचा-भतीजे को लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा गय। मारपीट में कृष्ण मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें शेखपुरा सदर अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार,



गांव के नागो मांझी की बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। इस दौरान नागो मांझी ने अपने गोतिया कृष्ण मांझी को विवाह में आमंत्रित न करने का निर्णय लिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में तब्दील हो गई। लाठी-डंडे और रॉड से किया हमला विवाद के दौरान नागो मांझी, पुष्कर मांझी और पप्पू मांझी ने मिलकर कृष्ण मांझी पर लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जब कृष्ण के भतीजे धर्मेंद्र मांझी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन पर भी हमला किया गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को शेखपुरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां कृष्ण मांझी की हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव में तनाव, पुलिस जांच में जुटी घटना के बाद गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। मामले को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है। सिरारी थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि, ह्वघटना के संबंध में अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में क्रिकेट टूनार्मेंट में 3 लोगों को मारी गोली

पटना में बुधवार रात बाइक सवार अपराधियों ने क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान फायरिंग की। इसमें सैदाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अंजनी सिंह समेत 3 लोगों को गोली लगी है। घायल मुखिया प्रतिनिधि अंजली सिंह ने फायरिंग करने का आरोप विक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरभ पर लगाया है। घटना रानीतालाब थाना क्षेत्र की है। जहां कुशवाहा कनपा गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट में मुख्य अतिथि के रूप में अंजनी सिंह पहुंचे थे। थोड़ी देर बाद वे मंच पर पुरस्कार बांटने लगे। इसी दौरान 2 बाइक पर आए 4 बदमाशों ने फायरिंग कर दी।उन्होंने अंजनी सिंह पर फायरिंग की। उन्हें पैर और जांघ में 3 से 4 गोलियां लगी हैं। भागने के दौरान बदमाशों ने मैच देखने आए 2 लोगों को भी गोली मार दी। दोनों घायलों की पहचान राजा कुमार और धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है।



घटनास्थल से पुलिस ने बाइक, एक मैगजीन और 6 खोखा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस अपराधी गिरफ्तारी में पुलिस की टीम लगी हुई है।

घटना में घायल मुखिया प्रतिनिधि अंजली सिंह ने बताया- 'विक्रम विधानसभा से विधायक सिद्धार्थ सौरभ, गनौरी यादव और राजेश यादव के द्वारा ही गोली चलवाई गई है। इन लोगों ने ही मेरी हत्या करने की कोशिश की है। ऐसे में अगर मेरी जान जाती है तो यही जिम्मेदार होंगे।' विधायक सिद्धार्थ सौरभ से भास्कर ने फोन पर बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।खोखा, मैगजीन और बाइक बरामद घायल अंजनी सिंह को पहले बिक्रम के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बिहटा के निजी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें पारस अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य दो घायलों को पटना अक्क्टर में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटनास्थल से 6 खोखा, एक मैगजीन और एक बाइक बरामद की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, मुखिया प्रतिनिधि अंजनी सिंह 2 बार से मुखिया का चुनाव लड़ रहे थे। पिछली बार पंचायत चुनाव में अपनी पत्नी ममता देवी को सैदाबाद पंचायत से मुखिया के पद पर उतारा था। जिसमें उन्हें जीत मिली थी। पिछले एक माह से उनकी जान को खतरा था और उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय थाने और ऊढ-2 को लिखित आवेदन में दी थी। सुरक्षा को लेकर वह गुहार भी लगा रहे थे, लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। वहीं देर रात थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर ही घटना हुई। पुलिस बोली-गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी रानीतालाब थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया- 'कुशवाहा कनपा गांव में बीती रात नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान मुख्य प्रतिनिधि अंजनी सिंह और दो लोगों को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारी है।'

# अंतिम यात्रा पर कश्मीर में शहीद बिहार का जवान

### बेटा पापा से बात करने की जिद्द कर रहा; पत्नी बोली-पति की वर्दी पर स्टार लगने वाला था

**भागलपुर।** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में शहीद हुए संतोष यादव का पार्थिव शरीर गुरुवार सुबह 8 बजे भागपुर के इस्माइलपुर गांव लाया गया।पार्थिव देह के घर पहुंचते ही 4 साल का बेटा पिता से लिपटकर रोने लगा। वो बार-बार लोगों से ये कह रहा था- 'पापा से बात करवाओ, वो उठ क्यों नहीं रहे हैं।'शहीद की पत्नी भी पार्थिव शरीर के पहुंचते ही फूट-फूटकर रो पड़ी। रोते-रोते कह रही थी, 'एक अक्टूबर को मेरे पति की वर्दी पर स्टार लगता। उनका प्रमोशन होने वाला था। वो JCO बनते।'शहीद की पत्नी ने हाथ जोड़कर पार्थिव शरीर की परिक्रमा भी की।थोड़ी देर में घर से एक किलोमीटर दूर खेत में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।जवान की पार्थिव देह को





फूलों से सजी सेना की गाड़ी में घर तक लाया गया। रास्ते में भागलपुर से नवगछिया तक भारत माता के नारे लगते रहे।जिन रास्तों से जवान को लाया गया लोग सड़कों पर तिरंगा लिए दिखाई दिए। सेना की गाड़ी के साथ देश भक्ति गीत बजते रहे।शहीद संतोष यादव के भाई अभिनव कुमार ने बताया- 'भाई की मौत आतंकियों के साथ मुठभेड़ में हुई है। वो 4 साल में रिटायर्ड होने वाले थे। अपने बड़े बेटे को भी सेना में भेजना चाहते थे।'बुधवार रात शहीद का शव पटना पहुंचा। एयरपोर्ट पर संतोष यादव को श्रद्धांजलि दी गई ।विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि पाकिस्तान के पास कुछ नहीं है। पीने के लिए पानी और खाने के लिए अनाज नहीं है। तब न आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। शहीद परिवार के साथ हमलोग हैं। केंद्र की मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।इस्माइलपुर गांव पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीररास्ते में बच्चे तिरंगा लिए खड़े हैंजवान के पार्थिव शरीर के पीछे-पीछे भीड़ चल रहे हैं। भारत माता के नारे लगे रहे हैंबुधवार की शाम पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने शहीद संतोष के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।सांसद ने शहीद संतोष यादव की शहादत को पूरे देश के लिए गर्व का विषय बताते हुए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।पप्पू यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'संतोष यादव को शहीद हुए 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने अब तक संवेदना के रूप में कुछ नहीं कहा, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और देश के वीर सपूतों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाती है।'जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में शहीद संतोष सोमवार रात आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन के लिए निकले थे। इसी दौरान आतंकियों की एक गोली उनके पैर में लग गई। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।संतोष आर्मी में हवलदार के पद पर तैनात थे। बेटे की शहादत की खबर सुनकर मां शीला देवी ने कहा कि 'दुश्मनों ने मेरे बेटे को गोली मार दी, मेरे बेटे को मुझसे छीन लिया।'पिता चंद्रदेव यादव भी बेटे के शहीद होने की खबर सुनने के बाद बार-बार बेसुध हो रहे थे।शहीद के भाई अभिनव कुमार का कहना है कि 'संतोष की मौत आतंकियों के साथ मुठभेड़ में हुई है। अगले 4 साल में रिटायर्ड होने वाले थे। वो अपने बड़े बेटे को भी सेना में भेजना चाहते थे।'



## संक्षिप्त डायरी

### गाड़ी रोककर मारी गोली, 2 लाख लूटकर हुए फरार

**शेखपुरा।** में अपराधियों ने एक टेंट व्यवसायी को गोली मारकर 2 लाख रुपए लूट लिए। फायरिंग में गंभीर रूप से घायल व्यवसायी को इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया है। यह घटना जयरामपुर थाना क्षेत्र में हुई है। घायल की पहचान अभिषेक कुमार (38 वर्ष) के रूप में हुई है,



जो बरबीघा के पटेल नगर निवासी कौशल प्रसाद के पुत्र हैं। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। अभिषेक अपनी पत्नी के साथ बाइक से नालंदा जिला परिषद के उपाध्यक्ष नरोत्तम कुमार उर्फ बबलू महतो के गांव कोतरा गए थे। वहां से लौटते समय दंपति पुनेसरा गांव के समीप डीह मोड़ के पास पहुंचे। तभी पहले से घात लगाए बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। विरोध करने पर अभिषेक को बाएं कंधे में गोली मार दी और नकद 2 लाख रुपए लूटकर पैदल फरार हो गए। घायल को पावापुरी रेफर इस घटना की जानकारी उनकी पत्नी ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अरढ डॉ. राकेश कुमार, बरबीघा थाना अध्यक्ष गौरव कुमार और रकगौतम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को बरबीघा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति में पावापुरी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। भुगतान के पैसे लेकर लौट रहे थे अभिषेक घायल अभिषेक ने बताया कि उन्होंने 18 मई को नालंदा जिला परिषद उपाध्यक्ष के भाई के तिलकोत्सव में पंडाल निर्माण का कार्य किया था। उसी के भुगतान के पैसे लेने गए थे, लेकिन संबंधित व्यक्ति से मुलाकात नहीं हो सकी। लौटते वक्त यह घटना घटी।एक बदमाश की पहचान, जांच जारी अभिषेक ने एक हमलावर को पहचानने का दावा किया है। रकगौतम कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अपराधियों की पहचान की जा रही है। थाना अध्यक्ष पीयूष कुमार ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मांझी सीएचसी में गंभीर लापरवाही, टोटो बना 'ट्रीटमेंट टेबल

**एकमा।** छपरा के मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई। गंभीर रूप से घायल मरीज का इलाज अस्पताल के अंदर नहीं, बल्कि टोटो वाहन में ही किया गया। मौके पर मौजूद डॉक्टर पर्चा बनाने में व्यस्त थे, जबकि प्राथमिक उपचार कंपाउंडर ने टोटो में ही कर दिया। टोटो बना 'ट्रीटमेंट टेबल', डॉक्टर बना 'क्लर्क' स्थानीय लोगों ने बताया कि एक घायल युवक को तत्काल इलाज की जरूरत थी। उसे टोटो वाहन से मांझी सीएचसी लाया गया। लेकिन अस्पताल परिसर में मौजूद डॉक्टर रिजवान अहमद इलाज के बजाय पर्चा बनाने में व्यस्त थे। मरीज दर्द से कराहता रहा, लेकिन उसे स्ट्रेचर तक मुहैया नहीं कराया गया। अंत में कंपाउंडर ने टोटो में ही पट्टी और प्राथमिक उपचार किया। मांझी सीएचसी आसपास के दर्जनों गांवों के लिए एकमात्र सरकारी स्वास्थ्य केंद्र है। यहां हर दिन सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन संसाधनों की भारी कमी है। स्टाफ की अनुपलब्धता और प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह केवल नाम मात्र का अस्पताल बना कर रह गया है। प्रशासनिक चुप्पी, कार्रवाई की मांग घटना का वीडियो सामने आने पर आम लोग सवाल उठा रहे हैं कि सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी क्यों ह, जहां मरीजों को इलाज के लिए टोटो में लेटाना पड़ता है? अगर मरीज को अंदर ले जाना मुश्किल था तो क्या अस्पताल में स्ट्रेचर नहीं है? इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों और संवेदनहीनता की पोल खोल दी है।

### बिहार में मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना में घोटाला

**कैमूर।** में मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना को लेकर बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। नुआंव प्रखंड के जैतपुरा गांव निवासी अरविंद राय ने फील्ड कोऑर्डिनेटर और अन्य कर्मियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस मामले का एक ऑडियो क्लिप भी सामने आई है, जिससे हड़कंप मच गया है। अरविंद राय ने आटा चक्की और



बेसन मिल लगाने के लिए योजना के तहत आवेदन किया था। उनका चयन होने के बाद उन्हें पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए मिले। अरविंद का आरोप है कि इसके बाद फील्ड कोऑर्डिनेटर विकास कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी पिंटू कुमार ने 10 हजार रुपए रिश्वत में ले लिए। जब दूसरी किस्त के रूप में एक लाख रुपए की राशि मिली, तो 15-20 हजार रुपए की और मांग की गई। जांच के दौरान यह रकम 35 हजार तक पहुंच गई। अरविंद ने इस बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और ऑडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जिलाधिकारी को भेजा ऑडियो, जांच की मांग समाजसेवी सतीश कुमार यादव उर्फ पिंटू ने इस पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी को ऑडियो भेजा है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना में हर साल करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। अधिकारी गरीब लाभार्थियों से भी पैसे ऐंठने में लगे हैं। शिकायत मिलने पर विभाग करेगा कार्रवाईउद्योग विभाग की महाप्रबंधक हेमलता कुमारी ने बताया कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा, अगर शिकायत मिलती है, तो जांच कमेटी गठित कर कार्रवाई की जाएगी।क्या है मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना?यह योजना बिहार सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण और अनुदान देने की एक पहल है। इसके तहत सफल आवेदकों को मशीनरी या व्यवसाय शुरू करने के लिए दो चरणों में राशि दी जाती है। लेकिन इस योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं।

### भोजपुर में जहरीले सांप ने मिस्त्री को काटा

**भोजपुर।** में शटरिंग मिस्त्री को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को 2 घंटे बाद सूचना मिली। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हथरा निवासी हरेंद्र कुमार(25) के तौर



पर हुई है। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव की है। मृतक के चाचा शत्रुघ्न चौधरी ने बताया कि चार साल से किराए के मकान में रह रहा था। शटरिंग का काम करता था। बुधवार को शौच के लिए बधार गया था। इस दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के मुताबिक बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन अस्पताल से शव लेकर चले गए।

# पोषक तत्वों से भरपूर भिंडी, गर्मी के लिए है बेस्ट



हरी और लंबी-लंबी सब्जी जिसे लेडीज फिंगर या भिंडी और कई जगह ओकरा भी कहते हैं न केवल स्वाद में बेहतरीन बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होती है। भिंडी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर के साथ विटामिन ए, सी के साथ पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज तत्व के साथ एंटीऑक्सिडेंट भी पाए जाते हैं। सुपाच्य और ठंडी तासीर की वजह से यह गर्मी के मौसम के लिए बेहतरीन सब्जियों की लिस्ट में शामिल है। गर्मियों में भिंडी बाजार में आसानी से मिल जाती है, इसलिए इस सीजन में लोग भिंडी का सेवन करते हैं। यह स्वादिष्ट होने के साथ ही सुपाच्य भी होती है। स्वाद से भरपूर भिंडी खाने से कई फायदे भी मिलते हैं।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन (2021) में इसकी महत्ता बताई गई है। स्टडी के अनुसार, ओकरा की उत्पत्ति इथियोपिया के पास हुई थी, जहां 12वीं शताब्दी के दौरान मिस्र में इसे उगाया जाता था और उसके बाद पूरे मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में इसकी खेती होने लगी। ओकरा को ज्यादातर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगाया जाता है और यह एक लोकप्रिय फसल है। यह व्यापक रूप से उगाई जाने वाली खाद्य फसल है और विश्व स्तर पर अपने स्वाद के लिए जानी जाती है। भिंडी की हरी फली की आमतौर पर सब्जी बनाई जाती है, जबकि फली का अर्क सूप के साथ-साथ सॉस के कई व्यंजनों में उनकी चिपचिपाहट बढ़ाने के लिए या फिर गाढ़ा करने वाले एजेंट के रूप में भी काम करता है। भिंडी के फल का एक और उल्लेखनीय प्रयोग अचार उद्योग में किया जाता है।

भिंडी के सेवन से पाचनतंत्र मजबूत होता है और यह कई समस्याओं को दूर करने के साथ सेहत भी दुरुस्त रहती है। इसमें विटामिन सी, मैग्नीशियम के साथ ही कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सोडियम, फास्फोरस, कैल्शियम, आयरन, जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर भिंडी की तासीर ठंडी होती है। भिंडी में प्रोटीन, विटामिन, मैग्नीशियम, फाइबर के साथ ही एंटीऑक्सिडेंट समेत अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। इसे आप किसी भी समय खा सकते हैं। भिंडी का पानी पीने से यह आपके पेट को ठंडा रखता है।

भिंडी में फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह पाचनतंत्र को मजबूत करने के साथ पेट से जुड़ी तमाम समस्याओं को भी दूर करती है। कब्ज, वात, कच्ची डकार में राहत मिलती है। पेट के साथ ही भिंडी हृदय के लिए भी फायदेमंद है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल की समस्या दूर होने के साथ ही हार्ट की सेहत दुरुस्त रहती है। यदि आपको मधुमेह की शिकायत है, तो भिंडी का सेवन जरूर करें। इसमें ग्लाइसेमिक नाम का तत्व पाया जाता है, जिसके सेवन से मधुमेह नियंत्रित होता है। भिंडी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाती है।



# योग भारत की अमूल्य धरोहर, आधुनिक जीवन का आधार

भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर योग आज विश्व स्तर पर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का पर्याय बन चुका है। संस्कृत शब्द युज से उत्पन्न योग का अर्थ है जोड़ना, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में इसे चित्त की वृत्तियों का निरोध कहा गया है, जिसका अर्थ होता है, मन को नियंत्रित कर शांति और आत्म-साक्षात्कार की अवस्था प्राप्त करना

योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो तनाव, बीमारियों और आधुनिक जीवन की चुनौतियों से निपटने में सहायक है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों द्वारा विकसित यह विद्या आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और कल्याण का प्रतीक बन चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि योग न केवल शारीरिक लचीलापन और ताकत बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। योग के विभिन्न रूप, जैसे हठ योग, राज योग, भक्ति योग, और कर्म योग, अलग-अलग जरूरतों को पूरा करते हैं।

हठ योग, शारीरिक मुद्राओं (आसन) और प्राणायाम (श्वास नियंत्रण) पर केंद्रित है, जो शरीर को लचीला, मजबूत और स्वस्थ बनाता है। हठ शब्द ह (सूर्य) और ठ (चंद्र) से मिलकर बना है, जो शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने का प्रतीक है। यह योग का वह रूप है, जो आधुनिक जीवनशैली में स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के लिए सबसे लोकप्रिय है। यह आसन, प्राणायाम, मुद्राओं का समन्वय है, जो शरीर और मन को शुद्ध करता है। सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, और ताड़ासन जैसे आसन शारीरिक लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत बढ़ाते हैं, जबकि अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम श्वसन तंत्र को मजबूत करते हैं।

राज योग ध्यान और मानसिक अनुशासन पर जोर देता है। राज अर्थात् श्रेष्ठ योग, मन को नियंत्रित कर आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। महर्षि पतंजलि के योगसूत्र में वर्णित अष्टांग योग राज योग का आधार है, जो यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के माध्यम से मन की चंचलता को शांत करता है।

राज योग का लक्ष्य चित्त की वृत्तियों को नियंत्रित करना है, जैसा कि पतंजलि ने कहा, योगश्चित्तवृत्तिनिरोध:। यह शारीरिक व्यायाम से अधिक मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास पर केंद्रित है। ध्यान, आत्म-निरीक्षण और एकाग्रता के माध्यम से यह व्यक्ति को तनाव, चिंता और नकारात्मक विचारों से मुक्ति दिलाता है। राज योग को आत्मा का विज्ञान भी कहा जाता है, जो व्यक्ति को अपनी आंतरिक शक्ति और उच्च चेतना से जोड़ता है।

विशेषज्ञ राज योग को आधुनिक जीवन की चुनौतियों का समाधान मानते हैं। स्वामी विवेकानंद ने राज योग को मन की शक्ति को जागृत करने की कला बताया है।

भक्ति योग प्रेम, समर्पण और श्रद्धा के माध्यम से परमात्मा से जुड़ने का मार्ग है। भगवद्गीता में भक्ति योग को ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में वर्णित किया गया है, जो मन को शुद्ध करता है और व्यक्ति को आंतरिक शांति व आनंद प्रदान करता है। यह योग भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुशासन पर केंद्रित है, जो प्रेम और भक्ति को जीवन का आधार बनाता है।

भक्ति योग का मूल तत्व है ईश्वर, गुरु या उच्च शक्ति के प्रति श्रद्धा और निस्वार्थ प्रेम। यह भजन, कीर्तन, प्रार्थना, पूजा और सेवा जैसे अभ्यासों के माध्यम से व्यक्त होता है। नारद भक्ति सूत्र में भक्ति को परम प्रेम कहा गया है, जो व्यक्ति को अहंकार और सांसारिक मोह से मुक्त करता है। भक्ति योग नौ प्रकार के भक्ति मार्गों श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के अनुसार, भक्ति योग प्रेम और समर्पण की वह शक्ति है, जो मन को शांत और हृदय को करुणा से भर देती है।

कर्म योग निस्वार्थ कर्म और कर्तव्य पर केंद्रित है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया कर्म योग का उपदेश, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन (तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, उसके फलों में कभी नहीं) इसके मूल सिद्धांत को रेखांकित करता है। कर्म योग व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना फल की इच्छा के करने की प्रेरणा देता है, जो मन को शुद्ध और जीवन को सार्थक बनाता है। कर्म योग का आधार है कार्य को पूजा मानकर करना। यह न तो कर्म से भागने की सलाह देता है और न ही फल की लालसा में डूबने की। यह व्यक्ति को अपने कार्यों को समाज, प्रकृति और ईश्वर की सेवा के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है। स्वामी विवेकानंद ने कर्म योग को निस्वार्थ कार्य के माध्यम से आत्मा की मुक्ति बताया है।



# नीम की पत्ती ही नहीं, फूल भी है औषधीय गुणों का खजाना

## हीटवेव हो या अपच, मिलती है चुटकियों में राहत

कड़वी लेकिन अनगिनत फायदों वाली नीम की पत्तियों को तो आपने खूब चबाया होगा, लेकिन क्या कभी उसका फूल खाया है? गर्मी के दिन में तपती दुपहरिया में घर से निकलना हो तो दादी-नानी छोटे-छोटे खूबसूरत और सौंधी खुशबू वाले फूल, उससे बना शर्बत हो या भूजिया जरूर खिलाती थीं। वजह उसके पोषक तत्व थे। ये न केवल हीटवेव से बचाने में सक्षम हैं बल्कि गर्मी के दिनों के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

टेलर एंड फ्रांसिस में प्रकाशित एक शोध पत्र (जून 2024) में नीम के फूलों की खासियत बताई गई है। अध्ययन नीम के फूलों के औषधीय गुणों की खोज करता है, अन्य पौधों के भागों की तुलना में उनके कम हानिकारक और अधिक लाभदायक होने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। क्लोरोफॉर्म, एथिल एसीटेट, इथेनॉल और मेथनॉल सहित उनकी पोलेरिटी के आधार पर सॉल्वेंट्स का उपयोग करके फाइटोकेमिकल्स निकाले गए। मधुमेह विरोधी और कैंसर विरोधी गुणों का पता लगाने के लिए इन चार अर्कों का विश्लेषण किया गया। इनमें इथेनॉलिक अर्क



मधुमेह और कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में सबसे प्रभावी पाया गया।

भारत के लगभग हर घर में बचपन से लोग बड़े बुजुर्गों को इसके गुणों का बखान करते सुनते आए हैं। नीम की पत्तियों और टहनी की तरह फूल को भी आयुर्वेद में बेहद कारगर औषधि का दर्जा प्राप्त है। नीम के छोटे-छोटे फूलों में बड़ी-बड़ी समस्याओं को दूर करने की ताकत है। गर्मी के दिनों में नीम का फूल इंसानों के लिए प्रकृति का तोहफा है। रोजाना इसके सेवन करने से खून साफ होता है, चेहरे पर ग्लो आता है और दाग-धब्बे, मुंहासों के साथ इंफेक्शन से भी मुक्ति मिलती है। इसमें मौजूद एंटी फंगल गुण, एंटीइंफ्लेमेटरी गुण और एंटी बैक्टीरियल गुण शरीर के लिए बहुत उपयोगी हैं। नीम के फूलों से बनी शरबत हो या भुजिया, सेहत के लिए दोनों ही फायदेमंद हैं। उत्तर भारत में नीम के फूल को सरसों के तेल और जीरे की छौंक के साथ भुजिया के तौर पर बनाया जाता है, तो वहीं दक्षिण भारत में कई तरह के व्यंजनों को बनाने में इसका इस्तेमाल किया जाता है। नीम के फूल का शरबत पेट को बेहतर और पाचन तंत्र को बेहतर करने, खून साफ करने के साथ मधुमेह के लिए भी बहुत उपयोगी है। इसमें मौजूद गुण पेट को साफ और पाचन तंत्र को हेल्दी रखते हैं। अपच, वात, कब्ज समेत अन्य समस्याओं में भी यह बहुत उपयोगी है।

इसके सेवन से पेट में मौजूद कीड़े भी खत्म हो जाते हैं। फूलों में मौजूद एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी सेप्टिक गुण पाए जाते हैं। स्किन से जुड़ी समस्याओं में भी फायदा मिलता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही भूख भी बढ़ाता है। गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के कारण सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसे में नीम के फूलों का शरबत पीना शरीर के लिए लाभदायी है।

# प्रियंगु : आयुर्वेद का चमत्कार, पेट से त्वचा तक हर रोग से लड़ने में मददगार



आयुर्वेद में अनेक वनस्पतियां अपने औषधीय गुणों के कारण जानी जाती हैं। इनमें प्रियंगु का नाम भी प्रमुखता से लिया जाता है, इसे हिन्दी में बिरमोली या धयिया कहा जाता है और यह पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है। प्रियंगु में मौजूद औषधीय गुणों के कारण इसे विशेष रूप से पेट और त्वचा संबंधी समस्याओं के इलाज में उपयोग किया जाता है।

प्रियंगु का उल्लेख आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों जैसे चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भावप्रकाश, धन्वंतरी निघण्टु आदि में देखने को मिलता है। इन ग्रंथों में प्रियंगु को विभिन्न कल्पों जैसे पेस्ट, काढ़ा, तेल, घी और आसव के रूप में प्रयोग किया गया है। वाग्भट्ट और सुश्रुत के ग्रंथों में भी इसे कई रोगों के उपचार में शामिल किया गया है। प्रियंगु पौधा भारत के अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर लगभग 1800 मीटर की ऊंचाई तक के पर्वतीय इलाकों में पाया जाता है। यह बहुउपयोगी वनस्पति न केवल परंपरागत चिकित्सा में स्थान रखती है बल्कि आधुनिक विज्ञान भी इसके औषधीय गुणों की पुष्टि कर रहा है।

वर्तमान में प्रियंगु की चर्चा तीन प्रमुख वनस्पतियों- कैलिकार्पा मैक्रोफिला वाहल, एग्लैया रॉक्सबर्गियाना मिक और प्रूनस महालेब लिन के रूप में की जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम कैलिकारपा मैक्रोफिला वाहल है। अंग्रेजी में इसे सुगंधित चेरी या ब्यूटी बेरी कहा जाता है। भारत की विभिन्न भाषाओं में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। संस्कृत में इसे वनिता, प्रियंगु, लता, शुभा, सुमङ्गा के नाम से जाना जाता है। हिन्दी में बिरमोली, धयिया के नाम से, बंगाली में मथारा के नाम से, मराठी में गहुला के नाम से, तमिल में नललु के नाम से, मलयालम में चिमपोपिल के नाम से, गुजराती में घंऊला के नाम से और नेपाली में इसे दयालो के नाम से जाना जाता है।

प्रियंगु का स्वाद तीखा, कड़वा और मधुर होता है। यह स्वभाव से शीतल, लघु और रूखा होता है और वात-पित्त दोषों को संतुलित करने वाला होता है। यह त्वचा की रंगत निखारने, घाव को भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार, रक्तदोष, रक्तातिसार, खुजली, मुंहासे, विष और प्यास जैसी समस्याओं में लाभकारी होता है। इसके बीज और जड़ आमाशय की क्रियाविधि को उत्तेजित करने में मदद करते हैं और मूत्र संबंधी विकारों में उपयोगी सिद्ध होते हैं।

दांतों की बीमारियों के इलाज में भी प्रियंगु का उपयोग अत्यंत लाभकारी है। प्रियंगु, त्रिफला और नागरमोथा को मिलाकर तैयार किए गए चूर्ण को दांतों पर रगड़ने से शीताद (मसूड़ों से जुड़ा रोग) में राहत मिलती है। खान-पान में असंतुलन के कारण होने वाले रक्तातिसार और पित्तातिसार में शल्लकी, तिनिश, सेमल, प्लक्ष छाल तथा प्रियंगु के चूर्ण को मधु और दूध के साथ सेवन करने से लाभ होता है। इसके अलावा प्रियंगु के फूल और फल का चूर्ण अजीर्ण, दस्त, पेट दर्द और पेचिश में भी कारगर होता है।

यूटीआई की दिक्कतों का सामना कर रहे लोगों को प्रियंगु के पत्तों को पानी में भिगोकर उसका अर्क पीने से लाभ मिलता है। कठिन प्रसव को भी प्रियंगु आसान बना देता है। प्रियंगु की जड़ का पेस्ट नाभि के नीचे लगाने से प्रसव में कॉम्पलिकेशन कम होती है। आमवात या गठिया में इसके पत्ते, छाल, फूल और फल का लेप दर्द से राहत दिलाता है। प्रियंगु कुष्ठ रोग और हर्पिज जैसे चर्म रोगों में भी लाभकारी है।

इसके अलावा, कान और नाक से रक्तस्राव होने की स्थिति में लाल कमल, नील कमल का केसर, पृश्निपर्णी और फूलप्रियंगु से तैयार किए गए जल का सेवन लाभकारी होता है। प्रियंगु, सौवीराञ्जन और नागरमोथा के चूर्ण को मधु के साथ मिलाकर बच्चों को देने से उल्टी, पिपासा और अतिसार में लाभ होता है। यह विषनाशक गुणों से युक्त होता है, इसलिए कीटदंश या विषाक्तता के प्रभाव को कम करने में भी प्रियंगु अत्यंत उपयोगी है।

आयुर्वेद के अनुसार प्रियंगु के पत्ते, फूल, फल और जड़ सबसे अधिक औषधीय गुणों से युक्त होते हैं। किसी भी रोग की स्थिति में इसका प्रयोग करने से पूर्व आयुर्वेदिक चिकित्सक की सलाह अवश्य लेनी चाहिए। सामान्यत: चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार इसका 1-2 ग्राम चूर्ण सेवन किया जा सकता है।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

**लखनऊ (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को आईपीएल लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के साथ ही शीर्ष दो टीमों में जगह बनाना चाहेगी। आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालीफाई कर दिया है। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी आरसीबी 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत हासिल कर वह पहले दो में पहुंचना चाहेगी। इस मैच को बारिश के कारण बेंगलुरु से लखनऊ स्थानांतरित किया गया है। इस सत्र में आरसीबी का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी लय में है जिससे वह जीत की प्रबल दावेदार है। उसका लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में खिताब जीतना है। उसके प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, विराट ने अब तक 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। वहीं कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो उसके पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा जैसे स्पिनर हैं। वहीं तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी यश दयाल पर रहेगी। इस मैच में जोस हेजलवुड कंधे की चोट के कारण नहीं खेलेंगे। वहीं दूसरी और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ सत्र का समापन करना रहेगा। इस सत्र में उसकी बल्लेबाजी असफल





रही है। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये जिससे टीम सत्र में अधिकतर मैच हार गयी। उसके पास पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज हैं पर ये दोनो भी इस सत्र में असफल रहे।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# पंजाब किंग्स की जीत के लिए प्रीति जिंटा ने खाटू श्याम के दरबार में प्रार्थना की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बॉलिवुड अभिनेत्री और आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सहामालिक प्रीति जिंटा ने टीम की जीत के लिए खाटू श्याम के दरबार में प्रार्थना की है। प्रीति ने मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। प्रीति विदेश में रहने के बाद भी अपनी जमीन से जुड़ी हैं। इसी कारण जयपुर में 18 मई को राजस्थान रॉयल्स के साथ हुए मैच को जीतने के बाद वह सीधे रींगस स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचीं थीं। इस दौरान प्रीति ने खाटू नरेश के दर्शन किए और हाथ जोड़कर भगवान का आशीर्वाद लिया। खाटू श्याम के दरबार में प्रीति जिंटा की ये पहली हाजिरी थ। उन्होंने मंदिर में हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर जीत के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद वह काफी शांत नजर आयीं। प्रीति का स्वागत पूर्व श्री श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष, प्रताप सिंह ने किया। प्रीति ने अपनी यात्रा के दौरान सभी धार्मिक अनुष्ठान पूरे किए। दर्शन के बाद, प्रीति को मंदिर समिति कार्यालय में श्याम दुपट्टा भेंट किया गया। उन्हें एक चांदी का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। प्रीति आईपीएल के दौरान बेहद सक्रिय रही हैं। वह स्टेडियम से अपनी टीम का हौसंला बढ़ती रही हैं। पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है और अब उसका लक्ष्य खिताब जीतना है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित, हरमनप्रीत को कप्तानी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे। टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए एंटवर्प जाएगी और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपना अभियान समाप्त करेगी। टीम में गोलकीपर के रूप में कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा शामिल हैं। सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, कप्तान हरमनप्रीत सिंह,जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच टीम की रक्षा पंक्ति में होंगे। मिडफील्ड में राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, उप कप्तान हार्दिक सिंह, युवा प्रतिभावान राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और शमशेर सिंह शामिल हैं। गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह भारतीय टीम के फॉरवर्ड है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम इस बार टीम में थोड़ा और अनुभव चाहते थे और मैं टीम चयन से वास्तव में बेहद खुश हूं। टीम अच्छी तरह से अभ्यास कर रही है और हम जितना संभव हो सके उतना प्रयास करने और प्रो लीग जीतने की कोशिश कर रहे हैं।'

# यूएई ने शारजाह में रचा इतिहास, बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार जीती टी20 सीरीज

**शारजाह(एजेंसी)।** हैदर अली (3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई ) ने शारजाह में तीसरे टी20 मुकाबले में 5 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज को ऐतिहासिक रूप से 2-1 से अपने नाम कर लिया। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी और बांग्लादेश के खिलाफ पहली सीरीज जीत है। इससे पहले यूएई ने साल 2021 में आयरलैंड को इसी अंतर से हराया था।

शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आए।

बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो. तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया।



यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गये। यूएई ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये। आसिफ खान ने 26 गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए (41) रनों की नाबाद पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम, तनजीम हसन साकिब और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सूर्यकुमार ने की बावूमा की बराबरी



मुम्बई । मुंबई इडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में एक अहम रिकार्ड की बराबरी की ।इस मैच में 25 रन बनाते ही सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में लगातार सबसे अधिक पारियों में 25 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं । सूर्या से पहले ये रिकार्ड दक्षिण दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान टेंबा बावूमा के नाम था ।बावूमा ने साल 2019-20 में 13 बार 25 से अधिक रन बनाये थे। वहीं अब सूर्यकुमार ने भी 13 बार 25 से अधिक रन बनाये हैं ।मुंबई इडियंस को अपना अंतिम लीग मैच 26 मई को पंजाब किंग्स से खेलना है ।अगर सूर्यकुमार इस मैच में भी 25 रन बना लेते हैं तो वह विश्व क्रिकेट में लगातार 14 टी20 पारियों में 25 रन से अधिक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

# सीएसके अगले सत्र में वापसी के प्रयास करेगी : कोच फ्लेमिंग



नई दिल्ली । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना है कि उनकी टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में बेहद खराब रहा है हालांकि उन्होंने कहा कि टीम अगले सत्र में वापसी करेगी ।सीएसके की टीम इस बार केवल दो मैच ही जीत पायी जिससे वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। कोच ने कहा कि जिस प्रकार का प्रदर्शन टीम का रहा है। उसमें आगे जाने की उम्मीद नहीं थी पांच बार की चैम्पियन सीएसके अपने अंतिम लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार गयी थी। फ्लेमिंग ने कहा, 'हम निचले स्तर पर रहना पसंद नहीं करते। हम अच्छा खेलना चाहते थे। हमारा लक्ष्य आखिरी दो मैचों में बेहतर प्रदर्शन था पर ऐसा हो नही पाया। हम इस बार सबसे नीचे रहने के ही काबिल थे क्योंकि हमने ऐसी ही क्रिकेट खेली है। जिस कारण अन्य कोई विकल्प नहीं था।। उन्होंने कहा कि शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के असफल होने से टीम का अभियान हर मैच में पटरी से उतर गया। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी टीम को अब लय में लाना होगा। साथ ही कहा कि हमारे पास अगले साल वापसी के लिए मजबूत रणनीति है इसलिए हम पहलुओं पर काम करेंगे। इस साल शीर्षक्रम से अच्छे रन नही मिलने के कारण हमारा अभियान विफल रहा। हमें अच्छी शुरूआत नही मिल सकी। हमने टुकड़ों में ही अच्छा खेल दिखाया जो जीत के लिए पर्याप्त नही था।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान, 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के आयुष म्हात्रे को गुरुवार को अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया गया है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच शामिल होंगे।

सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ आईपीएल के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर का यह युवा बल्लेबाज आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनकर पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों पर लगाया गया उनका शतक लीग का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। उन्होंने बिहार के लिए 5 प्रथम श्रेणी मैच और 6




लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। हालांकि सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में पहले यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ शतक बनाया था।

दूसरी और 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए गेम खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सीजन के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी, जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को म्हात्रे की जगह उप-कप्तान बनाया गया है।

एक और दिलचस्प चयन केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान का है जिन्होंने पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। एनान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ दो यूथ टेस्ट मैचों में 16 विकेट लिए और उस सीरीज में शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पंजाब के ऑफ स्पिनर अनमोलजीत सिंह, जो 9 विकेट के साथ उस सीरीज के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्हें भी टीम में जगह मिली।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

# आचार संहिता उल्लंघन के लिए कैपिटल्स के गेंदबाज मुकेश पर जुर्माना



मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर आचारसहिता उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। मुकेश मुंबई इडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच में आचारसहित उल्लंघन के दोषी पाये गये हैं। इससे दिल्ली कैपिटल्स को इस मुकाबले में हार और प्लेऑफ से बाहर होने के बाद दूसरा झटका लगा है। ऐसे में मुकेश पर आचार सहिता उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना और एक नकारात्मक अंक की सजा मिली है। मुकेश कुमार आचारसहित के तहत लेवल 1 के दोषी पाये गये हैं। आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, मुकेश ने नियम 2.2 के तहत लेवल 1 का अपराध (मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों, कपड़ों, ग्राउंड इक्विपमेंट या फिटिंग का दुरुपयोग) स्वीकार कर लिया है। उन्होंने मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया, हसलिए आगे सुनवाई की जरुरत नहीं है। कैपिटल्स के खिलाफ मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। इसके बाद कैपिटल्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए ढह गयी और उसे 59 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा।

# राठौर को इंग्लैंड दौरे में यशस्वी और ध्रुव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## -रोहित और विराट की कमी खलेगी



नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। राठौर के अनुसार ये दोनो युवा हैं और पिछले कुछ समय में इन दोनो का ही प्रदर्शन लगाता बेहतर हुआ है। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम को रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना उतरना होगा क्योंकि इन दोनो ने हाल ही में संन्यास ले लिया था। ऐसे में युवाओं के ऊपर ही इनकी कमी भरने की जिम्मेदारी रहेगी। राठौर का मानना है कि ये सीरीज टीम के लिए मुश्किल रहेगी क्योंकि हाल ही में संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली की की कमी पूरी करना आसान नहीं होगा। यशस्वी और जुरेल भारत ए टीम में भी शामिल हैं। ऐसे में ये दोनो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो चार दिवसीय मैच से लय हासिल कर सकते हैं। इनमें से पहला मैच 30 मई को कैंटरबरी में खेला जाएगा और उसके बाद भारत ए 13 जून को बेकेनहैम में मुख्य टेस्ट टीम के खिलाफ इंट्रा-स्काड मैच खेलेगा, उसके बाद 20 जून को हेडिंग्ले में टेस्ट सीरीज शुरू होगी। यह पहली बार होगा जब यशस्वी और जुरेल इंग्लैंड में अंतरराट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। राठौर ने कहा, यशस्वी और ध्रुव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत के बाद से ही अच्छी पारियां खेली हैं। ये दोनो ही तकनीकी रुप से अच्छे हैं जिसका लाभ इन्हें मिलेगा हालांकि ये एक मुश्किल दौरा रहेगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं और एक युवा टीम जा रही है। नया कप्तान भी हो सकता है। इसलिए, ये सभी चीजें थोड़ा दबाव बढ़ाएंगी पर इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा और आपकी क्षमता को दिखाने का अवसर भी मिलेगा। इन दोनों में बहुत प्रतिभा है और मुझे पूरा भरोसा है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस दौर से एक नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत होने वाली है, इसमें उसे पास रोहित, विराट के अलावा आर अश्विन भी नहीं होंगे। इसको लेकर राठौर ने कहा कि इनकी कमी खलेगी पर संन्यास सभी का व्यक्तिगत फैसला होता है जिसमें किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है।

# एमआई के ऑलराउंडर को छठा आईपीएल खिताब जीतने का भरोसा, प्लेऑफ में पहुंचकर दिया ये बयान

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर नमन धीर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अहम जीत के बाद इंडियन प्रीमियर लीग 2025 जीतने की अपनी टीम की संभावनाओं पर भरोसा जताया। धीर ने कहा, 'हां, टीम बहुत खुश है।' मुंबई के छठे आईपीएल खिताब जीतने का भरोसा रखने वाले धीर ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर मुंबई इंडियंस खेल रही है, तो आपको हमसे प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई की उम्मीद करनी चाहिए। इसलिए हम अगले चार मैचों का इंतजार कर रहे हैं, जीतने के लिए और इस टूर्नामेंट विजय करने के लिए।'

धीर ने मुंबई इंडियंस की 59 रनों की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए डेथ ओवरों में सिर्फ 8 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे जिससे मुंबई ने अपने 20 ओवरों में 180/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स के खिलाफ सिर्फ एक लीग मैच बचा है और मुंबई अब प्लेऑफ की दौड़ में है। शीर्ष दो में जगह बनाने से उन्हें बहुत फायदा होगा, जिससे वे क्वालीफायर 1 में खेल सकेंगे। उस मैच में जीत उन्हें सीधे फाइनल में ले जाएगी।

दिल्ली के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में नियंत्रण खो दिया। मुकेश कुमार ने 19वें ओवर में 27 रन दिए और दुष्मंथा चमीरा ने अंतिम ओवर में 21 रन दिए जिससे मुंबई ने 181 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 43 गेंदों पर नाबाद 73 रनों की पारी खेलकर इसे आसान बना दिया, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल थे।

मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के तीन विकेटों की बदौलत मेहमान दिल्ली कैपिटल्स 121 रनों पर ढेर हो गई और मेजबान टीम ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में 59 रनों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी और अंतिम टीम बन गई। नॉकआउट के लिए अन्य तीन टीमें गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स हैं।



# शुरुआती चार मुकाबले जीतकर भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी कैपिटल्स

मुम्बई । दिल्ली कैपिटल्स की टीम एक बार फिर आईपीएल प्लेऑफ में नही पहुंच पायी है। वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ 59 रन की हार के साथ ही 18 वें सत्र से बाहर हो गयी। इसी के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स पहली ऐसी टीम बन गई है जो शुरुआत के 4 मुकाबले जीतने के बाद भी प्लेऑफ में नही पहुंच पाई है। कैपिटल्स ने इस सत्र की धमाकेदार शुरुआत की थी और अपने सभी मुकाबले जीते थे पर इसके बाद उसका अभियान पटरी से उतर गया। वहीं मुंबई इंडियंस शुरुआती झटकों के बाद वापसी करने में सफल रही। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दिल्ली को यह मैच हर हाल में जीतना था। इस मैच में मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के नाबाद 73 और नमन धीर के सिर्फ 8 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी की सहायता से 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटल्स की बल्लेबाजी बिखर गयी और पूरी टीम 19वें ओवर में 121 रनों पर ही सिमट गयी।

## सलमान के घर घुसा अंजान शख्स... पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 20 मई की शाम अंजान शख्स के घुसने की कोशिश की है। पुलिस ने उस संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना 20 मई की शाम 7 बजकर 15 मिनट की है। यह शख्स अवैध रूप से सलमान के घर में घुसा। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली, उन्होंने उस शख्स को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति का नाम जितेंद्र कुमार सिंह है, वहां छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। अब पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है कि वह सलमान के घर क्यों गया? उसकी मंशा क्या थी? या फिर क्या वह कोई फैन है या इसके पीछे कोई और वजह है। सलमान के फैंस और लोग घटना से परेशान हैं, क्योंकि सलमान का घर पहले भी सुरक्षा के लिहाज से चर्चा में रहा है। 2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की ओर से वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली है।

## महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों की संख्या 100 के पार, मुंबई में 95 मरीज दर्ज

मुंबई (एजेंसी)। एक बार फिर कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन ने स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ा दिया है। क्योंकि देशभर में अब तक 257 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों की संख्या 100 का आंकड़ा पार कर चुकी है। परिणामस्वरूप देश भर में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। मुंबई में एक 4 महीने के बच्चे का कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया है। के.जे. सोमैया अस्पताल में बच्चे का इलाज चल रहा है। सेवन हिल्स अस्पताल में सोलह मरीजों का इलाज चल रहा है। स्वास्थ विभाग के अनुसार कोल्हापुर जिले में भी तीन लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। इनमें से एक मरीज को छुट्टी दे दी गई है जबकि दो लोगों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर पुणे जिले में 40 वर्षीय महिला भी कोरोना से संक्रमित हुई है। इस बार कोविड का नया वैरिएंट जेएन 1 सामने आया है। एशियाई देशों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट किया है कि अभी तक इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि यह वायरस पुराने ओमिक्रॉन वेरिएंट से अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है। इसलिए, फिलहाल यह हम पर निर्भर है कि हम उचित सावधानी बरतें और स्वास्थ्य अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें।

## देहरादून पुलिस ने अवैध रुप से रह रहे 10 बांग्लादेशी को हिरासत में लिया

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून में पिछले चार दिन में पुलिस ने 10 बांग्लादेशी को हिरासत में लिया है। बीते मंगलवार को पटेल नगर क्षेत्र से पकड़े गए पांच बांग्लादेशियों को पुलिस ने उन्हें डिपोर्ट करा दिया है। वहीं अन्य क्षेत्रों में भी सत्यापन अभियान जारी है। इनके यहां पहुंचने और बस्तियों में रहने की भी जांच की जा रही है। इस बीच आशंका जताई जा रही है कि दून में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। इसके अलावा इन्हें दून तक पहुंचाने और स्थानीय दस्तावेज बनाने वालों का गिरोह भी सक्रिय होने का अंदेशा है। दून पुलिस की ओर से सभी थाना क्षेत्रों में सघन जांच जारी है। बीते मंगलवार को देहरादून पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया था। जिन्हें बुधवार को वापस उनके देश भेज दिया। देहरादून पुलिस व एसटीएफ पटेल नगर क्षेत्र से चार महिला व एक पुरुष को हिरासत में लिया है। पूछताछ और जांच में पांचों व्यक्तियों के बांग्लादेशी नागरिक होने के साक्ष्य प्राप्त होने पर पांचों बांग्लादेशी नागरिकों को केंद्र सरकार के निर्देशों के चलते डिपोर्ट किया गया है। इससे पहले बीते 18 मई को क्लेमेनटाउन क्षेत्र में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम कर रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। आरोपितों में एक महिला व चार पुरुष हैं, जो घुसपैठ करके भारत आए थे। एक बांग्लादेशी नागरिक ने तो अपना फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया था और वर्षों से भारत में रहकर कई ठेकेदारों के साथ काम कर रहा था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि कई बांग्लादेशी नागरिकों ने भारत के कई राज्यों में शादी कर ली है और यहीं निवास करने लगे हैं।

## सात माह में 25 शादियां करने वाली लुटेरी दुल्हन को राजस्थान पुलिस ने कैसे पकड़ा भोपाल से

महाराजगंज (एजेंसी)। यूपी के महराजगंज जिले के एक गांव में ठगी का अलग तरह का मामला आया है। गांव की एक युवती पति के साथ मिलकर गिरोह बनाकर शादी के एप के माध्यम से लोगों से ठगी कर रही थी। युवती लोगों को झांसे में लेकर सात माह में 25 शादियां कर चुकी है। लुटेरी दुल्हन को राजस्थान की पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। हालांकि, महराजगंज पुलिस को इसकी जानकारी अभी नहीं है, लेकिन यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव निवासी शख्स की शादी नौतनवा क्षेत्र की एक युवती से वर्ष 2018 में हुई। पहले ही पहचान होने के कारण दोनों ने प्रेम विवाह किया था। युवती ने घर से भागकर शादी की और कुछ दिन बाद दोनों गांव में आकर रहने लगे। एक साल बाद ससुराल वालों ने युवती के आचरण से परेशान होकर बेटे से युवती को अलग कर दिया। इसके बाद दंपति घर के पास ही खाली पड़े एक मकान में रहने लगा। लोगों के अनुसार 2021 में दोनों बिना किसी को बताए अपनी छह साल की बेटी को छोड़कर और बेटे को साथ लेकर कहीं चले गए। बताया जा रहा है कि घर छोड़ने के बाद दोनों ने भोपाल को अपना ठिकाना बनाया। वहां युवती ने एक गिरोह बनाया। इसमें छह लोग बताए जा रहे हैं। ये लोग शादियों के लिए ऑनलाइन एप चलाते थे और अविवाहित लड़कों को अपने जाल में फंसाकर शादी करते थे। दो-चार दिन बीतने के बाद ये लोग उनके घर के जेवरात-नकदी आदि लेकर फरार हो जाते थे। बताया जा रहा है कि युवती ने सात महीने में 25 शादियां की थीं। इसके बाद राजस्थान पुलिस के शिकंजे में आई। बीती 3 मई को राजस्थान के मान टाउन में रहने वाले विष्णु शर्मा ने थाने में शिकायत की कि खंडवा निवासी उसके जानने वाले ने मनपसंद लड़की से शादी करवाने का झांसा दिया।

# यूनुस को सीएम सरमा का जबाव, मौलानाओं ने ऐसा नक्शा बनवाया, हमारे पंडित बनवा सकते

### बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने नक्शा शेयर कर असम के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश में दिखाया




**गुवाहाटी (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा नजर बनी रहती है। लेकिन प्रयास चाहे घुसपैठ का हो या विवाद खड़ा करने का, बांग्लादेश को हमेशा मुँह की खानी पड़ती है। इसी कड़ी में बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने एक नक्शा डिजाइन कर शेयर किया है, इसमें असम के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश में दिखाया गया है। इस मुद्दे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मोहम्मद यूनुस आड़े हाथ लेकर बांग्लादेश को उसकी औकात दिखा दी है।

सरमा ने बांग्लादेश के कुछ व्यक्तियों द्वारा प्रकाशित उस कथित मानचित्र को खारिज किया है जिसमें पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्से पड़ोसी देश (बांग्लादेश) के भूभाग हैं। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश एक ''छोटा'' देश है और ''इतना ध्यान'' दिए जाने का वह हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ताकत के लिहाज से भारत की बराबरी नहीं कर सकता। सरमा ने कहा, ''लोग ऐसा नक्शा बना सकते हैं और प्रकाशित कर सकते हैं। हम भी बांग्लादेश को असम का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा बना सकते हैं। यहां तक कि भारत और अमेरिका को भी एक नक्शे पर एक साथ रखा जा सकता है। सिर्फ नक्शा बनाने से यह असलियत नहीं बन जाएगा।''

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि अगर बांग्लादेश के मौलानाओं ने असम को अपने क्षेत्र का हिस्सा बताकर ऐसा नक्शा बनाया है, तब भारत के 'पुरोहित, पंडित' भी भारत में उनके चटगांव बंदरगाह को शामिल करते हुए नक्शा बना सकते हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार ऐसा (ऐसा नक्शा प्रकाशित करना) नहीं कर सकती, लेकिन लोग ऐसा कर सकते हैं। सरमा ने दावा किया कि यदि बांग्लादेश पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में 'चिकन नेक' गलियारे पर हमला करता है, तब भारत उसके दो संकरे भूभाग पर जवाबी हमला करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''उनके (बांग्लादेश के) पास दो 'चिकन नेक' हैं, भारत के पास एक है। उन्होंने कहा कि मेघालय से चटगांव बंदरगाह के पास उनका 'चिकन नेक हमारे से बहुत छोटा है और एक अंगूठी फेंककर भी बंद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम वहाँ पहुँचने से बस एक कॉल की दूरी पर हैं। सरमा ने हालांकि बांग्लादेश के दूसरे संकरे भूभाग के बारे में कुछ जिक्र नहीं किया, जिसे उन्होंने पड़ोसी देश का 'चिकन नेक' बताया। इसके अलावा, भारत के वैश्विक कद के बारे में सरमा ने कहा, भारत की शक्ति पहले ही प्रदर्शित हो चुकी है। भारत के लिए कोई वास्तविक ख़तरा पैदा करने के लिए बांग्लादेश को कई बार पुनर्जन्म लेना होगा।

## जब तक नहीं होता 6 आतंकवादियों का खात्मा, तब तक ऑपरेशन सिंदूर पूरा नहीं माना जाएगा : संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार आतंकियों का सफाया नहीं होता है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मोदी सरकार को भी कठघरे में खड़ा कर कई सवाल पूछे। राउत ने पहलगाम में आतंकियों ने हमारी माताओं और बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या हुई। हमारे मन में एक सवाल बना हुआ है कि जिन आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया, वे कहां गए। केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ क्या किया?

राउत ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार ने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ दिन दोनों देशों के बीच तनाव भी रहा। लेकिन, फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एंट्री से सीजफायर की घोषणा हुई। अब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार सांसदों को विदेश यात्रा पर भेज रही है। अच्छी बात है, भेजा जाना चाहिए। लेकिन, एक माह पहलगाम आतंकी हमले को चुके हैं। एक सवाल का जवाब केंद्र को देना चाहिए कि वे आतंकवादी कहां गए, जिन्होंने पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक 6 आतंकवादियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता।

## कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने फिर पूछा, राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर चुप क्यों हैं पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए विवाद को व्यापार के द्वारा सुलझाने के दावे पर कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार भी दावे को खारिज नहीं किया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बीते 11 दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 8 बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत को समझाया और युद्ध विराम करवाया... लेकिन उनके दोस्त पीएम मोदी चुप हैं। हमारे विदेश मंत्री चुप हैं। ट्रंप पीएम मोदी और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ दोनों की तारीफ करते हैं। इसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान एक ही नाव में सवार हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक ही स्तर पर हैं। यह हमें अस्वीकार्य होना चाहिए। पीएम चुप क्यों हैं?... जब ट्रंप ने कहा कि उनके हस्तक्षेप के कारण ऑपरेशन सिंदूर समाप्त हो गया, तब पूरा देश हैरान रह गया। पीएम मोदी को इन सवालों का जवाब देना चाहिए। वह इन मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि वह दावा करते हैं कि उन्होंने भारत से ऑपरेशन सिंदूर खत्म करवाने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी इस दावे को खारिज नहीं किया है। इस चुप्पी का क्या मतलब है?

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि एक ओर हम प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं, लेकिन मुझे सूत्रों ने बताया कि पहलगाम हमले के आतंकवादी बीते 18 महीनों में हुए तीन अन्य आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार हैं... वे जम्मू-कश्मीर में घूम रहे हैं और हमारे सभी सांसद दुनिया भर में घूम रहे हैं। प्राथमिकता आतंकवादियों को पकड़ना होनी चाहिए, न कि सांसदों को दूसरे देशों में भेजना... इन सवालों का जवाब कौन देगा?

# ये क्या हो रहा है: पहले शशि थरूर अब कांग्रेस के आनंद शर्मा कर रहे पीएम मोदी की सराहना






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों को अंध भक्त कहने वाले कांग्रेसी नेता भी उनके भक्त होने लगे हैं। आलम ये है कि कई कांग्रेसी नेता पीएम मोदी की तारीफ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएम का गुणगान कर रहे थे अब पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा भी उनके नाम की माला जपते नजर आ रहे हैं। बता दें शशि थरूर के बाद अब आनंद शर्मा ने भी ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कार्रवाई पर सरकार के प्रति नरम रुख अपनाया है, जबकि कांग्रेस पार्टी इस मामले को लेकर केंद्र पर हमलावर बनी हुई है। बुधवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सर्वदलीय सांसदों को विदेश भेजने के फैसले को केंद्र सरकार द्वारा सवालों से बचने और ध्यान भटकाने का तरीका बताया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शशि थरूर लगातार मोदी सरकार के पक्ष में बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी द्वारा इशारों में समझाने के बाद भी थरूर ने अपनी बात को सार्वजनिक रूप से रखना जारी रखा। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भी मोदी सरकार के फैसले की तारीफ की है। शर्मा ने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की पोल खोलने और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत की राय रखने के लिए सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने के फैसले को महत्वपूर्ण पहल बताया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने इसे एक भटकाने वाली योजना के रूप में रेखांकित किया था। एक अंग्रेजी अखबार से बात करते हुए शर्मा ने कहा, हमारा क्षेत्र दशकों से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। ऐसे में इसे लेकर वैश्विक जनमत को संवेदनशील बनाना महत्वपूर्ण है। पाकिस्तानी सेना और आईएसआई द्वारा पोषित आतंकवादी संगठनों ने भारत का बहुत खून बहाया है। हमने इस आतंकवाद की एक बड़ी कीमत चुकाई है। लेकिन इसके बाद भी हमने अपनी प्रतिक्रियाओं में संयम बरता.. आतंकवाद को लेकर बहुत कम देश ऐसे होते हैं, जो संयमित हो सकते हैं। लेकिन भारत ने ऐसा किया। पहलगाम के बाद हमने जवाबी कार्रवाई की लेकिन यह एक मापी हुई कार्रवाई थी, जिसे हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए गए चार नामों में से केवल आनंद शर्मा को ही केंद्र सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। आने वाले दिनों में शर्मा अपनी टीम के साथ मिस्र, कतर और इथियोपिया की यात्रा करेंगे। जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 1950 के बाद हर अक्टूबर-नवंबर में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र का दौरा करता था लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में इस परंपरा को खत्म कर दिया। अब जबकि वैश्विक स्तर पर वह हताश हैं और उनकी छवि को धक्का लग चुका है तब वह दोबारा से सर्वदलीय सांसदों को विदेशों में भेजने का फैसला ले रहे हैं।

# हिंदू भी बनवा सकता है मस्जिद: सरकार

### वक्फ संशोधन कानून मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र का तर्क




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन कानून 2025 की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कानून पर अंतरिम रोक लगाने का जोरदार विरोध किया है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि वक्फ कानून में 'प्रैक्टिसिंग मुस्लिम' होने की अनिवार्यता पूरी तरह वैध और शरिया के अनुरूप है।

अदालत के समक्ष तुषार मेहता ने दलील दी कि अगर कोई मुस्लिम पर्सनल लॉ का लाभ लेना चाहता है, तो उसे मुस्लिम होने का घोषणापत्र देना होता है। इसी प्रकार, वक्फ करने वाले को भी पांच साल से प्रैक्टिसिंग मुस्लिम होना चाहिए - यह कोई नया प्रावधान नहीं है, बल्कि शरिया सिद्धांतों के अनुरूप है।

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने यह भी स्पष्ट किया कि वक्फ तो मुसलमान ही करेगा, लेकिन यदि कोई हिंदू वक्फ संपत्ति या मस्जिद के निर्माण के लिए दान देना चाहता है तो वह ऐसा कर सकता है। इसके लिए ट्रस्ट के माध्यम से प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। कानून में इस पर कोई रोक नहीं है।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि 2013 के संशोधन में 'मुसलमान' शब्द हटाकर 'कोई भी व्यक्ति' कर दिया गया था, जिसे अब नए संशोधन में पुनः स्पष्ट किया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने शिड्यूल एरिया में वक्फ संपत्ति की अनुमति न देने के प्रावधान को संविधान-सम्मत बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष वैध कारणों से संरक्षित किया गया है, इसलिए वहां वक्फ न करने की शर्त उचित और आवश्यक है। यह ऐसा प्रावधान नहीं है कि इसके आधार पर पूरे कानून पर रोक लगा दी जाए।

सुप्रीम कोर्ट की प्रधान पीठ - मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह - वक्फ संशोधन कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की दलीलों के बाद अब केंद्र ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। अगली सुनवाई में याचिकाकर्ता केंद्र के जवाब पर प्रतिउत्तर देंगे।

# 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में दीक्षा धामी की दमदार वापसी

एजेंसी



**मुंबई :** शेमारू उमंग के शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' के दर्शक अभी भी चैना की चौंकाने वाली मौत से उबर नहीं पाए हैं। लेकिन क्या यह वाकई चैना की कहानी का अंत है? या कहानी में अब एक नया मोड़ आने वाला है? ऐसे में जब दर्शकों को लगा कि उन्होंने चैना को हमेशा के लिए खो दिया है, तो शो में आने वाले एक रोमांचक नए ट्विस्ट ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया। चैना के मासूम और सौम्य किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली दीक्षा धामी अब बिलकुल एक नए अवतार में अपनी धमाकेदार वापसी कर रही हैं। अब वह रसीली के रूप में दिखेंगी जो एक मजबूत इरादे वाला, बहादुर और अनोखा किरदार है। वह हवेली में ऐसा बदलाव लाएंगी जो पहले कभी नहीं देखा गया। अभिनेत्री दीक्षा धामी कहती हैं, मेरा नया अवतार रसीली, मेरे किरदार चैना से बहुत अलग है। वह बेबाक, निडर है जबकि चैना शांत और विनम्र है। रसीली अपने मन की बात बेझिझक कह देती है और हर हालात अपने काबू में रखती है। यहां तक कि उसका लुक भी बहुत दिलचस्प है और उसका किरदार यूपी की पृष्ठभूमि के इर्द-गिर्द घूमता है। एक अभिनेत्री के रूप में यह मेरे लिए एक अनोखा बदलाव है। देहरादून में पली-बढ़ी दीक्षा को रसीली की भूमिका के लिए यूपी भाषा के लहजे में महारत हासिल करने के लिए कई जरूरी प्रयास करने पड़े।

# पाकिस्तान को धुआं-धुआं करने में 3 हजार अग्निवीरों ने दिखाई थी अपनी ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की तीनों सेनाओं की ताकत और उनकी वीरता जग जाहिर है। अब इसमें अग्निवीरों का भी नाम जुड़ गया है। करीब 3 हजार अग्निवीरों ने पाकिस्तान को धुआं-धुआं करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जब भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाए तो भारतीय सेना के लगभग 3000 से अधिक अग्निवीरों ने भी अपनी बहादुरी दिखाई। इन्हें बीते दो वर्षों में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किया गया था। इन जांबाजों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा प्रणाली को संभालने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

बता दें कि यह ऑपरेशन 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के जवाब में भी चलाया गया था, जिसमें कई भारतीय सैन्य ठिकानों, एयरबेस और शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। सेना के सूत्रों के अनुसार, अग्निवीरों ने इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने प्रशिक्षण का पूरा उपयोग किया और अपने साहस व निष्ठा से सेना के नियमित जवानों के बराबर प्रदर्शन किया। सेना के वायु रक्षा यूनिट्स से मिले फीडबैक के अनुसार, अग्निवीरों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम कर भारत की रक्षा में अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों को विफल करने वाली कई एयर डिफेंस सिस्टम में से प्रत्येक में 150-200 अग्निवीर थे।

अग्निवीरों ने स्थानीय रूप से विकसित आकाशतीर वायु रक्षा नियंत्रण प्रणाली को संचालित करने में भी बड़ी भूमिका निभाई। यह प्रणाली दुश्मन के हमलों की त्वरित पहचान और जवाबी कार्रवाई में अहम साबित हुई। आकाशतीर को पिछले वर्ष ही सेना में शामिल किया गया था और यह भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली का मुख्य हिस्सा बन गया है।पश्चिमी मोर्चे पर तैनात एडी यूनिट्स में अग्निवीरों को चार प्रमुख क्षेत्रों में विशेषज्ञता दी गई थी गनर्स, फायर कंट्रोल ऑपरेटर्स, रेडियो ऑपरेटर्स और हैवी ड्यूटी व्हीकल ड्राइवर्स। उन्होंने एल-70, जेडयू-23-2बी, ओसा-एके, पिचोरा, टुंगुस्का जैसी बंदूकें और मिसाइल प्रणालियों को संभाला और अनेक राडार सिस्टम्स व संचार नेटवर्क का संचालन किया।

### मुश्किलों में काम आए अग्निवीर

भारत-पाकिस्तान की इस लड़ाई ने अग्निपथ योजना की प्रासंगिकता को एक बार फिर साबित किया। इस योजना को 2022 में लागू किया गया था। इसके तहत सैनिकों को केवल 4 वर्षों के लिए भर्ती किया जाता है। उनमें से सिर्फ 25 प्रतिशत को ही आगे 15 साल के लिए नियमित सेवा में शामिल किया जाता है। हालांकि योजना को लेकर राजनीतिक बहस और विरोध भी हुआ, लेकिन इस सैन्य संघर्ष ने यह साबित किया है कि अग्निवीर भी युद्ध जैसी परिस्थिति में उतने ही सक्षम और प्रभावशाली हैं जितने कि पारंपरिक सैनिक।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**